खबरें छुपाता नहीं, छापता है
ईद उल अज़हा की दिली मुबारकबाद
# शाह टाइम्स
नई दिल्ली, शनिवार 7 जून 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 66 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 10 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

ईद-उल-अज़्हा के मौके पर सभी देशवासियों को



दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

**अवकाश सूचना**

ईद-उल-अज़्हा के मौके पर 7 जून को दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 9 जून 2025 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# घर व कार ऋण होगा सस्ता@रेपो दर में कटौती

मुंबई, वार्ता

**भारतीय रिजर्व** बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आगे महंगाई में नरमी आने को ध्यान में रखते हुए विकास को गति देने के उद्देश्य से नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर में लगातार तीसरी बार 0.50 प्रतिशत की कटौती करने का शुक्रवार को निर्णय लिया। जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और अन्य तरह के लोन सस्ते होंगे।

आरबीआई फरवरी 2025 से लेकर अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की रेपो दर में कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध तरीके से एक फीसदी की कमी की जा रही है, जिससे तंत्र में 2.50 लाख करोड़ रुपये की तरलता बढ़ेगी। इस

-शेष पृष्ठ दो पर



- दरों में लगातार तीसरी बार कटौती का ऐलान
- जून पॉलिसी में 50 BPS की कटौती की घोषणा
- रेपो रेट 6 से घटकर 5.5 फीसदी पर आया

## सीआरआर में एक प्रतिशत की कटौती

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आगे महंगाई में नरमी आने को ध्यान में रखते हुए विकास को गति देने के उद्देश्य से नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर में लगातार तीसरी बार 0.50 प्रतिशत की कटौती करने का शुक्रवार को निर्णय लिया। जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और अन्य तरह के लोन सस्ते होंगे।

आरबीआई फरवरी 2025 से लेकर अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की रेपो दर में कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध तरीके से एक फीसदी की कमी की जा रही है, जिससे तंत्र में 2.50 लाख करोड़ रुपये की तरलता बढ़ेगी।

**बैंकिंग प्रणाली में आएंगे 2.5 लाख करोड़**

# नीट-पीजी परीक्षा तीन अगस्त को एक ही पाली में

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने 'नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन' (एनबीई) को मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025, तीन अगस्त को एक ही पाली में आयोजित करने की शुक्रवार को अनुमति दी।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने एनबीई की याचिका पर यह आदेश पारित किया। अदालत ने इस संस्था की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की उसकी अर्जी स्वीकार कर ली। इससे पहले 30 मई को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने अदिति और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनबीई को 15 जून को पूर्व निर्धारित दो की बजाय एक ही पाली में परीक्षा आयोजित कराने का निर्देश दिया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने संस्था की दलीलें सुनने के बाद अर्जी स्वीकारी**



## ब्रिक्स देश 'जीरो टॉलरेंस' की आतंकी नीति पर सहमत, भारत को सौंपी अध्यक्षता

**नई दिल्ली/ ब्राजीलिया।** ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध 'ज़ीरो टॉलरेंस'की नीति पर सहमति जताई है। ब्राजील की राजधानी ब्राज़ीलिया में आयोजित 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम के वार्षिक सम्मेलन में भारत सहित 10 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। ब्रिक्स संसदीय फोरम का 12वां सम्मेलन भारत में होगा इसलिए सम्मेलन के अंतिम दिन श्री बिरला को अध्यक्षता सौंपी गई है।

## जी-7 की बैठक में भाग लेने कनाडा जाएंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने कनाडा के कनानास्किस में होने वाली जी - 7 के शिखर सम्मेलन बैठक में भाग लेंगे। श्री मोदी ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे कार्ने ने फोन किया और उन्हें जी-7 की बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मार्क जे. कार्ने का फोन आने से प्रसन्न हूं। मैंने उन्हें हाल के चुनावों में मिली विजय के लिए बधाई दी।

# पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा: हमने पाक पर कयामत बरसा दी

श्रीनगर, वार्ता

**पीएम मोदी ने** शुक्रवार को पहलगाम हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया।

इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और कश्मीर के टूरिज्म का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है, जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी। चिनाब आर्च ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बना है। इसे 2003 में मंजूरी मिली थी। शुरुआती प्लान के मुताबिक इसे 2009 तक तैयार हो जाना था, लेकिन इसे पूरा होने में 22 साल लग गए। यह सवा किमी से ज्यादा लंबा है और नदी से ऊंचाई 359 मीटर है। यह पेरिस के एफिल टावर (330 मीटर) से 29 मीटर ऊंचा है। लागत 1486 करोड़ रुपये हैं। पीएम मोदी ने अंजी खड्ड पर बना भारत का पहला केबल स्टे रेल ब्रिज का भी उद्घाटन किया। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है, जो रियासी जिले के कटरा को बनिहाल से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है। पीएम मोदी सबसे आखिर में कटरा पहुंचे। यहां के रेलवे स्टेशन पर उन्होंने कश्मीर को जोड़ने वाली कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंदी दिखाई। नार्दर्न रेलवे 7 जून से कटरा-श्रीनगर रूट पर वंदे भारत ट्रेन सर्विस शुरू कर देगी। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर टिकट बुकिंग की जा सकेगी। हफ्ते में 6 दिन दो ट्रेनें कटरा और श्रीनगर के बीच चलेंगी। नॉर्दर्न रेलवे ने बताया कि ट्रेन में दो ट्रैवल क्लास हैं। चेयरकार का किराया 715 रुपये और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1320 रुपये है। अभी ट्रेनें सिर्फ बनिहाल में रुकेंगी, अन्य स्टॉपेज पर फैसला बाद में होगा। आजादी के 77 साल बाद भी कश्मीर बर्फबारी के सीजन में देश के दूसरे हिस्सों से कट जाता है।



- पीएम ने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का किया उद्घाटन
- अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी भी दिखाई

# मोदी ही जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य बनाएंगे: उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, वार्ता

**कहा: जो अंग्रेज नहीं कर पाए, प्रधानमंत्री ने कर दिखाया, कश्मीर बाकी देश से जुड़ा**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शुक्रवार को कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे विश्वास है कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों फिर से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा।

रेल प्रोजेक्ट के बारे में उन्होंने कहा कि मोदी साहब इस रेल के ख्वाब बहुत लोगों ने देखे। कश्मीर को बाकी मुल्क के साथ जोड़ने का ख्वाब अंग्रेजों ने भी देखा था, लेकिन वो पूरा नहीं कर पाए। आज जो काम अंग्रेज पूरा नहीं कर पाए, आपके हाथों पूरा हुआ। कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से जुड़ गया। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर में कई रेलवे परियोजनाओं में प्रधानमंत्री के साथ जुड़ने का सौभाग्य मिला है। सबसे पहले, जब अनंतनाग रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था। दूसरा, जब बनिहाल रेलवे सुरंग का उद्घाटन किया गया था। 2014 में जब कटरा रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था, तब भी यही चार लोग (पीएम मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह) यहां मौजूद थे। आप पहली बार पीएम बने थे और यहां आए थे। उस समय हमारे गवर्नर साहब रेल राज्य मंत्री हुआ करते थे। माता की कृपा से उनका प्रमोशन हुआ और मेरा डिमोशन हुआ। मैं राज्य का मुख्यमंत्री था, अब केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। लेकिन मैं मानता हूं कि ज्यादा समय नहीं लगेगा। आप (पीएम मोदी) ही के हाथों से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान उमर अब्दुल्ला ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि अगर मैं वाजपेयी साहब को इस मौके पर शुक्रिया नहीं करूं, तो यह बड़ी भूल होगी। इस प्रोजेक्ट की बुनियाद 1983-84 में उन्हीं ने रखी थी। उमर ने बताया कि मैंने पिछले दिनों मीडिया को हंसते हुए कहा था कि जब ये प्रोजेक्ट शुरू हुआ मैं 8वीं क्लास का बच्चा था। आज मेरी उम्र 55 हो चुकी है, मेरे बच्चे भी कॉलेज पास कर चुके हैं। अब जाकर ये प्रोजेक्ट पूरा हुआ। यह तब हुआ जब वाजपेयी साहब ने प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा दिया। बजट में इसका प्रावधान दिया।



## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड कनाडा में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब के जालंधर जिले के नकोदर निवासी जीशान अख्तर उर्फ जस्सी पुरेवाल, जो बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है, को कनाडा के सरे शहर में गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह गिरफ्तारी भारतीय जांच एजेंसियों की सूचना के आधार पर हुई है या कनाडाई पुलिस ने स्वतंत्र रूप से यह कार्रवाई की है, लेकिन इतना तय है कि जीशान इस समय कनाडा पुलिस की हिरासत में है और इस गिरफ्तारी को केस में बड़ी सफलता माना जा रहा है। जीशान पर बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रचने और घटना के पीछे मुख्य भूमिका निभाने का आरोप है। भारतीय एजेंसियां लंबे समय से उसकी तलाश में थीं।




# समलैंगिक जोड़े फैमिली बना सकते हैं: हाईकोर्ट

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने दो महिलाओं को परिवार की तरह साथ रहने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि शादी परिवार बनाने का एकमात्र तरीका नहीं है, समलैंगिक जोड़े फैमिली बना सकते हैं। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस वी. लक्ष्मीनारायणन की बेंच एक महिला की रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। महिला का कहना था कि उसकी पार्टनर को परिवार वालों ने जबरन घर में कैद कर दिया है और उससे मिलने नहीं दिया जा रहा।

कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि महिला को जबरन उसके घर ले जाया गया और पीटा गया। उसने हमें बताया कि उसके परिवार के सदस्यों ने कुछ खास रस्में करने के लिए मजबूर किया ताकि वह सामान्य हो जाए। 17 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने से मना कर दिया था। 5 जजों की संविधान पीठ ने कहा था कि कोर्ट स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव नहीं कर सकता। कोर्ट सिर्फ कानून की व्याख्या कर उसे लागू करा सकता है। पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रावधानों में बदलाव की जरूरत है या नहीं, यह तय करना संसद का काम है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ इस साल 13 पुनर्विचार याचिकाएं दाखिल की गई थीं। कोर्ट ने इन याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

**कहा: शादी परिवार बनाने का एकमात्र तरीका नहीं, महिला को पार्टनर के साथ रहने की परमिशन**



## मासूम के साथ हैवानियत करने वाला दरिंदा ढेर

**लखनऊ।** उप्र की राजधानी लखनऊ के आलमबाग क्षेत्र में ढाई साल की मासूम के साथ बलात्कार के आरोपी दीपक को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर एक संक्षिप्त मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस उपायुक्त मध्य आशीष श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि ऐशबाग क्षेत्र के निवासी दीपक वर्मा ने चार और पांच जून की रात एक मासूम के साथ दरिंदगी की थी जब वह अपने माता-पिता के साथ आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे सो रही थी कि आरोपी सफेद रंग की स्कूटी से आया और चुपचाप मासूम को उठाकर ले गया। उसने मेट्रो स्टेशन के पास ही दुष्कर्म किया और बालिका को लहूलुहान हालत में छोड़ कर भाग निकला था।

# जेटली को बताकर जेनेवा गया था: माल्या

**नई दिल्ली।** भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने दावा किया कि देश छोड़ने से पहले वो तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिले और उनसे कहा कि वो एक बैठक के लिए जेनेवा जा रहे हैं और वापस आएंगे। लेकिन उनका पासपोर्ट निरस्त कर दिया गया, जिसके कारण वो वापस नहीं आ पाए।

माल्या ने खुद को चोर कहे जाने पर कहा कि मुझे भगोड़ा कह रहे हैं, लेकिन मैं भागा नहीं। मैं तय कार्यक्रम के तहत विदेश गया और वापस नहीं आया, क्योंकि मेरे पास सही वजहें थीं। लेकिन मुझे चोर क्यों कहा जा रहा है? चोरी कहां हुई, वहीं, उन्होंने किंगफिशर एयरलाइंस की नाकामी पर पहली बार सार्वजनिक माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मैं किंगफिशर एयरलाइंस की विफलता के लिए सभी से माफी मांगता हूं। माल्या ने यह बयान बिजनेसमैन राज शमानी के साथ पॉडकास्ट में दिए हैं, जो कि शुक्रवार को रिलीज किया गया है। ये पॉडकास्ट 4 घंटे लंबा है। कारोबारी और पूर्व सांसद विजय माल्या किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बीच 2016 में भारत से यूके भाग गए थे। 5 जनवरी 2019 में विजय माल्या को भगोड़ा घोषित किया गया। माल्या बोले मैं देश छोड़ने से पहले तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिला था। मैंने जेटली से कहा कि मैं जेनेवा में, एफआईए वर्ल्ड काउंसिल मीटिंग के लिए जा रहा हूं, मैं वापस आऊंगा



**कहा: पासपोर्ट रद्द हुआ, तो लौट नहीं पाया, भगोड़ा नहीं हूं, निष्पक्ष जांच हो तो वापसी को तैयार**






## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल का सपना पूरा: एम वेंकैया

**नई दिल्ली।** पूर्व उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में श्री माता वैष्णो देवी कटरा और श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत रेलगाड़ी शुरू करने से कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल संपर्क सपना पूरा हो गया है। नायडू ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एक स्वागत योग्य घटनाक्रम में, पीएम नरेन्द्र मोदी ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा और श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत रेलगाड़ी शुरू की हैं, जो कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से हर मौसम में सतही संपर्क सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से और लाखों देशवासियों के लिए यह कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल संपर्क के बचपन के सपने के पूरा होने का प्रतीक है।

### ट्रेन संपर्क स्वागत योग्य : मीरवाइज

**श्रीनगर।** हुर्रियत के अध्यक्ष एवं कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के शुभारंभ का स्वागत किया, लेकिन यह केवल ट्रेन संपर्क है जबकि मानव संपर्क इससे अधिक महत्वपूर्ण है। राजधानी श्रीनगर स्थित ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में आज आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मीरवाइज ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री वाकई दिलों की दूरी को कम करना चाहते हैं, जिसका जिक्र वे अक्सर अपने भाषणों में करते हैं, तो ऐसे मानवीय कदम ही असली रास्ता हैं। ट्रेन संपर्क का स्वागत है, लेकिन मानवीय संपर्क ही वास्तव में मायने रखते हैं और टिकते हैं। मीरवाइज ने सद्भावना के तौर पर ईद-उल-अजहा पर कैदियों को रिहा करने का आह्वान किया और कहा कि जम्मू कश्मीर में हजारों परिवारों के लिए ईद का त्योहार खुशी से ज्यादा दर्द लेकर आता है

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस और सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग अभियानों के दौरान एक उग्रवादी संगठन के अध्यक्ष समेत आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि यूपीपीके (यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक) के तीन कार्यकर्ताओं (जिनमें संगठन का अध्यक्ष भी शामिल है) को इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल-पीएस के अंतर्गत घारी माखा लेइकाई इलाके से पकड़ा गया। यूपीपीके के अध्यक्ष की पहचान कोंथौजम होमेश्वर के रूप में हुई है। इस दौरान दो 45 एमएम पिस्तौल, एक एम-20 पिस्तौल, बंदूक के लाइसेंस बरामद किये गए।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में 12 लाख केस पेंडिंग

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमो का अंबार लगा है। अगर सभी 87 जज बगैर छुट्टी लिए भी सुनवाई करें, तो सभी मुक. दमों को निपटाने में 38 साल लग जाएंगे। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है जजों के खाली पड़े पद हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में 160 जजों के स्वीकृत पदों के विपरीत केवल 87 जज ही काम कर रहे हैं। अब भी 73 पद खाली पड़े हैं, जिसका परिणाम है कि अभी तक 12 लाख मुकदमे पेंडिंग पड़े हैं। ऐसे में न्याय की आस लिए आने वाले आम आदमी की उम्मीदें कोर्ट की चौखट पर दम तोड़ रही हैं। मई में कुल 37,932 केस दायर हुए थे।

# अमेठी बनेगा यूपी का पहला डिजिटल अभिलेखागार जिला

■ सभी रिकॉर्ड रहेंगे सुरक्षित: जिलाधिकारी

अमेठी, वार्ता

**उत्तर** प्रदेश का अमेठी जल्द ही राज्य का पहला डिजिटल रिकॉर्ड अभिलेख वाला जिला बन जाएगा जहां जिले के सभी पुराने राजस्व अभिलेखों को स्कैन कर डिजिटल स्वरूप में संरक्षित किया जा रहा है।

अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि यूपी में राजस्व अभिलेख राजस्व अभिलेखागार में ही मिलते है। जब राजस्व अभिलेख पुराने हो जाते है, तो कागज धीरे धीरे मृत प्राय: हो जाते है। ऐसे में अभिलेख मिल पाना काफी मुश्किल हो जाता है। इन तमाम समस्याओं से निजात दिलाने के लिए जिला अधिकारी अमेठी संजय चौहान ने एक यूनिक तरीका अपनाया है। इसके लिए राजस्व अभिलेखों को डिजिटल कर उन्हे संरक्षित करने की दिशा में काम अमेठी में चल रहा है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अब सभी अभिलेखों को स्कैन कर एक विशेष सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जाएगा। इससे न केवल रिकॉर्ड सुरक्षित रहेंगे, बल्कि जरूरत पड़ने पर इन्हें आसानी से खोजा जा सकेगा। डीएम ने एक ऐसे सॉफ्टवेयर की मदद लेने को कहा है जिससे कि संबंधित अभिलेख परिवर्तनों के अनुसार अपडेट भी होते रहे। यूपी का अमेठी डेढ़ दशक पूर्व 72वे जिले के रूप में अस्तित्व में आया था। जिले के पास अभी तक अपना अभिलेखागार भी नहीं बन पाया है जिसके चलते प्राचीन अभिलेखों के लिए जनपद वासियों को पड़ोसी जनपद सुलतानपुर जाना पड़ता है।

# अमेरिका मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एक स्वतंत्र एवं संप्रभु देश की स्थापना ही फिलिस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान: अरशद मदनी

**नई दिल्ली।** इज़राइल और हमास के बीच तत्काल, व्यापक और स्थायी युद्ध विराम, मानवीय सहायता की तुरंत पहुंचे और गाज़ा में मूल अधिकारों की बहाली के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 में से 14 सदस्यों द्वारा गाज़ा में युद्ध-विराम और मानवी सहायता से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव के समर्थन में वोट देने के बावजूद अमेरिका के वीटो पावर प्रयोग करने के कारण सुरक्षा परिषद यह प्रस्ताव पारित करने में विफल रहा।

गाज़ा में फिलिस्तीनियों पर इज़राइल के क्रूर शासकों की लगातार बमबारी और अत्याचार के खिलाफ स्थायी युद्ध विराम के प्रस्ताव पर अमेरिका के वीटो पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अध्यक्ष जमीअत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि 14 देशों ने यह अति उत्तम प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, परन्तु अमरीका ने इसका साथ नहीं दिया। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि गाज़ा की तबाही व बरबादी में अमेरिका का हाथ है और फिलिस्तीन में अरबों के नरसंहार में वह नंबर एक भागीदार है, अथवा वह यह चाहता है कि गाज़ा को मानव मुक्त करके यहां यहूदियों को बसाया जाए, लेकिन अल्लाह ने चाहा, तो ऐसा कदापि नहीं होगा। जमीअत उलमा-ए-हिंद का शुरू ही से यह मानना है कि एक स्वतंत्र और संप्रभु देश की स्थापना ही फिलिस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान है। इन अकल्पनीय और खतरनाक परिस्थितियों में अमरीका और उसके राष्ट्रपति के क्रूर इज़राइल का अनुचित समर्थन अत्यंत शर्मनाक एवं निंदनीय है। मौलाना मदनी ने गाज़ा के लड़ाकों के साहस और बहादुरी को सलाम पेश करते हुए कहा कि अमेरिका, इज़राइल और वह सभी देश जो हमास का पूर्ण उन्मूलन चाहते हैं आज भी बुरी तरह विफल हैं। इस परिदृश्य को बाकी रखने के लिए नि:संदेह गाज़ा के लगभग एक लाख शहीदों ने अपना खून दिया है। जमीअत उलमा-ए-हिंद फिलिस्तीन के स्वतंत्रता सेनानीयों को अपनी हार्दिक संवेदना का आश्वासन दिलाती है और उनकी आज़ादी की मांग का पूरा समर्थन करती है। दुआ है कि अल्लाह तआला फिलिस्तीनियों के साहस और उनकी हिम्मत को बुलंद रखते हुए उनकी मदद फरमाए, ज़ालिम ताक़तों और उनके समर्थकों को नष्ट और बर्बाद करे, आमीन।

# देश में असली जनगणना नहीं कराएगी सरकार: राहुल



**राजगीर ( नालंदा )।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद राहुल गांधी ने दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा एवं अल्पसंख्यकों को सावधान करते हुए आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र की राजग सरकार देश में असली जाति जनगणना नहीं कराएगी। श्री गांधी ने शुक्रवार को यहां 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश में असली जाति जनगणना नहीं कराएगी क्योंकि जिस दिन उन्होंने ऐसा किया उसी दिन उनकी राजनीति समाप्त हो जाएगी। उन्होंने जाति जनगणना के दो मॉडलों को उल्लेख करते हुए कहा कि एक मॉडल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का और दूसरा मॉडल तेलंगाना का है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के जाति जनगणना मॉडल के तहत अधिकारी बंद कमरे में बैठकर सवाल तैयार कर रहे हैं लेकिन सवाल तैयार करने वालों में दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज का एक भी व्यक्ति शामिल नहीं है। वहीं, तेलंगाना में जाति जनगणना कराने के लिए जिन लोगों ने सवाल बनाए उनमें दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक संगठन, उनके नेता, पत्रकार और बुद्धिजीवियों को शामिल किया गया था।

## योगी ने सूरजकुंड कॉलोनी में बने कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया

# आमजन की सुविधाओं को सरकार प्रयासरत

गोरखपुर, वार्ता



■ अच्छी व्यवस्था को सभी को करनी होगी पहल

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा किसी भी सभ्य समाज के लिए उसकी जरूरत के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं और संसाधन जुटाना लोकप्रिय सरकार का दायित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुविधाओं और संसाधनों की व्यवस्था होना समस्या समाधान का भी मंच बनता है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि आज के समय में समाज के अलग-अलग तबके के लिए उनकी आय के अनुरूप बेहतरीन सुविधाएं और व्यवस्थाएं देकर उनका जीवन आसान बना सकें।

योगी शुक्रवार को सूरजकुंड कॉलोनी में बने शहर के दूसरे कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। यह कल्याण मंडपम नगर निगम की तरफ से 4-52 करोड़ रुपये की लागत से 35500 वर्गफीट क्षेत्र में बनाया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर नगर निगम प्रदेश का पहला नगर निगम है जिसने निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के मांग. लिक कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कल्याण मंडपम बनाने की पहल की। 11 से 25 हजार रुपये में यदि मांगलिक कार्य के लिए कल्याण मंडपम जैसा स्थल मिल जाए तो समारोह काफी आसानी, अच्छे और सस्ते में हो सकता है। इसके अलावा नगर निगम की तरफ से पांच और कल्याण मंडपम निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने विधायक निधि का पूरा पैसा कल्याण मंडपम के लिए दे दिया है। गोरखपुर नगर निगम जैसी संस्थाएं अन्य निकायों के लिए मानक बन सकती हैं। योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने स्मार्ट सिटी का जो विजन दिया है, उसे सेफ सिटी में भी बदलना है। हमें ऐसा शहर बनाना है जहां बेटी, व्यापारी, बच्चे, संभ्रांत समेत समाज का हर व्यक्ति खुद को सुरक्षित महसूस कर सके, ताकि सुरक्षा में सेंध लगाने की हिम्मत करने वाले जान लें कि उन्हें इसकी क्या कीमत चुकानी पड़ेगी। सीएम ने नागरिकों को स्वच्छता और और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी अच्छी व्यवस्था के लिए पहल करनी पड़ती है और यह सामूहिक जिम्मेदारी होती है। इस अवसर पर सीएम ने पार्षदों से अपील की कि वे अपने वार्डों में मोहल्ला समितियां गठित कराएं। सफाई की निगरानी इस समिति के जिम्मे हो और साथ ही समितियों को पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण से भी जोघ जाए। जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक बारिश, असमय बारिश और सूखा पड़ने के संकट की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे संकट पूरे क्षेत्र को चपेट में लेते हैं। मानव जनित समस्या के समाधान का मार्ग भी मानव को ही बनाना होगा। सीएम योगी ने कहा कि क्लाइमेट चेंज की भयावह स्थितियों से बचने के लिए प्रकृति की शरण में जाना होगा। उन्होंने पर्यावरण की समस्या के समाधान के पीएम मोदी के आह्वान के अनुरूप एक पेड़ मां के नाम लगाने, नदियों के कैचमेंट एरिया में दोनों तरफ पौधरोपण करने का अनुरोध किया। आज गोड़धोइया को पुनर्जीवित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के दोनों तरफ पौधे लगाकर हम प्रकृति और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर सकते हैं। इस वर्ष 35 करोड़ पौधरोपण के लिए 50 करोड़ नर्सरी तैयार है। सीएम ने घोषणा की कि 75 बेडेड वर्किंग वूमेन हॉस्टल अहिल्याबाई के नाम पर होगा।

### यूपी में 3235 नए लंबे व छोटे पुलों का होगा निर्माण, गांव तक बढ़ेगी कन्टेविटी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार ने यूपी की सड़कों और पुलों को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों, कस्बों और गांवों में यातायात को बेहतर बनाने के लिए 3,235 नए लंबे और छोटे पुलों के निर्माण और मरम्मत की योजना बनाई है, जिसके लिए लगभग 28,346 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग ने इस योजना को साल 2025-26 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा है कि प्रदेश के किसी भी हिस्से में लोगों को आने-जाने में दिक्कत न हो। खासकर गांवों में जहां सड़कें और पुल टूटी हुई हालत में हैं, वहां फौरन काम शुरू किया जाए। लोक निर्माण विभाग ने बताया कि 60 मीटर से ज्यादा लंबाई वाले पुलों का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड करेगा। वहीं, 6 मीटर से 60 मीटर तक की लंबाई वाले छोटे पुलों का जिम्मा लोक निर्माण विभाग ने अपने हाथों में लिया है। इस योजना में नाबार्ड, राज्य योजना (ग्रामीण) और राज्य योजना (शहरी) जैसी तीन प्रमुख योजनाएं शामिल की गई हैं। इनके जरिए न केवल नए पुल बनाए जाएंगे, बल्कि पुराने और कमजोर पुलों की मरम्मत और चौड़ीकरण का भी काम होगा। उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में पुराने पुल बरसात में बह जाते हैं या टूट जाते हैं। इस वजह से लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। अब सरकार ने ऐसे पुलों को स्थायी रूप से मजबूत बनाने का फैसला लिया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों की दिक्कतों को देखते हुए उन इलाकों में भी नए पुल बनाए जाएंगे, ताकि गांवों और शहरों का संपर्क हर मौसम में बना रहे। खास बात यह है कि जिन इलाकों में लोग अस्थायी पुल बना लेते हैं, वहां अब पक्के और मजबूत पुल बनाए जाएंगे। इससे किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को फायदा होगा।

# कोरोना मामलों की संख्या 5 हजार के पार

नई दिल्ली, वार्ता

■ पिछले चौबीस घंटे में चार और मरीजों की मौत मृतक संख्या 55 हुई

**देशभर** में कोराना संक्रमण के 464 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ कुल सक्रिय मामलों की संख्या शुक्रवार सुबह बढ़कर 5364 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 55 पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 5364 पहुंच गई। अभी तक 4724 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 55 लोगों की मौत हुयी है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1266 मामले सामने आये हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश के नौ राज्यों में कोरोना सक्रिय मामलों सबसे अधिक है। जिनमें से केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस अवधि के दौरान चार और मरीजों की जान चली गई। पिछले 24 घंटे में कोरोना के संक्रमण केरल में दो और कर्नाटक और पंजाब में एक-एक मरीज की मौत हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकोल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं। लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने और मास्क का इस्तेमाल करने को कहा गया है। स्थानीय प्रशासन को सभी तरह की स्वास्थ्य सेवा की तैयारी करने के निर्देश दिए गए। देश में कुल सक्रिय मामलों में सबसे अधिक 1679 केरल के हैं और दिल्ली में 592 दर्ज किये गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 615, पश्चिम बंगाल में 596, महाराष्ट्र में 548, कर्नाटक में 451, तमिलनाडु में 221, उत्तर प्रदेश में 205, राजस्थान में 107, हरियाणा में 78, आंध्र प्रदेश में 62, पुडुचेरी और सिक्किम में 12-12, मध्य प्रदेश में 36, झारखंड में आठ, छत्तीसगढ में 24, बिहार में 37, ओडिशा में 23, जम्मू-कश्मीर में सात, पंजाब में 21, असम में 10, गोवा में आठ, सिक्किम में 12, तेलंगाना में पांच, उत्तराखंड में तीन, चंड़ीगढ़ में दो और हिमाचल प्रदेश एक सक्रिय मामले हैं। मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश में कोरोना संक्रमण को कोई मामला सामने नहीं आया है।

## अर्थ व्यापार

# रेपो दर में कटौती से बाजार ने भरी उड़ान

मुंबई, वार्ता



**भारतीय** रिजर्व बैंक के रेपो दर में अप्रत्याशित आधे प्रतिशत की कटौती करने से दर के प्रति संवे. दनशील रियल्टी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और ऑटो समेत 19 समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 746.95 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ आठ कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,188.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25003.05 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.91 प्रतिशत मजबूत होकर 46,096.51 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत चढ़कर 53,440.26 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4156 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2278 में लिवाली जबकि 1744 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2993 कंपनियों के शेयरों में से 1673 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिये गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार से रेपो दर में 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। इससे बीएसई के 19 समूहों में जमकर लिवाली हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स आठ प्रतिशत फिसलकर 81,434.24 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,140.11 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 82,299.89 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### विदेशी मुद्रा भंडार 691.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट आने से 30 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.2 अरब डॉलर लुढ़ककर 691.5 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़े के अनुसार, 30 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.95 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 584.2 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 72.3 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 84.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसो के भाव रहे स्थिर

नई दिल्ली, वार्ता



■ चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस पर पड़े रहे

विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा पांच रिंगिट बढ़कर 3909 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-50 सेंट की तेजी के साथ 47-15 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।

इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500 -7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज: गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

खाद्य तेल : सरसों तेल 16484 रुपये, मूंगफली तेल 17912 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 14138 रुपये, पाम ऑयल 14286 रुपये और वनस्पति तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**घर व कार..** कटौती के बाद सीआरआर चार प्रतिशत से कम होकर तीन प्रतिशत रह जाएगी। मल्होत्रा ने कहा कि फरवरी 2025 से लगातार नीतिगत रेपो दर में 100 आधार अंकों की कटौती करने के बाद, मौद्रिक नीति समिति ने भी महसूस किया कि वर्तमान परिस्थितियों में, मौद्रिक नीति के पास अब विकास को समर्थन देने के लिए बहुत सीमित गुंजाइश बची है, इसलिए, समिति ने भी रुख को उदार से बदलकर तटस्थ करने का फैसला किया। अब से, समिति आने वाले आंकड़ों और उभरते परिदृश्य का सावधानीपूर्वक आकलन करेगी, ताकि सही विकास, मुद्रास्फीति संतुलन बनाने के लिए मौद्रिक नीति के भविष्य की दिशा तय की जा सके। उन्होंने कहा कि अप्रैल में एमपीसी की बैठक के बाद से वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बारे में अनिश्चितता कुछ हद तक कम हुई है, क्योंकि अस्थायी टैरिफ राहत और व्यापार वार्ता के बारे में आशावाद है। हालांकि, यह भावनाओं को कमजोर करने और वैश्विक विकास की संभावनाओं को कम करने के लिए ऊंचा बना हुआ है। तदनुसार, बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा वैश्विक विकास और व्यापार अनुमानों को नीचे की ओर संशोधित किया गया है। हाल की अवधि में बाजार में उतार-चढ़ाव कम हुआ है, इक्विटी बाजारों में सुधार हुआ है, डॉलर इंडेक्स और कच्चे तेल में नरमी आई है, हालांकि सोने की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। गवर्नर ने कहा कि आर्थिक गतिविधि 2025-26 में गति बनाए रखना जारी रखती है, जिसे निजी खपत और निश्चित पूंजी निर्माण में वृद्धि का समर्थन प्राप्त है। निरंतर ग्रामीण आर्थिक गतिविधि ग्रामीण मांग के लिए अच्छा संकेत है, जबकि सेवा क्षेत्र में निरंतर विस्तार से शहरी मांग में पुनरुद्धार का समर्थन मिलने की उम्मीद है। उच्च क्षमता उपयोग, वित्तीय और गैर-वित्तीय कॉरपोरेट्स की बैलेंस शीट में सुधार और सरकार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने के मद्देनजर निवेश गति. विधि में सुधार की उम्मीद है। व्यापार नीति अनिश्चितता माल निर्यात की संभावनाओं पर भारी पड़ रही है, जबकि ब्रिटेन के साथ एफटीए का समापन और अन्य देशों के साथ प्रगति व्यापार गति. विधि का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति पक्ष पर, सामान्य से बेहतर दक्षिण-पश्चिम मानसून के पूर्वानुमान और लचीली संबद्ध गतिविधियों के कारण कृषि की संभावनाएं उज्ज्वल बनी हुई हैं।

सेवा क्षेत्र से अपनी गति बनाए रखने की उम्मीद है। हालांकि, लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार तथा मौसम संबंधी अनिश्चितताओं से उत्पन्न होने वाले प्रभाव विकास के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा करते हैं। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें पहली तिमाही 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 6-6 प्रतिशत और चौथी तिमाही 6-3 प्रतिशत होगी। श्री मल्होत्रा ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित प्रमुख मुद्रास्फीति ने मार्च और अप्रैल में अपनी गिरावट जारी रखी, जिसमें हेडलाइन सीपीआई मुद्रास्फीति अप्रैल 2025 में लगभग छह साल के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) पर आ गई। इसका मुख्य कारण खाद्य मुद्रास्फीति थी, जिसमें लगातार छठी मासिक गिरावट दर्ज की गई। ईंधन समूह ने अपस्फीति की स्थिति में उलटफेर देखा और मार्च और अप्रैल के दौरान सकारात्मक मुद्रास्फीति प्रिंट दर्ज किए, जो आंशिक रूप से एलपीजी की कीमतों में वृद्धि को दर्शाता है। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद मार्च-अप्रैल के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति काफी हद तक स्थिर और नियंत्रित रही। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण प्रमुख घटकों में नरमी की ओर इशारा करता है। रबी फसल के मौसम में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन और प्रमुख दालों के अधिक उत्पादन से प्रमुख खाद्य वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। सामान्य से अधिक मानसून की संभावना और इसकी जल्दी शुरुआत खरीफ फसल की संभावनाओं के लिए शुभ संकेत है। इसे देखते हुए, मुद्रास्फीति की उम्मीदें नरमी का रुख दिखा रही हैं, खासकर ग्रामीण परिवारों के लिए। अधिकांश अनुमान कच्चे तेल सहित प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में निरंतर नरमी की ओर इशारा करते हैं। इन अनुकूल पूर्वानुमानों के बावजूद, हमें मौसम संबंधी अनिश्चितताओं और वैश्विक कमोडिटी कीमतों पर उनके प्रभाव के साथ अभी भी विकसित हो रहे टैरिफ संबंधी चिंताओं पर सतर्क रहने की जरूरत है। सामान्य मानसून को मानते हुए और विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अब 3.7 प्रतिशत अनुमानित है, जिसमें पहली तिमाही 2.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 3.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 3.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही 4.4 प्रतिशत रहने की संभावना है।

# रेपो दर में कटौती से आर्थिक गति को मिलेगा बल: फिक्की

**नई दिल्ली। उद्योग** जगत ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में 0-50 प्रतिशत की अप्रत्याशित कटौती के फैसले को साहसिक कदम बताया और कहा कि इससे आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने आरबीआई के निर्णय का स्वागत किया और इसे साहसिक और सक्रिय कदम करार देते हुए कहा कि यह बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि आरबीआई आर्थिक वृद्धि को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापार अनिश्चितताओं, वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों और वित्तीय बाजार में अस्थिरता जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि यह समय पर लिया गया कदम घरेलू मांग को मजबूत करेगा, ऋण उठाव को प्रोत्साहित करेगा और समग्र आर्थिक गति. विधियों को गति प्रदान करेगा। उन्होंने आरबीआई के 6.5 प्रतिशत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर के अनुमान और सौम्य मुद्रास्फीति दृष्टिकोण को भी भारतीय अर्थव्यवस्था की लचीलापन का प्रमाण बताया। फिक्की अध्यक्ष ने यह भी कहा कि आरबीआई ने मुद्रास्फीति पर नियंत्रण और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन साधने में सफल रही है, जो मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह नीति निर्णय वित्तीय प्रणाली में सहजता बढ़ाएगा और सभी क्षेत्रों विशेषकर एमएसएमई को राहत देगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




# भगदड़ मामले में बढ़ेगी आरसीबी की मुश्किल

● विजय यात्रा के लिए फैंस को दिया न्योता, न्योते में फ्री पास का भी जिक्र

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस.ीबी) की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फ्रेंचाइजी का एक सोशल मीडिया पोस्ट उनके लिए मुसीबत बन सकता है, जिसमें आरसीबी ने प्रशंसकों को विजय यात्रा के लिए न्योता दिया था और फ्री पास का भी जिक्र किया था। आरसीबी के खिलाफ पहले ही कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। इसमें डीएनए (इवेंट मैनेजमेंट कंपनी) और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की प्रशासनिक समिति और अन्य के खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराई गई है। बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की आईपीएल 2025 की खिताबी जीत का जश्न उस वक्त मातम में बदल गया जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर पहुंचे प्रशंसकों के बीच भगदड़ मच गई। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। अब सोशल मीडिया पर आरसीबी का वह पोस्ट चर्चा का विषय बन गया है जिसमें फ्रेंचाइजी की तरफ से प्रशंसकों को विजय यात्रा में शामिल होने के लिए न्योता दिया गया था। चार जून यानी बुधवार को आरसीबी ने 'एक्स' पर विक्ट्री परेड या विजय यात्रा के आयोजन का एलान किया था। इस पोस्ट में लिखा है कि आरसीबी विजय परेड, आज शाम 5 बजे। विजय परेड के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में जश्न मनाया जाएगा। हम सभी प्रशंसकों से अनुरोध करते हैं कि वे पुलिस और अन्य अधिका.




## संक्षिप्त खेल समाचार

### नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग में लेंगे भाग

**नई दिल्ली, वार्ता।** मौजूदा भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा 20 जून को स्टेड सेबेस्टियन-चार्लीटी में होने वाली पेरिस डायमंड लीग 2025 में भाग लेंगे। नीरज आठ साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी करेंगे। वर्ष 2017 में वह इस स्पर्धा में 84-67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। जर्मनी के जोहान्स वेटर ने 88-74 मीटर का थ्रो कर इस स्पर्धा को जीता था। नीरज के 2024 संस्करण में भाग लेने की उम्मीद थी, लेकिन पेरिस ओलंपिक की तैयारी के मद्देनजर वह इस स्पर्धा में भाग नहीं ले सके। मई में दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा ने 90-23 मीटर दूर भाला फेंक कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोडा था। नीरज का सबसे हालिया प्रदर्शन 23 मई को पोलैंड के चोरजो में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में हुआ था। नीरज ने टोक्यो 2020 ओलंपिक चैंपियन में दूसरे स्थान पर रहने के लिए अपने अंतिम प्रयास में 84-14 मीटर भाला फेंक कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच आमंत्रण स्पर्धा जीतकर अपने 2025 एथलेटिक्स सत्र की शुरुआत की थी। उन्होंने 84-52 मीटर थ्रो किया था। वह 24 जून को चेकिया में होने वाली गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स स्पर्धा की प्रवेश सूची में भी शामिल हैं और पांच जुलाई को बेंगलुरु में उद्घाटन में नीरज क्लासिक में मुख्य भूमिका निभाएंगे। डायमंड लीग सीरीज के अंत में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले शीर्ष भाला फेंक एथलीट 27-28 अगस्त को ज्यूरिख में होने वाले 2025 डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे।

### यू मुंबा और जयपुर गोवा व कोलकाता के बीच होगी सेमीफाइनल की जंग

**अहमदाबाद, वार्ता।** ड्रीम यूटीटी जूनियर्स के पहले सत्र के नॉकआउट चरण सेमीफाइनल में यू मुंबा और जयपुर पैट्रियट्स, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और कोलक.ाता थंडरब्लेड्स फाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगी। अहमदाबाद के ईकेए एरिना में रविवार को दोनों सेमीफाइनल मैच खेलें जायेंगे। लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली यू मुंबा और जयपुर पैट्रियट्स, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और कोलकाता थंडरब्लेड्स ने ड्री यूटीटी जूनियर्स के सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।

यू मुंबा टीटी के प्रतीक तुलसानी और अनन्या मुरलीधर ने लीग चरण में 29 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। चौथे स्थान पर रहने वाली जयपुर पैट्रियट्स का सामना यू मुंबा से होगा। जयपुर पैट्रियट्स के त्रिशाल सुरपुरेढी और श्रेया धर ने 25 अंकों के साथ अपना सेमीफाइनल स्थान सुरक्षित किया। दूसरे सेमीफाइनल में डेम्पो गोवा चैलेंजर्स के साहिल रावत और आर्या रेडकर, जो 28 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, तीसरे स्थान पर रहने वाली कोल.काता थंडरब्लेड्स से भिड़ेंगे। ऋत्विक गुप्ता और स्वरा करमारकर ने थंडरब्लेड्स के लिए 26 अंक अर्जित किए।


























# खाद्य विभाग ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

■ कमी पाए जाने पर नियमानुसार मुकदमा सक्षम न्यायालय में दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है: सहायक आयुक्त (खाद्य)

## कई दुकानदारों को दिए नोटिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देशन पर सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय, जनपद गाजियाबाद के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जनपद गाजियाबाद के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकरियों के सचल दल द्वारा खोड़ा, एन.एच.-24, महरौली, शास्त्री नगर एवं लोनी इत्यादि स्थानों पर खुले मांस विक्रय प्रतिष्ठानों, स्ट्रीट फूड वेन्डर एवं खुले में तैयार मासाहार खाद्य पदार्थ प्रदर्शित कर विक्रय कर रहे खाद्य प्रतिष्ठाानों का सघन निरीक्षण कर कार्यवाही की गयी। जिसमें मैसर्स शहजाद पुत्र अनीस अहमद लोक प्रिय बिहार, खोड़ा कालोनी, खोडा गाजियाबाद, कारोबारकर्ता शहजाद पुत्र अनीस अहमद, साफ-सफाई व स्वच्छता के निर्धारित मानकों का खाद्य संचालन में अनुपालन न किये जाने पर सुधार सूचना जारी की गयी है।

अपेक्षित समय में सुधार नही किये जाने पर पंजीकरण प्रमाण पत्र निलम्बित कर खाद्य व्यवसाय का संचालन बन्द करा दिया जायेगा। मैसर्स काफील मीट शॉप, शॉप नं0-306, गली कुरैशी, खोडा कालोनी, गाजियाबाद, कारोबारकर्ता काफील अहमद पुत्र मोहम्मद यामीन साफ-सफाई व स्वच्छता के निर्धारित मानको का खाद्य संचालन में अनुपालन न किये जाने पर सुधार सूचना जारी की गयी है। अपेक्षित समय में सुधार नहीं किये जाने पर पंजीकरण प्रमाण पत्र निलम्बित कर खाद्य व्यवसाय का संचालन बन्द करा दिया जायेगा। मैसर्स कुरैशी चिकन एवं मटन हलाल मीट शॉप, चौधरी मार्केट, रजापुर गाजियाबाद, कारोबारकर्ता मुरसयीन पुत्र ग्यासुद्दीन, साफ-सफाई व स्वच्छता के निर्धारित मानकों का खाद्य संचालन में अनुपालन न किये जाने पर सुधार सूचना जारी की गयी है तथा साफ-सफाई व स्वच्छता में कमी पाये जाने पर नियमानुसार मुकदमा सक्षम न्यायालय में दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है।

मैसर्स हापुड मीट शॉप, 280, लोक प्रिय बिहार, नूरानी मजिस्द वाली गली, निकट मदरसा खोडा कालोनी गाजियाबाद, कारोबारकर्ता मोहम्मद बिलाल पुत्र रसीद, साफ-सफाई व स्वच्छता के निर्धारित मानको का खाद्य संचालन में अनुपालन न किये जाने पर सुधार सूचना जारी की गयी है। अपेक्षित समय में सुधार नहीं किये जाने पर पंजीकरण प्रमाण पत्र निलम्बित कर खाद्य व्यवसाय का संचालन बन्द करा दिया जायेगा। मैसर्स ए-वन मीट शॉप, झण्डा पैलेस के पास देशी ठेका के बराबर में जनपद गाजियाबाद विक्की पुत्र महेन्द्र बिना खाद्य पंजीकरण प्राप्त किये खाद्य कारोबार का संचालन करते पाये जाने पर एवं साफ-सफाई व स्वच्छता में कमी पाये जाने पर नियमानुसार मुकदमा सक्षम न्यायालय में दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है।

मैसर्स नूर हलाल मीट शॉप, एन.एच.-24 मैन रोड, शाहपुर बम्हैटा, गाजियाबाद, कारोबारकर्ता शौफियान पुत्र फुरकान अहमद बिना खाद्य पंजीकरण प्राप्त किये खाद्य कारोबार का संचालन करते पाये जाने पर एवं साफ-सफाई व स्वच्छता में कमी पाये जाने पर नियमानुसार मुकदमा सक्षम न्यायालय में दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है। मैसर्स फूलमिया मीट शॉप, महागुनपुरम के सामने एनएच.-24 मैन रोड जनपद गाजियाबाद, कारोबारकर्ता चाँद मिया पुत्र मजीद बिना खाद्य पंजीकरण प्राप्त किये खाद्य कारोबार का संचालन करते पाये जाने पर एवं साफ-सफाई व स्वच्छता में कमी पाये जाने पर नियमानुसार मुकदमा सक्षम न्यायालय में दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है। मैसर्स कुरबान चिकन मीट शॉप, विवेकानन्द नगर, नियर नासिरपुर फाटक गाजियाबाद, कारोबारकर्ता मोहम्मद कुरबान पुत्र रफीक अहमद साफ-सफाई व स्वच्छता के निर्धारित मानकों का खाद्य संचालन में अनुपालन न किये जाने पर सुधार सूचना जारी की गयी है। अपेक्षित समय में सुधार नहीं किये जाने पर पंजीकरण प्रमाण पत्र निलम्बित कर खाद्य व्यवसाय का संचालन बन्द करा दिया जायेगा।

मैसर्स अकरम कुरैशी चिकन शॉप, विवेकानन्द नगर, नियर नासिरपुर फाटक गाजियाबाद, कारोबारकर्ता अयान कुरैशी पुत्र चाँद कुरैशी साफ-सफाई व स्वच्छता के निर्धारित मानको का खाद्य संचालन में अनुपालन न किये जाने पर सुधार सूचना जारी की गयी है। अपेक्षित समय में सुधार नहीं किये जाने पर पंजीकरण प्रमाण पत्र निलम्बित कर खाद्य व्यवसाय का संचालन बन्द करा दिया जायेगा। मैसर्स इस्लामुद्दीन मीट शॉप, नसबन्दी कालोनी लोनी गाजियाबाद, कारोबारकर्ता इस्लामुद्दीन पुत्र हफिजुद्दीन बिना खाद्य पंजीकरण प्राप्त किये खाद्य कारोबार का संचालन करते पाये जाने पर एवं साफ-सफाई व स्वच्छता में कमी पाये जाने पर नियमानुसार मुकदमा सक्षम न्यायालय में दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है। मैसर्स सुएव मीट शॉप, 02 नम्बर 100 फुटा रोड लोनी निकट नीलम फैक्ट्री लोनी गाजियाबाद, कारोबारकर्ता सुएव पुत्र हनीफ बिना खाद्य पंजीकरण प्राप्त किये खाद्य कारोबार का संचालन करते पाये जाने पर एवं साफ-सफाई व स्वच्छता में कमी पाये जाने पर नियमानुसार मुकदमा सक्षम न्यायालय में दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त खोडा, रजापुर, एन.एच.-24, विवेकानन्द नगर, नियर नासिरपुर फाटक एवं लोनी का सघन निरीक्षण कर खाद्य व्यवसाय का संचालन खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम व विनियमों के अनुसार किये जाने की चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया। खाद्य टीम में अमित कुमार सिंह, बसंत गुप्ता, देवांश चतुर्वेदी, विजय कुमार एवं अंशुल पाण्डेय, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण सम्मिलित रहे।

# चेयरमैन के ऑफिस में हुई लूट के खुलासे को सभासदों ने की एसीपी संग वार्ता

## पुलिस ने सोमवार तक का मांगा समय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गत दिनों मोदीनगर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली के कार्यालय में हुई लाखो की लूट की घटना के अभी तक खुलासा ना होने से नाराज सभासदो ने एसीपी से वार्ता की।सभासद संघर्ष समिति और सहायक पुलिस आयुक्त की वार्ता नगरपालिका पर हुई। सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा बताया गया की पुलिस प्रशासन बहुत जल्दी लूट को खोलने वाली है सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा सोमवार तक का समय माँगा गया सभासद संघर्ष समिति द्वारा कहा गया की अगर सोमवार तक डकैती नहीं खुली तो सभासद संघर्ष समिति तहसील पर आंदोलन करेगी। इस



मौके पर समिति के अध्यक्ष वेदप्रक वेदप्रकाश सभासद, प्रदीप शर्मा सभासद, ललित त्यागी सभासद, जीतेन्द्र चौधरी सभासद, बॉबी चौधरी सभासद, अंकुर चौधरी सभासद, नरेन्द्र तोमर सभासद, धर्मवीर मास्टर सभासद, राहुल खटीक सभासद, गोल्डी नेहरा सभासद, सूबे सिंह सभासद, संजय चौधरी सभासद, दुश्यंत यादब सभासद रजनीश चौधरी सभासद और अमित कराते, मनीष अग्रवाल, संजय पिंडी, पुनीत त्यागी, लोकेश शर्मा, गुड्डु प्रधान, नरेन्द्र कुमार, अप्पू गुजर, आदि मौजूद रहे।

# भाकियू ने की मुरादनगर क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत)से जुड़े किसान नेताओ ने मुरादनगर ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कसाना, जिला प्रवक्ता संजीव चौधरी व मुरादनगर नगर अध्यक्ष गौतम चौधरी के नेतृत्व में मुरादनगर क्षेत्र में अवैध ट्रेक्टरों से किये जा रहे अवैध खनन की शिकायत करते हुए एसडीएम के नाम ज्ञापन कार्यालय में मौजूद नायब तहसीलदार सचिन पंवार को सौंपा।



ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मुरादनगर क्षेत्र में बिना सरकारी अनुमति के खनन माफियाओं द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है साथ ही जिन ट्रेक्टरों से खनन किया जा रहा है उनपर ना तो नम्बर प्लेट है,ना फिटनेस है ना ही कागज पूरे है चालको के पास लाइसेंस भी नही है व शराब पीकर बहुत तेज गति से ट्रैक्टर चलाते हैं जिसकी वजह से अनेकों दुर्घटना भी हो चुकी है अतः इस अवैध खनन व ट्रेक्टरों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाये। नायब तहसीलदार सचिन पंवार ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालो में बाबूराम,सुमित,शिवम, खड़ग सिंह,वरुण आदि शामिल रहे।

# मंदिर स्थापना दिवस पर किया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** साबेरी क्रॉसिंग रिपब्लिक शिव मंदिर स्थापना दिवस के तत्वाधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान द्वारा किया गया ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि भंडारे का आयोजन मंदिर की स्थापना दिवस को और भी महत्वपूर्ण बनाता है। यह भक्तों को भगवान की कृपा प्राप्त करने का अवसर देता है, भाईचारा और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देता है, और सामाजिक कार्य के रूप में भी देखा जाता है। भंडारे का आयोजन मंदिर की महिमा को और भी बढ़ा देता है, क्योंकि यह भक्तों को मंदिर से जुड़े रहने और भगवान की पूजा करने का अवसर देता है। बीके शर्मा हनुमान ने यह भी बताया कि ब्राह्मण समाज की अगर बात करें तो ब्राह्मण समाज दुनिया के सबसे पुराने संप्रदाय एवं जाति में से एक है। पुराने वेदों एवं उपनिषदों के अनुसार ब्राह्मण समाज का इतिहास, सृष्टि के रचियता ब्रह्मा से जुड़ा हुआ है। वेदों के अनुसार ऐसा बताया जाता है कि ब्राह्मणों की उत्पत्ति हिन्दू धर्म के देवता ब्रह्मा से हुई थी। ऐसा माना जाता है कि वर्तमान में जितने भी ब्राह्मण समाज के लोग हैं वे सब भगवान ब्रह्मा के वंशज हैं। ब्राह्मण जाति का इतिहास प्राचीन भारत से भी पुराना माना जाता है, ब्राह्मण जाति की जड़े वैदिक काल से जुड़ी हुई हैं। प्राचीन काल से ही ब्राह्मण जाति के लोगों को समाज में उच्च स्थान प्राप्त था, उस समय ब्राह्मण जाति के लोग सबसे ज्ञानी माने जाते थे। इस जाति के लोगों को प्राचीन काल से ही उच्च एवं बड़े लोगों की श्रेणी में देखा जाता रहा है।उस दौर में धार्मिक एवं जाति मतभेद वर्तमान समय के मुकाबले चरम सीमा पर था, हिन्दू धर्म के लोगों को ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य और शूद्र चार हिस्सों में बांटा गया था। इस जाति के बंटवारे में ब्राह्मण समाज के लोगों को सबसे उच्च स्थान प्राप्त हुआ। उस दौर में ब्राह्मण जाति के लोगों को सबसे ज्ञानी एवं कर्मठ माना जाता था, इसलिए इनका मुख्य कार्य ज्ञान, धर्म और आध्यामिक ज्ञान की शिक्षा देना एवं राजकुमारी एवं राजघराने के लोगों को आचार्य बनकर ज्ञान देना होता था।

# आशु गुप्ता ने इकबाल के खिलाफ दी एसडीएम को शिकायत

## इकबाल पर लगाया आरोप, कर सकता है कब्जाई जमीन का फर्जी बैनामा

**मोदीनगर।** स्थानीय कस्बा फरीदनगर की एक जमीन के मामले में गत सप्ताह मोदीनगर तहसील के एक नायब तहसीलदार पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाने वाले व्यक्ति के खिलाफ नित नए आरोप सामने आ रहे हैं। गौरतलब है कि गत सप्ताह भोजपुर थाने में आयोजित थाना दिवस में फरीदनगर के इकबाल ने नायब तहसीलदार पर 10 लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था,जिस जमीन का दाखिल खारिज करने के लिए रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया था पता चला है कि वह जमीन आशु गुप्ता की है जिसपर इकबाल ने अवैध कब्जा किया हुआ है।आशु गुप्ता द्वारा इकबाल के विरुद्ध एसडीएम को शिकायत देने पर यह आभास होता है कि इकबाल ने नायब तहसीलदार को दवाब में लेने के लिए ही झूठा आरोप लगा दिया ताकि अधिकारी उसके आरोप से डरकर उसका कब्जा ना हटवाये।

शुक्रवार को आशु गुप्ता ने पुनः एसडीएम को एक नयी शिकायत देकर आशंका जताई है कि उन्हें जानकारी मिली है कि इकबाल उनकी कब्जाई हुई जमीन को किसी अन्य को बेचने की तैयारी कर रहा है अतः अतिशीघ्र इसकी जांच कर उसको रुकवाया जाये। इस मामले के जांच अधिकारी तहसीलदार मोदीनगर रजत सिंह ने बताया कि उन्हें जांच के आदेश प्राप्त हो गये हैं शीघ्र ही सभी पक्षो को नोटिस जारी कर उनसे आरोपो के संबंध में सबूत मांगे जायेंगे व पूरे प्रकरण की जॉच कर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# राष्ट्रभाव से सराबोर होगा गाजियाबाद, नवयुग मार्केट भगवा पताकाओं से रंगी जाएगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारत माता सांस्कृतिक संस्थान द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में संस्थान के अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि सैंकड़ों वर्षों के मुगलों के निरंकुश शासन के बाद शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भारत के इतिहास में हिन्दू पदपादशाही की स्थापना का क्षण था और उसके बाद से ही स्वराज के भाव का जागरण हुआ परिणाम स्वरूप कालांतर में मुगल निरंकुश शासन नहीं कर पाये और अंत में तो औपचारिक शासन तक ही सीमित रह गये। भारत के इतिहास की इस बड़ी घटना को हम हिन्दू साम्राज्य दिवस के रूप में मनाते हैं।

विगत 6 वर्षों से हम अपनी तरह का अनूठा आयोजन करते आये हैं। संस्थान के सदस्य विपुल कुमार ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस बार का आयोजन भी नवयुग मार्केट के शहीद पथ पर आगामी 8 जून को किया जायेगा। जिसमें महाराणा प्रताप की 77 वीं पीढ़ी, मेवाड़ के महाराजा विश्वराज सिंह अतिथि के रूप में रहेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में सुप्रीम कोर्ट के प्रसिद्ध एडवोकेट विष्णु शंकर जैन रहेंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति एवं समाजसेवी राहुल सिंह करेंगे। इस अवसर पर नाटकबाज थियेटर द्वारा शानदार मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

संस्थान के सदस्य सुशील कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में कलश यात्रा के अतिरिक्त महिला विहिनी द्वारा तलवारबाजी का प्रदर्शन, बुलट मोटरसाइकिल पर महिलाओं का जत्था, बाल शिवा, जीजाबाई, महाराणा प्रताप, महारानी अबक्का के स्वरूप धारण किये बालक रहेंगे। मंच पर बाल शिवाओं का माता जीजाबाई द्वारा मंत्रोच्चार के साथ राज्याभिषेक किया जायेगा।

संस्थान के प्रचार प्रमुख विपिन त्यागी ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर संस्थान दो महीने से तैयारियों में लगा है,बाल शिवा बनने के लिये बालकों के आवेदन आ रहे हैं, कलश यात्रा के लिये महिलाओं में उत्साह है,बालिकाओं का तलवारबाजी का प्रशिक्षण चल रहा है।जनमानस में इसको लेकर उत्साह है।

कुल मिलाकर कार्यक्रम उद्भव एवं अविस्मरणीय होने वाला है।लोगो से अपेक्षा है कि वह अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अद्भुत आयोजन का आनंद लें। इस अवसर पर मनमीत कुमार, अरुण सिरोही, राजेन्द्र कुमार, तरुण शर्मा, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# उपज की गाजियाबाद इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) की गाजियाबाद इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रुप में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इण्डिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेश चतुर्वेदी, मुख्य वक्ता के रुप में उपज के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रसून शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार, कवि व शायर राज कौशिक, उपज प्रदेश मंत्री अजय चौधरी, सुनीता उपाध्याय, गाजियाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव मनमोहन शर्मा उपस्थित रहे। सभी आगंतुकों का उपज गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष विशाल कौशिक ने पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह ने उपज द्वारा अभी तक किये गये कार्यो के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार राज कौशिक और डॉ. प्रसून शुक्ला ने पत्रकारिता की बारिकीयों से अवगत कराते हुए पत्रकारों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह ने जिलाध्यक्ष विशाल कौशिक सहित समस्त टीम को शपथ ग्रहण कराई। शपथ ग्रहण करने वालों में जिलाध्यक्ष विशाल कौशिक, उपाध्यक्ष सुदामा पाल, राम अवध भगत, महामंत्री नन्द किशोर उपाध्याय, संयुक्त महामंत्री रविन्द्र गुप्ता, कपिल श्रीवास्तव, अभिषेक चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष मनुराज कौशिक, सह कोषाध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, मीडिया प्रभारी अजीत रावत, कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र कौशिक, हरेन्द्र, राजीव आनंद, दिव्यांश भटनागर, अजय चौहान, आशा चौधरी, संदीप ब्रहभट्ट, संजीव शर्मा ने शपथ ग्रहण की।

# धूमधाम से निकाली जाएगी खाटूश्यामजी यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में श्री श्याम प्रभुखाटू वाले का 23वां तीन दिवसीय श्री श्याम विशाल संकीर्तन धूमधाम से मनाया जाएगा। 6 जून को एकादशी संकीर्तन 7को सुंदर पाठ 8 को विशाल ध्वजा यात्रा मोदी मंदिर से सांय लगभग 5बजे आरम्भ होकर खाटू मंदिर महेन्द्रपुरी तक निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालजन शामिल होंगे। 9 जून को महायज्ञ का और सांय काल संकीर्तन का आयोजन होगा। यह जानकारी समिति से जुड़े देवेंद्र गुप्ता व अन्य सदस्यों ने दी

## एक नजर

# शहादत के दस वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी करेगी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद द्वारा 7 जून शनिवार को लखनऊ में शहादत से नेतृत्व तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम डॉ. भीमराव अंबेडकर ऑडिटोरियम लखनऊ में आयोजित किया जाएगा।

यह आयोजन मछुआ समाज के उस संघर्ष की स्मृति को समर्पित है, जिसकी शुरूआत 7 जून 2015 को गोरखपुर के कसरवल से हुई थी-जहाँ आरक्षण आंदोलन के दौरान अखिलेश निषाद पुलिस की गोली से शहीद हुए थे। वहीं पार्टी के युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गुर्जर सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि यह बलिदान सिर्फ एक युवक की नहीं, बल्कि एक पूरे समाज की चेतना का उद्घोष था। आज उसी शहादत के दस वर्ष पूरे हो रहे हैं, और इस अवसर पर समाज के नेतृत्व और सामाजिक अधिकारों के प्रति बढ़ते कदमों का सार्वजनिक प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य: शहीद अखिलेश निषाद को सामूहिक श्रद्धांजलि, समाज के राजनैतिक जागरण और अधिकार आंदोलन का पुनः स्मरण, आरक्षण, जातीय जनगणना, मत्स्य पालन योजनाओं, स्वरोजगार एवं सहकारिता जैसे विषयों पर चर्चा, समाज में नव नेतृत्व निर्माण को प्रेरणा देना, डॉ. संजय कुमार निषाद का जनसमर्पित जन्मदिवस समारोह आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सिर्फ स्मृति नहीं, बल्कि समाज के हक की पुनः उद्घोषणा है।

आज जब मछुआ समुदाय सामाजिक-आर्थिक अधिकारों की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तो शहादत से नेतृत्व तक जैसे आयोजन उस ऊर्जा और आत्मबल का स्रोत बनते हैं। उन्होंने मीडिया से विशेष अनुरोध करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की आवाज को मंच देने का ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने बताया कि जिस समाज ने गोली खाई, उसने सत्ता की चाबी थामी-अब नेतृत्व हमारा अधिकार है, और संघर्ष हमारी परंपरा।

# शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश प्रभारी बनाए गए अरुण चौधरी भुल्लन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड की एक मीटिंग का आयोजन हुआ। जिसमें प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई। शहीद भगत सिंह युवा ब्रिगेड के संयोजक करतार पहलवान की मौजूदगी में अरुण चौधरी भुल्लन को प्रदेश प्रभारी की जिम्मेवारी सौंपी गई और उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी बनाया गया। किसान प्रदेश अध्यक्ष रजनीश चौधरी को बनाया गया। युवा प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र अमरोहा को नियुक्त किया गया।

बुलंदशहर से प्रशांत चौधरी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। भास्कर राणा को अमरोहा जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। गाजियाबाद जिला अध्यक्ष मोहित चौधरी को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नीरज चौधरी, सचिन डागर, आरके सैनी, मदन कान्त, रवि कुमार गौरव करोठिया, मुकेश पांचाल, अंकुर त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# गणमान्यो ने दिया अमरजीत सिंह बिट्टी की भतीजी को आशीर्वाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश अध्यक्ष (सहकारिता प्रकोष्ठ) उत्तर प्रदेश चेयरमैन अमरजीत सिंह बिट्टी की भतीजी के विवाह समारोह में हजारों गणमान्य लोगों ने पहुंचकर शिरकत की तथा नवविवाहित जोड़े सुरभी व प्रभात को उनके नए जीवन की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, सांसद अतुल गर्ग, सांसद भोला सिंह, पूर्व सांसद केसी त्यागी, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व सांसद मुंशी रामपाल, चौधरी राकेश टिकैत, जयंत चौधरी के निजी सलाहकार वीरपाल मलिक, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, मंत्री नरेंद्र कश्यप, पूर्व मंत्री व सांसद डीपी यादव, कप्तान सिंह, एचपी सिंह परिहार, चौधरी अमन सिंह, रामकिशोर अग्रवाल, रमेश प्रजापति, कुलदीप उज्जवल, ललित जायसवाल, विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक अशरफ अली खान, विधायक प्रदीप चौधरी गुड्डू, एमएलसी दिनेश गोयल और हरि सिंह ढिल्लो, त्रिलोक त्यागी, अभिनय चौधरी, योगेंद्र चौयरमैन, इंद्रवीर भाटी और प्रभात तोमर, कृष्णवीर सिंह, योगराज सिंह, ओमवीर तोमर, तेजिंदर निर्वाल, गजराज सिंह, सुरेंद्र मुन्नी, कृष्णवीर सिंह सिरोही, राजेंद्र शर्मा, सुखबीर सिंह, विनोद हरित, गजेंद्र सिंह, सुधन रावत, आशु वर्मा, बृजपाल तेवतिया, नरेश सिरोही, राजा वर्मा, डॉ. दिनेश अरोड़ा, सतपाल प्रधान, सलामत मियां, अशोक ओझा, योगेश गुप्ता, विकास वर्मा, मनोज गुप्ता, दीपक सिरोही, महकार सिंह, अशोक शर्माश अनिल वशिष्ठ, अनीश यादव, राहुल डैनी, राजीव त्यागी, परविंदर धामा, विनोद वैशाली, रीता चौधरी, डॉ. एमपी सिंह, गौरव प्रताप सिंह, रणबीर दहिया, देवेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, नूर हसन मलिक, रमा नागर, सुधीर चौधरी, त्रिसपाल मलिक, अजय पाल सिंह, रमेश चंद त्यागी, राकेश यादव, जितेंद्र यादव, मोहित चौधरी, योगेंद्र सिंह, विपिन चौधरी, अनिल कसाना, ईश्वर मावी, करमवीर नागर, पिंटू चौधरी, संतोष यादव, तेजपाल सिंह, मनवीर सिंह, कुंवर अयूब अली, एडवोकेट अजय वीर सिंह, रामपाल चौधरी, सुभाष चौधरी, पंकज प्रधान, प्यारेलाल जाटव, रामप्रसाद प्रधान, रवि वाल्मीकि, शोकेंद्र चौधरी, विकास यादव, सुरेश तोमर, अरविंद पंवार, उमेश पंवार, सुनील चरोरा, दीपक राणा, राजकुमार सिंह, राजकुमार प्रिंस, नरेश अमराला, सतबीर राघव, अमित विद्यापुर, देवेंद्र चौधरी, उदयवीर सिंह, श्याम पाल सिंह सहित हजारों लोगों ने आशीर्वाद प्रदान किया।

# जबरन वसूली में शामिल गैंगस्टर के माता पिता पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शालीमार बाग इलाके में जबरन वसूली की वारदात में शामिल गैंगस्टर हरसिमरन उर्फ बादल के माता पिता,जो गैंगस्टर गोगी गैंग से जुड़े हुए थे। उनको एएटीएस/उत्तर-पश्चिम जिला ने गिरफ्तार किया है। उनके बेटे के साथ, उन पर मकोका के तहत मामला दर्ज किया गया और उस मामले में भी उन्हें घोषित अपराधी घोषित किया गया। गिरफ्तारी से बचने के लिए वे लगातार ठिकाने बदल रहे थे। आरोपियों की पहचान हरविंदर सिंह उर्फ बिल्लू और उनकी पत्नी सुखबीर कौर के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक सितम्बर २०१९ की रात करीब साढ़े नौ बजे शालीमार बाग में रहने वाले विजय कुमार भाटिया का करणवीर बाजवा (हरसिमरन उर्फ बादल का भाई) ने अपहरण कर लिया था। उसे एक दुकान में हिरासत में लिया गया, जहां हरविंदर सिंह उर्फ बिल्लू और सुखबीर कौर ने लोहे की रॉड से उस पर बेरहमी से हमला किया। पीड़ित को धमकी दी गई कि अगर उसने अपने फ्लैट खाली नहीं किए और हरसिमरन उर्फ बादल को फ्लैट नहीं दिया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। हमले के बाद, आरोपी पीड़ित को बवाना नहर के पास छोड़कर भाग गए। शालीमार बाग पुलिस ने पीडिघ्त के बयान पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज किया। तीनों आरोपी पूछताछ में शामिल होने में विफल रहे और उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया गया। एएटीएस को हरविंदर सिंह उर्फ बिल्लू और सुखबीर कौर के मुकरबा चौक, महेंद्र पार्क में आने की जानकारी मिली थी। एसीपी रणजीत ढाका की देखरेख में इंस्पेक्टर जितेन्द्र तिवारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने मुकरबा चौक पर घेराबंदी करके दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी सुखबीर कौर २०१३ में अपने बेटे के गिरोह में शामिल हो गई और जबरन वसूली की गति. विधियों में शामिल हो गई। पहले भी जबरन वसूली के मामलों में गिरफ्तार और मकोका और हत्या के प्रयास में शामिल रही है। आरोपी हरविंदर सिंह उर्फ बिल्लू मूल रूप से पंजाब का रहने वाला है, बाद में दिल्ली में बस गया। पहले व ट्रक चालक था। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में आपराधिक गतिविधियों में अपने बेटे हरसिमरन उर्फ बादल का साथ दिया।

# मुख्यमंत्री ने की ओखला लैंडफिल साइट पर वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ओखला लैंडफिल साइट पर कचरे की बायोमाइनिंग कर पुनः प्राप्त हुई भूमि पर वृक्षारोपण की शुरुआत की। इस अवसर पर दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह, दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी,मध्य क्षेत्र की अध्यक्षा योगिता सिंह,स्थानीय पार्षद सुगंधा बिधूड़ी,दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र, निगमायुक्त अश्वनी कुमार, अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल,मध्य क्षेत्र के उपायुक्त दिलखुश मीणा सहित दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री की ऊर्जा देखकर मुझे काफी संतुष्टि हुई। उन्हें कहा कि मेरा सपना था कि जब तक हम दिल्ली के मुख्यमंत्री में ऊर्जा नहीं देखेंगे तब तक दिल्ली का कायाकल्प नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि मेरे पास मुख्यमंत्री की तारीफ में शब्द नहीं है और जब से वह मुख्यमंत्री बनी है वो २४ घंटे दिल्ली के कायाकल्प के बारे में सोचती हैं।

उपराज्यपाल ने कहा कि आज का बांस पौधारोपण का कार्यक्रम भले ही छोटा लगे किंतु इसका महत्व बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पिछले ३ वर्षों में १७०००० बांस के पौधे लगाए गए हैं और आज के ८००० पौधे मिलकर यह संख्या १७८००० हो जाती है। उपराज्यपाल महोदय ने कहा कि बांस का पौधा दिल्ली के प्रदूषण को देखते हुए काफी उपयोगी है क्योंकि बांस ३०% तक अधिक ऑक्सीजन का उत्सर्जन करता है। उन्होंने कहा कि बांस के पौधे को ज्यादा रखरखाव की आवश्यकता नहीं होती एवं यह थोड़े से पानी में भी काफी तेजी से बढ़ता है। उपराज्यपाल महोदय ने कहा कि आज लगाए गए यह पौधे ८ से ९ महीनों में २० फुट तक पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि बांसेरा पार्क में ३ फीट के बांस के पौधे लगाए थे जोकि डेढ साल में ४० -४२ फीट के हो गए हैं। उपराज्यपाल महोदय ने कहा कि बांस की एक खास बात यह है कि अगर इस जमीन का उपयोग और किसी कार्य के लिए करना है तो बिना किसी मंजूरी के इसे काट सकते हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही यह क्षेत्र हरित क्षेत्र में बदल जाएगा।

उपराज्यपाल ने कहा कि ओखला लैंडफिल साइट पर कूड़े के निस्तारण का कार्य कर रही एजेंसी ने बताया कि इस वर्ष दिसंबर माह तक लैंडफिल साइट पर मौजूद कचरे का निस्तारण कर इसे समतल कर दिया जाएगा लेकिन उन्होंने अनुरोध किया है कि यह कार्य २ महीने पहले पूरा कर लिया जाए। उपराज्यपाल महोदय ने कहा कि पहले की सरकार के कार्यकाल में तीनों लैंडफिल साइट पर ११ ट्रामेल मशीन कार्य कर रही थी और कुल ६००० टन कूड़े का निस्तारण प्रतिदिन होता था किंतु आज औसत २५००० टन कूड़े का निस्तारण प्रतिदिन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार की भावना दिल्ली के इस कलंक को जल्द से जल्द हटाने की है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि ओखला स्थित ६२ एकड़ में फैला यह ६० मीटर ऊंचा कूड़े के पहाड़ को शीघ्रता से कार्य करते हुए ४० मीटर पर ला दिया गया है।

ओखला लैंडफिल साइट पर स्थित ६० लाख मीट्रिक टन कूड़े का पहाड़ आज २८ लाख मीट्रिक टन रह गया है जोकि प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार कूड़े के पहाड़ को हटाने का झूठा वादा करके जनता को बरगलाती रही और आखिरी में दिल्ली की जनता ने उन्हें ही हटा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली के लोग पिछली सरकार की नाकामी के चलते कूड़े के पहाड़ों के बीच जिंदगी बिताने के लिए मजबूर थे। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों ने कई समस्याओं का सामना किया है,कहीं ऐ क्यू आई बढ़ा है कहीं कूड़े के पहाड़ हैं कहीं पर यमुना जी मैली हैं।

# आठवीं विधानसभा के 100 दिन पूरे होने पर जारी किया रिपोर्ट कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा ने अपनी आठवीं विधानसभा के १०० दिन पूरे होने के अवसर पर कार्यक्रम में 'रिपोर्ट कार्ड' जारी किया। यह दस्तावेज विधानसभा की प्रमुख उपलब्धियों, नवाचारों और समावेशी विधायी दृष्टिकोण का प्रतिपादन करता है।

इस विशेष आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने की। उनके साथ दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट तथा मुख्य सचेतक अभय वर्मा भी मंच पर उपस्थित रहे।अपने संबोधन में हर्ष मल्होत्रा ने विधानसभा की सराहनीय कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट कार्ड "उल्लेखनीय उपलब्धियों का प्रतिबिंब" है।

उन्होंने इसकी प्रेरणादायक थीम 'विरासत से विकास की ओर' को विशेष रूप से रेखांकित किया।केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि अध्यक्ष के संतुलित नेतृत्व में विधानसभा की कार्यवाही में पिछले १०० दिनों के दौरान स्पष्ट परिवर्तन देखा गया है। उन्होंने कहा कि "इस पूरी अवधि में सदन में कोई भी अव्यवस्था या व्यवधान नहीं हुआ, जो पहले सामान्य हो चला था। गुप्ता ने लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करते हुए विपक्ष को भी समान अवसर और सदन की गरिमा सुनिश्चित की है। मल्होत्रा ने विधानसभा भवन को एक "जीवंत विरासत" बताते हुए इसके संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। अपने संबोधन में अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा की पारदर्शिता, सतत विकास और सांस्कृतिक संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट कार्ड सिर्फ विधायी कार्यों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि जन-केंद्रित और नवाचार पर आधारित विधायी संस्कृति का परिचायक है।उन्होंने बीते १०० दिनों के प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित किया।



दिल्ली विधानसभा के आठवीं विधानसभा के 100 दिन पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड जारी करत मुख्य अतिथि के रूप में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता आदि।

# कुलजीत सिंह ने की मिस्ट स्प्रेयर योजना के विस्तार की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपा. लिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि प्रधानमंत्री के ष्ईज ऑफ लिविंगष मिशन की भावना के अनुरूप एनडीएमसी क्षेत्र को स्वच्छ, हरा-भरा और प्रदूषण-मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दूसरे फेज में अफ्रीका एवेन्यू और शांतिपथ में बिजली के खंभों पर षमिस्ट स्प्रेयरष प्रणाली स्थापित करने की योजना शुरू की गई है। यह पहल तेजी से बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण पाने और नागरिकों को शुद्ध एवं बेहतर वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।चहल ने बताया कि बिजली के खंभों पर लगाए जाने वाले मिस्ट स्प्रेयर वायु प्रदूषण नियंत्रण का एक आधुनिक और प्रभावी उपाय हैं। ये स्प्रेयर हवा में मौजूद धूल कणों और प्रदूषकों को छोटे-छोटे जलकणों के माध्यम से नीचे गिरा देते हैं, जिससे वायु की गुणवत्ता में सुधार होता है और लोगों को सांस लेने के लिए एक स्वच्छ वातावरण मिलता है। विशेष रूप से घनी आबादी और उच्च यातायात वाले क्षेत्रों में इनकी उपयोगिता और बढ़ जाती है। ये प्रणाली न केवल प्रदूषण को कम करती है, बल्कि हरियाली को भी बनाए रखने में सहायक होती है, और जब इसमें उपचारित जल का उपयोग किया जाए तो यह जल संरक्षण के उद्देश्य को भी पूरा करती है।

# नजीब अहमद गुमशुदगी मामले में अदालत सुना सकती है फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के लापता छात्र नजीब अहमद के मामले में अदालत ३० जून को सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट पर फैसला सुना सकती है। सीबीआई ने ये रिपोर्ट वर्ष २०१८ में दाखिल की थी, जिसमें कहा गया था कि नजीब की तलाश में कोई ठोस सुराग नहीं मिला।

राउज एवेन्यू स्थित अतिरिक्तमुख्य मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट ज्योति महेश्वरी ने सीबीआई से कुछ स्पष्टीकरण मांगे और उसके बाद अगली सुनवाई के लिए ३० जून की तारीख तय की है। कोर्ट उक्ततारीख को न केवल सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट पर विचार करेगी, बल्कि नजीब की मां फातिमा नफीस द्वारा दाखिल विरोध याचिका पर भी निर्णय देगी। नजीब अहमद १५ अक्टूबर २०१६ को जेएनयू के माही-मांडवी हॉस्टल से लापता हो गया था। इससे एक दिन पहले उसका अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीपीवी) से झगड़ा हुआ था। मामले की शुरुआत में जांच दिल्ली पुलिस ने की थी, लेकिन बाद में यह सीबीआई को सौंप दिया गया। वर्ष २०१८ में सीबीआई ने जांच बंद करने की अनुमति दिल्ली हाईकोर्ट से प्राप्त कर, कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी थी।

नजीब की मां फातिमा नफीस के अधिवक्ता ने कोर्ट में दलील दी थी कि यह मामला पूरी तरह राजनीतिक है और सीबीआई ने अपने आकाओं के दबाव में आकर निष्पक्ष जांच नहीं की।

# निगम को दिल्ली सरकार से लगभग 870 करोड़ रुपये प्राप्त हुए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए बेसिक टैक्स असाइनमेंट की पहली किस्त के तहत दिल्ली नगर निगम को दिल्ली सरकार से ८२० करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। पांचवें दिल्ली वित्त आयोग (डीएफसी) की सिफारिशों के अनुसार यह पर्याप्त आवंटन निगम की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और राजधानी भर में विभिन्न सार्वजनिक सेवाओं का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पाचवें डीएफसी की सिफारिश के अनुसार यह आवंटन दिल्ली सरकार के शुद्ध कर संग्रह का ६ प्रतिशत है।

यह राशि दिल्ली सरकार से अनटाइड ग्रांट है जिसका उपयोग किसी भी तरह के खर्च के लिए किया जा सकता है, जबकि बंधे हुए अनुदान क्षेत्र और कार्य विशेष से जुड़े होते हैं। दिल्ली नगर निगम को समय पर धनराशि जारी करने से निगम की देनदारियों को कम करने में मदद मिलेगी और निगम दिल्ली के नागरिकों के कल्याण के लिए इन निधियों का कुशलतापूर्वक और पारदर्शी तरीके से उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

महापौर द्वारा दिल्ली की मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम को लगभग ८७० करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान करने पर दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता को धन्यवाद दिया।इस अवसर पर बोलते हुए, दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि इस धनराशि से राजधानी में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, अपशिष्ट प्रबंधन और स्थानीय शासन में सुधार हो सकेगा।

महापौर ने कहा, मैं सभी पार्षदों और प्रति. निधियों को आश्वस्त करता हूं कि अब जन कल्याण के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी और दिल्ली नगर निगम में भाजपा शासित सरकार दिल्ली को स्वच्छ, हरा-भरा और सबसे विकसित शहर बनाएगी। दिल्ली में ३ लैंडफिल साइटों पर बायोमाइनिंग गतिविधियों के लिए ५० करोड़ रुपये से अधिक जारी किए गए' दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष २०२४-२५ की अप्रयुक्तराशि के पुनर्मूल्यांकन के बाद दिल्ली में ३ लैंडफिल साइटों पर बायोमाइनिंग गतिविधियों के लिए ५०.७८ करोड़ रुपये की धनराशि भी जारी की है। यह जारी राशि इन साइटों पर बायोमाइनिंग की तीव्र गतिविधि में मदद करेगी और कचरे के ढेर को कम करने में मदद करेगी।

जारी की गई धनराशि का विवरण इस प्रकार है, जिसमें ओखला लैंड फिल साइट २०.२५ करोड़ रुपये। भलस्वा लैंड फिल साइट २०.७५ करोड़ रुपये गाजीपुर लैंड फिल साइट ९.७७ करोड़ रुपये। दिल्ली नगर निगम शहरी प्रशासन के उच्च मानकों को सुनिश्चित करने और अपने अधिकार क्षेत्र के तहत सभी वार्डों में निवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दो. हराता है।

# बरेली से लाकर दिल्ली के कई जिलों में स्मैक की सप्लाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बरेली से सडक के रास्ते दिल्ली स्मैक लाकर कई जिलों में पांच से आठ पर्सेंट ज्यादा फायदे पर बेचने वाले एक अंतर्राज्जीय ड्रग तस्कर पवन उर्फ अंकुश को रोहिणी जिला की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से ७१ ग्राम हेरोइन (स्मैक)बरामद की है। जिसकी कीमत करीब सवा सात लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस आरोपी से यह भी पूछताछ कर रही है कि वह इतने रुपये कहां से और किससे लाया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी ईश्वर सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर अजमेर सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम जिले में ड्रग्स का धंधा करने वालों के बारे में जानकारी जुटा रही है। एक पुख्ता जानकारी के बाद एसआई करमबीर, हेड कांस्टेबल अमित माथुर और कांस्टेबल पंकज ने कबूतर चौक बेगमपुर से आरोपी को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था।


## ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

Truhome FINANCE

पंजीकृत कार्यालय: श्रीनिवास टॉवर, पहली मंज़िल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनटोफ रोड, अलवरपेट, तेयनमपेट, चेन्नई-600018 शाखा कार्यालय: लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051, website: www.truhomefinance.in

## सांकेतिक कब्जा सूचना

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत और प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण उक्त डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लेख किया गया है। उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी, प्राधिकृत अधिकारी ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उन्हें दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक **05 जून, 2025** को नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन नीचे उल्लिखित राशि के लिए ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज के साथ है।

(सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।)

**उधारकर्ता का नाम और पता**

मैसर्स एचआर क्रिएशन्स
इसके मालिक/भागीदार/प्रबंधक निदेशक/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के माध्यम से
प्लॉट नंबर 382, डब्ल्यूजेड 196 और 197, प्रथम तल, गांव-ख्याला,
कॉलोनी- कन्हिया पार्क, चांद नगर, नई दिल्ली-110018.
इसके अलावा: नंबर 1/190, ग्राउंड फ्लोर, सुभाष नगर, टैगोर गार्डन, पश्चिमी दिल्ली 110027.
श्री हनीत मल्होत्रा पुत्र श्री वीरेंद्र सिंह मल्होत्रा
मकान नंबर 1/190, भूतल, सुभाष नगर, टैगोर गार्डन, पश्चिमी दिल्ली 110027.
इसके अलावा: मकान नंबर 1/190, भू-तल, चांद नगर, पश्चिमी दिल्ली - 110018.
इसके अलावा: प्लॉट नंबर 382, डब्ल्यूजेड 196 और 197, पहली मंजिल, गांव-ख्याला,
कॉलोनी- कन्हैया पार्क, चांद नगर, नई दिल्ली-110018.
श्री राहुल मल्होत्रा पुत्र श्री वीरेंद्र सिंह मल्होत्रा
मकान नंबर डब्ल्यूजेड-196/197, प्लॉट नंबर 382, सुभाष नगर, टैगोर गार्डन, पश्चिमी दिल्ली-110027.
इसके अलावा: प्लॉट नंबर 382, डब्ल्यूजेड 196 और 197, पहली मंजिल, गांव-ख्याला,
कॉलोनी- कन्हैया पार्क, चांद नगर, नई दिल्ली-110018
श्रीमति चन्द्रप्रभा मल्होत्रा पत्नी श्री वीरेंद्र सिंह मल्होत्रा
मकान नंबर 1/190, ग्राउंड फ्लोर, सुभाष नगर, टैगोर गार्डन, पश्चिमी दिल्ली 110027.
इसके अलावा: प्लॉट नंबर 382, डब्ल्यूजेड 196 और 197, प्रथम तल, गांव-ख्याला,
कॉलोनी- कन्हिया पार्क, चांद नगर, नई दिल्ली-110018.

**डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि**

रु. 47,52,669/-(रु. सैंतालीस लाख बावन हज़ार छह सौ उनहत्तर मात्र) ऋण खाता संख्या के संबंध में **SLPHDLHI0001028** दिनांक 10-मार्च-2025 तक और,
रु. 33,56,140/-(रु. तैंतीस लाख छप्पन हज़ार एक सौ चालीस मात्र) ऋण खाता संख्या के संबंध में **SLPHGPRK0001168** दिनांक 10-मार्च-2025 तक
डिमांड नोटिस की तिथि: 18-मार्च-2025
सांकेतिक कब्जे की तिथि: 05-जून-2025
एनपीए की दिनांक- 05-मार्च-2025

**गिरवी रखी सम्पत्ति का विवरण**

वह सभी भाग और पार्सल पर संपत्तियां नंबर डब्ल्यूजेड 196 और 197, पूरी पहली मंजिल, बिना छत के अधिकार के, प्लॉट नंबर 382 पर निर्मित, एरिया क्षेत्रफल:- 124.83 वर्ग गज, गांव - ख्याला, कॉलोनी जिसे कन्हिया पार्क के नाम से जाना जाता है, चांद नगर, नई दिल्ली -110018.
उक्त संपत्ति की सीमाएं:- पूर्व : 25 फीट सडक, पश्चिम: प्लॉट नंबर 383, उत्तर: अन्य संपत्ति, दक्षिण: 20 फीट सड़क।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 05.06.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)





प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसेवा को समर्पित 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा देश भर में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक हुई जिसमें मुख्यमंत्री के साथ केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा शामिल हुए।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने जनसेवा को समर्पित अपने ११ वर्ष पूर्ण किये हैं और इसी के उपलक्ष्य में भाजपा देश भर में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है।

इस संदर्भ में दिल्ली में भी कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर आज दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक हुई जिसमे मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता के साथ ही केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, कार्यक्रम संयोजक सांसद कमलजीत सहरावत, सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चांदो. लिया बाँसुरी स्वराज, दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, पंकज सिंह एवं इंद्राज सिंह के आलावा अनेक विधायक आदि सम्मलित हुए।

वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में हुई बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिए दिशा-निर्देश अनुसार कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा हुई।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा की प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के ११ सफल वर्ष पूर्ण होने पर दिल्ली भाजपा संकल्प से सिद्धि कार्यक्रमों का आयोजन करेगी और कार्यकर्ता एक बार पुनः केन्द्र सरकार के ११ वर्ष की एवं दिल्ली सरकार की १०० दिन की उपलब्धियों और जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच लेकर जायेंगे।

## सड़क मरम्मत के चलते यातायात बाधित

**नई दिल्ली।** आउटर कनाट सर्कल से पंचकुइयां मार्ग की ओर जाने वाले कैरिजवे पर सिविक एजेंसी द्वारा सड़क मरम्मत कार्य के चलते अगले ४-५ दिनों तक यातायात की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। इस कारण वाहनों को पंचकुइयां रोड और बंगला लेन क्रॉसिंग पर डायवर्ट किया गया है। डायवर्जन के तहत वाहन अब विप. रीत दिशा के कैरिजवे से आउटर कनाट सर्कल तक जा सकेंगे। यातायात पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और यात्रा की योजना पहले से बनाकर निकलें। संबंधित मार्गों पर ट्रैफिक स्टाफ की तैनाती की गई है ताकि यातायात नियंत्रित किया जा सके। यातायात पुलिस ने आम जनता से सहयोग की अपील की है।

# गैंगवार में प्रिंस गैंग का बदमाश पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जहांगीपुरी इलाके में गैंगवार में सात महीने पहले एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई थी,जबकि दो अन्य चाकू और गाली लगने से घायल हो गए थे। वारदात में शामिल विपिन नामक बदमाश को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल २०-२१ अक्टूबर, २०२४ की रात को जहांगीरपुरी इलाके में दो स्थानीय प्रतिद्वंद्वी गैंगों प्रिंस गैंग और नरेंद्र गैंग के बीच खूनी झगड़ हुई थी,जिसमें बड़ी संख्या में गैंग के सदस्य शामिल थे, जिन्होंने फायरिंग की और चाकू से हमला किया। इसमें प्रिंस गैंग का सदस्य दीपक पत्रकार गोली लगने से मारा गया। वहीं नरेंद्र गैंग के सदस्य नरेंद्र को चाकू लगा और सूरज को गोली लगी थी। पुलिस ने क्रॉस एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू की थी। अपराध शाखा में शामिल हेड कांस्टेबल नवल की एक पुख्ता जानकारी के बाद एसीपी नरेन्द्र सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के निर्देशन में पुलिस टीम ने विपिन को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि विपिन ने सरकारी स्कूल, जहांगीरपुरी से ९वीं कक्षा तक पढ़ाई की थी। आर्थिक तंगी के कारण उसने अपने पिता के साथ आजादपुर मंडी में मजदूरी शुरू कर दी। उसका पड़ोसी और बचपन का दोस्त दीपक पत्रकार (जो इस गैंगवार में मारा गया) उसे प्रिंस से मिलवाया।

## एसीबी दफ्तर पहुंचे सत्येंद्र जैन, पूछताछ

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन शुक्रवार को सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ के लिए भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के समक्ष पेश हुए। जैन को दिल्ली सरकार के एसीबी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। एसीबी कार्यालय जाने से पहले जैन ने कहा था कि राष्ट्रीय राजधानी में पिछली आप सरकार ने शहर की शिक्षा में सुधार की दिशा में काम किया, जबकि मौजूदा भाजपा सरकार केवल राजनीति कर रही है। पूछताछ से पहले बात करते हुए जैन ने कहा कि भाजपा मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। जैन ने कहा, 'पहले मुझे बताइए कि घोटाला शब्द कहां से आया? वे (भाजपा) काम नहीं करना चाहते और निजी स्कूलों को फीस बढ़ाने में मदद कर रहे हैं।

# दिल्ली में बकरीद पर ऊंट व गाय की कुर्बानी पर लगाई रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बकरीद के मौके पर राजधानी में अवैध पशु कुर्बानी पर सख्त रुख अपनाते हुए दिल्ली सरकार ने कड़ी एडवाइजरी जारी की है।

विकास मंत्री कपिल मिश्रा की ओर से जारी इस एडवाइजरी में स्पष्ट किया गया है कि गाय, बछड़े, ऊंट और अन्य प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पूरी तरह गैरकानूनी है और इसके उल्लंघन पर त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एडवाइजरी में कहा गया है कि कुर्बानी केवल निर्धारित और अधिकृत स्थानों पर ही दी जा सकेगी। सार्वजनिक स्थलों, सड़कों या गलियों में बलि देना पूरी तरह वर्जित रहेगा। साथ ही, बलि की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने पर भी पाबंदी लगाई गई है, जिससे धार्मिक भावना आहत होने या सामाजिक तनाव की स्थिति से बचा जा सके। विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, दिल्ली सरकार पशु कल्याण और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। धार्मिक स्वतंत्रता के साथ-साथ कानून का पालन भी जरूरी है। किसी भी अवैध कुर्बानी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारियों को इस बाबत स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए हैं। एडवाइजरी में पशु क्रूरता अधिनियम, १९६०, पशु परिवहन नियम, १९७८, स्लॉटर हाउस नियम, २००१ और खाद्य सुरक्षा कानूनों का हवाला देते हुए बताया गया है कि ऊंट खाद्य पशु नहीं माना गया है और उसकी बलि गैरकानूनी है। इसी तरह, गर्भवती जानवरों, नवजात बच्चों के साथ पशु या बिना पशु-चिकित्सकीय प्रमाणन वाले जानवरों की हत्या पर भी रोक है। गाय की कुर्बानी पर भी दिल्ली कृषि पशु संरक्षण अधिनियम, १९९४ के तहत पूरी तरह प्रतिबंध है। इस एडवाइजरी की कॉपी जिलाधिकारियों, डीसीपी, एमसीडी आयुक्त और अन्य संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है, जिन्हें बकरीद के दौरान इन नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित प्रशासन को दें और त्योहार को शांतिपूर्ण व कानूनी रूप से मनाएं।

# हाईटैक कोडिंग टैब व डूप्लीकेट चाबी से कारों को खोलने वाला गैंग पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर से में लग्जरी कारों को चोरी करने वाले भी पूरी तरह से हाईटैक हो गए हैं। गैंग कारों को चोरी करने और चोरी करते वक्त कार का हॉर्न न बज जाए,इसके लिये कोडिंग टैब के साथ डूप्लीकेट चाबियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिसके बाद कारों के साथ छेड़छाड़ करके उनको भारत के बॉर्डर एरिया में सप्लाई किया जा रहा है। अपराध शाखा ने एक ऐसे ही गैंग के दो चोर और दो रिसीवरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पहले भी ऑटो लिफ्टिंग के ४५ से अधिक मामलों में शामिल रहे हैं। जिनकी पहचान अभिषेक उर्फ सत्यम,जानी उर्फ तानी दो रिसीवर इरफान उर्फ पिंटू और नौशाद के रूप में हुई है। उनके कब्जे से चार चोरी के वाहन बरामद किए हैं। हेड कांस्टेबल नवीन की एक पुख्ता जानकारी के बाद पुलिस टीम ने अभिषेक उर्फ सत्यम

को रोहताश नगर, मानसरोवर पार्क, शाहदरा इलाके से पकड़ा।

उसके कब्जे से वसंत कुंज साउथ इलाके से चोरी एक मारुति बलेनो कार जबकि मौर्या एंक्लेव से किआ सेल्टोस कार जब्त की। उसकी निशानदेही पर चोरी की गई गाडियों के रिसीवर इरफान उर्फ पिंटू को गिरफ्तार किया। इरफान की निशानदेही पर मोती नगर से चोरी मारुति स्विफ्ट कार जब्त की। जबकि अभिषेक उर्फ सत्यम के सहयोगी आरोपी जानी उर्फ तानी को भी गिरफ्तार किया। वहीं तकनीकी निगरानी और मैनुअल इंटेलिजेंस की मदद से, चोरी की कारों के रिसीवर नौशाद सेख उर्फ राजू को कोलक. ाता, पश्चिम बंगाल से पकड़ा। जिसके कब्जे से कोटला मुबारकपुर से चोरी कार जब्त की।

पूछताछ करने पर पता चला कि अभिषेक उर्फ सत्यम के पिता दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की बिक्री-खरीद के व्यवसाय में था। कारोबार के बीच ही वह जानी उर्फ तानी के संपर्क में आकर कारों की चोरी करने लगा था। आरोपी इरफान उर्फ पिंटू से पता चला कि वह चोरी की गाडियों को आरोपी नौशाद उर्फ राजू को सप्लाई करता है, जिससे वे प्रति गाड़ी ८० हजार से एक लाख रुपये कमाते हैं। वे कार खोलने के लिए कोडिंग टैब का इस्तेमाल करते थे, जिसकी व्यवस्था इरफान उर्फ पिंटू करता था।

## प्रदूषण से जंग में एक्यूआई मानकों के बदलाव की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण से जंग और सख्त हो सकती है। पहली बार एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) के मानक बदलने की दिशा में काम हो रहा है। कुछ पुराने मानक हटाए जा सकते हैं और कुछ नई शुरुआत भी होने के संकेत हैं। एक्यूआई की गणना मई २०१५ से हुई थी। तब से देश भर में वही मानक चले आ रहे हैं।

इसके मुताबिक, पीएम २.५ और पीएम १० सहित एक्यूआइ की गणना आठ मानकों के आधार पर की जा रही है। अन्य छह मानकों में कार्बन मोनोक्साइड (सीओ), नाइट्रोजन ऑक्साइड (एनओ२), सल्फर डाइऑक्साइड (एसओ२), लेड व अमोनिया शामिल हैं। पर्यावरणविदों के मुताबिक, बदलते परिवेश में इन आठ में से कई मानक बहुत प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। लेड की नियमित ऑनलाइन निगरानी संभव नहीं है। एसओ२ और अमोनिया का स्तर कभी सामान्य से ज्यादा दर्ज नहीं होता। ऐसे ही पीएम १० के उत्सर्जन स्रोत भी मानव जनित नहीं, बल्कि प्राकृतिक बताए जा रहे हैं, इसलिए इस पर अधिक काम करने की जरूरत नहीं है। अप्रासंगिक मानकों की सांद्रता के अनुपात से एक्यूआई और वायु प्रदूषण का सही स्तर भी सामने नहीं आ पाता। विशेषज्ञों के अनुसार, पीएम २.५ के महीन कण तो अहम हैं ही, पीएम १ के अत्यंत महीन कण की निगरानी करना भी बहुत जरूरी हो गया है। इसलिए नए मानकों में पीएम १० भी हटाया जा सकता है और इसकी जगह पीएम १ शामिल हो सकता है।

# दुबई व बैंकॉक जाकर लाए थे अवैध सिगरेट, पांच पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हब-एंड-स्पोक मॉडल की तर्ज पर दुबई और बैंकॉक से प्रतिबंधित ई-सिगरेट और विदेशी सिगरेट ब्रांडों की सिगरेट की भारत में तस्करी करके उनको अपने आका को सौंपने वाले गैंग के पांच आरो. पियों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार करके दो लाख ४२ हजार रुपये की अवैध सिगरेट जब्त की हैं। आरोपियों की प्रत्येक ट्रिप से ७० से ८० हजार रुपये की कमाई होती थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध शाखा को प्रतिबंधित ई सिगरेट विदेश से तस्करी करके लाने की जानकारी मिली थी। एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर पंकज मलिक के निर्देशन में पुलिस टीम ने आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल-३ के बाहर घेराबंदी की। अलग अलग अंतरराष्ट्रीय विमानों से आए तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान विवेक कुमार कनौजिया,जाकिर आलम, मोहम्मद शोएब,नाजिश और गुलसनव्वर के रूप में हुई। जिनके कब्जे से दस बैग से २,४२,००० सिगरेट जब्त की। पूछताछ करने पर पता चला कि वे दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार के निवासी हैं। वे बेरोजगार थे या छोटे-मोटे काम कर रहे थे, जब उन्हें संचालकों ने संपर्क किया, जिन्होंने बस बैग ले जाने के बदले में आसान पैसे देने का वादा किया था। वे एक कमीशन के तौर पर तस्करी रैकेट में अंतर्राष्ट्रीय कूरियर के रूप में काम कर रहे थे। उनके आका उनको आमतौर पर दुबई या बैंकॉक के लिए टिकट और आवास उपलब्ध कराते थे, जहाँ से वे अवैध तम्बाकू उत्पादों से भरे बैग लेकर लौटते थे। वे कम से कम जाँच के साथ सीमा शुल्क से बचने के उद्देश्य से देर रात या सुबह की उड़ानें चुनते थे। उतरने पर, तस्करी को शहर में इंतजार कर रहे स्थानीय संचाल. कों को सौंप दिया जाना था। दिलचस्प बात यह है कि जबकि उनके गंतव्य और यात्राएँ अलग-अलग थीं, उनमें से कोई भी एक-दूसरे को व्यक्तिगत रूप से नहीं जानता था, जो तस्करी के हब-एंड-स्पोक मॉडल की ओर इशारा करता है, जहाँ बड़े नेटवर्क को छिपाने और ट्रेस करने से बचने के लिए विभिन्न निम्न-स्तरीय कूरियर का उपयोग किया जाता है।

## एक नजर

### डॉ. जे.के. उज्जैनिया को डीएचए बनने पर दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** जम-जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने आज दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेन्टर में जाकर डॉ. जे.के. उज्जैनिया से मुलाकात की तथा उन्हें दिल्ली नगर निगम में निर्देशक अस्पताल प्रशासन (डीएचए) बनने पर बधाई दी शमीम अहमद खान ने बताया कि डॉ. जे.के.उज्जैनिया हिन्दूराव अस्पताल में सीएमओ अस्पताल प्रशासन भी रह चुके है और हिन्दूराव अस्पताल में सर्जिकल विभाग में यूनिट इंचार्ज रहते हुए हमेशा गरीब मरीजों की भरपूर मदद करते रहें है इस मौके पर शमीम अहमद खान व अर्जुन चौपड़ा ने फूलमालाओं से डॉ. जे.के. उज्जैनिया का जोरदार स्वागत भी किया।

### सिक्किम के सीएम तामांग ने मां को समर्पित करते हुए एक पेड़ लगाया



**नई दिल्ली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई राष्ट्रव्यापी पहल "एक पेड़ माँ के नाम" के तहत अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाकर इस दिन को एक बहुत ही व्यक्तिगत और सार्थक भाव से मनाया। पौधारोपण से पहले, मुख्यमंत्री ने अपनी मां 'धन माया तामांग' का आशीर्वाद लिया, जिन्हें उन्होंने अपनी शक्ति का स्तंभ और अपने जीवन में मार्गदर्शक बताया। उनके नाम पर एक पौधा लगाने का प्रतीकात्मक कार्य न केवल उनकी पोषण करने वाली उपस्थिति के लिए एक श्रद्धांजलि थी, बल्कि प्रकृति और मातृत्व के बीच के बंधन का प्रतिक है।

### कलाबिंब कला प्रदर्शनी का आयोजन किया



**नई दिल्ली।** इंडिया हैबिटेट सेंटर स्थित विजुअल आर्ट गैलरी में 'कलाबिंब नामक कला प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया.फाइनटच द्वारा प्रस्तुत इस कला प्रदर्शनी में देशभर से 25 जाने-माने कलाकारों की, पेंटिंग्स, ग्राफिक्स और फोटोग्राफी की उत्कृष्ट कलाकृतियाँ प्रदर्शित की जा रही है , प्रदर्शनी के आयोजक बालविंदर तंवर और रविंद्र कुमार तंवर है । मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध फोटोग्राफर पद्मश्री रघु राय को तीसरे किरोड़ीमल तंवर स्मृति ष्लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड - 2025 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलाकृतियों की प्रशंसा करते हुए, कहा हमें अपनी कला और संस्कृति से युवा पीढ़ी को अवगत करना चाहिए। विशेष अतिथियों के रूप में अमित कपूर (आईडब्ल्यूएस इंडिया के अध्यक्ष) उपस्थित रहें। साजल पात्रा, एस. दलिप हितकारी, आनंद मोय, रामबली प्रजापति, रूपचंद, विमल चंद, तीर्थंकर, सुरेश कुमार, उदय शंकर, प्रवीण सैनी सहित कई प्रतिष्ठित कला-प्रेमी उपस्थित थे प्रदर्शनी 9 जून तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

### सम्राट पृथ्वीराज चौहान पर साझा की अपनी भावनाएं

**नई दिल्ली।** इतिहास के पास हमें बताने को बहुत कुछ है कि हमने क्या-क्या झेला है। भले ही किताबों और दूसरी तरह के ज्ञान के जरिए लोग अतीत के बारे में जानते हैं, लेकिन सोनी के शो 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' का एक प्रोमो देखकर एक्टर विक्रांत मैसी को हमारे इतिहास के बारे में खुलकर बताने के लिए प्रेरणा मिली। उन्होंने चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान शो के प्रोमो को देखकर हमारे इतिहास पर अपनी सोच साझा की। अपनी राय रखते हुए विक्रांत मैसी कहते हैं', ष्कम लोग जानते हैं कि इतिहास मेरा फेवरेट सब्जेक्ट रहा है। मैं आज भी यूं ही किताबें पढ़ता हूं क्योंकि आज को समझने के लिए बीते हुए कल को समझना बहुत जरूरी है। हाल ही में मैंने सोनी टीवी के आने वाले शो का प्रोमो देखा तो मन में एक बात आई।

### 34वां स्थापना दिवस मनाया गया

**नई दिल्ली।** सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) ने देश को समर्पित अपनी ३४ वर्षों की प्रभावशाली सेवा को गर्व के साथ पूरा किया है। पिछले तीन दशकों में, एसटीपीआई ने सॉफ्टवेयर निर्यात में निरंतर वृद्धि और एक सक्रिय तकनीकी स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देकर भारत के आईटी क्षेत्र को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एसटीपीआई के ३४वें स्थापना दिवस पर, एसटीपीआई के महानिदेशक अरविंद कुमार ने कहा' , "आज एसटीपीआई के लिए गर्व का क्षण है। एसटीपीआई ने तीन केंद्रों से अपनी शुरुआत की थी, जब आईटी उद्योग अभी शुरुआती दौर में था। अब एसटीपीआई के देश भर में ६७ केंद्र हैं, जिन्होंने आईटी उद्योग को बदलने में अहम भूमिका निभाई है।

### पर्यावरण जन्म शताब्दी वर्ष का शुभारंभ 15 जून से




**नई दिल्ली।** आचार्य सुशील कुमार जी महाराज का जन्म शताब्दी वर्ष -ष्पर्यावरण जन्म शताब्दी ष्वर्ष के रूप में,साध्वी दीप्ति एवं साध्वी लक्षिता के सानिध्य में रविवार सुबह १० बजे, १५ जून २०२५ जिसका शुभारंभ डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर से होगा। जिसमें भारत के १४ वे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन किशोर मकवाना, अखिल भारतीय संयोजक पर्यावरण संरक्षक गतिविधि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ- गोपाल आर्या तथा दिल्ली प्रांत विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष कपिल खन्ना आदि अन्य गण मान्य सदस्य उपस्थित रहेंगे। अर्हत् जैन संघ की,ष्आचार्य सुशील आश्रम की,ष्पर्यावरण शताब्दी महोत्सव की संचालिका साध्वी दीप्ति ने कहा कि परम पूज्य आचार्य सुशील कुमार जी का नाम सुनते ही एक ऐसे गुरु का स्मरण होता है जिन्होंने अपनी जिंदगी के ५० से अधिक वर्ष अहिंसा शांति शाकाहार और पर्यावरण के मार्ग पर चलकर देश-विदेश में विश्व धर्म का प्रचार प्रसार किया। विश्व अहिंसा संघ ट्रस्ट मैनेजिंग ट्रस्टी घ्गौतम ओसवाल ने बताया कि हमारी परियोजना हमारा संकल्प और हमारा लक्ष्य दिल्ली एनसीआर और पूरे विश्व में भारत में, एक करोड़ कल्पवृक्ष शताब्दी में लगाने का प्रयास है।



दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए सिविक सेंटर स्थिति निगम सचिव कार्यालय में नामांकन दाखिल किये गए। बीजेपी की ओर से अध्यक्ष पद के लिए, सत्या शर्मा ने तथा उपाध्यक्ष पद के लिए, सुन्दर सिंह नामांकन भरते हुए।

## निगम की स्थायी समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल किए गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए आज सिविक सेंटर स्थिति निगम सचिव कार्यालय में नामांकन दाखिल किये गए। बीजेपी की ओर से अध्यक्ष पद के लिए, सत्या शर्मा ने तथा उपाध्यक्ष पद के लिए, सुन्दर सिंह ने अपना नामांकन भरा। इस मौके पर दिल्ली के महापौर, राजा इकबाल सिंह तथा नेता सदन, प्रवेश वाही मौजूद थे। वहीं दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी की ओर से अध्यक्ष पद के लिए प्रवीण कुमार तथा उपाध्यक्ष के पद पर मोहिनी जीनवाल ने अपना नामांकन दाखिल किया।

महापौर, राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के लिए यह खुशी की बात है कि स्थायी समिति के निर्माण होने जा रहा है और इससे निगम में विकास को बल मिलेगा। उन्होने कहा कि स्थायी समिति की अनुपस्थिति में दिल्ली नगर निगम में विकास की बड़ी योजनाएं नहीं बन पायी लेकिन अब सभी सदस्य मिलकर सकारात्मक काम करेंगे और दिल्ली के नागरिकों को उन्नत नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे।

## हिमाचल से एक करोड़ की ड्रग्स लाकर सप्लाई करने से पहले पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश से दिल्ली और आस-पास के इलाकों में चरस की सप्लाई करने वाले पवन कुमार नामक तस्कर को एक करोड़ रुपये की चरस के साथ अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। जिससे उसके दिल्ली में नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी राजकुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर शिव कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने विपिन को एक पुख्ता जानकारी के बाद खजूरी खास के पास से चरस के साथ गिरफ्तार किया था। पकड़े जाने के वक्त वह ड्रग डिलीवरी के इरादे से एक सफेद स्कूटी होंडा एक्टिवा पर इंतजार कर रहा था। पूछताछ करने पर पता चला कि वह पिछले १५-२० वर्षों से एक प्रमुख ड्रग सप्लायर के रूप में काम कर रहा है। वह हिमाचल प्रदेश से दिल्ली और आस-पास के इलाकों में चरस की आपूर्ति करता है। वह अक्सर दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के बीच यात्रा करता था। वह हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू के थाना बंजार में एक एनडीपीएस के तहत एक मामले में शामिल रहा है।

# 'आप' ने एमसीडी की स्थायी समिति के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ल।** दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए आम आदमी पार्टी ने नामांकन दाखिल कर दिया। आम आदमी पार्टी ने स्थायी समिति के अध्यक्ष पद के लिए वार्ड 105 से पार्षद प्रवीण कुमार राजपूत को प्रत्याशी बनाया है, जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए वार्ड २१८ से पार्षद मोहिनी जीनवाल को मैदान में उतारा है। दोनों प्रत्याशियों ने अपना नाकांकन दाखिल कर चुनाव में जीत हासिल करने के लिए अपनी ताकत झोंक दी है।

इस विशेष अवसर पर आप वरिष्ठ नेता और एमसीडी के सह-प्रभारी प्रवीण कुमार, चांदनी चौक से विधायक पुनरदीप साहनी, देवली से विधायक प्रेम चौहान और स्थायी समिति सदस्य राफिया माहिर, आमिल मलिक उपस्थित रहे। एमसीडी में ष्आपष के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग का कहना है कि पार्टी स्थायी समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। हम भाजपा को इस चुनाव में खुला मैदान नहीं देंगे। हमारे उम्मीदवार भाजपा को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में हैं। हम उम्मीद करते हैं कि चुनाव परिणाम आम आदमी पार्टी के पक्ष में आएंगे। सिविक सेंटर एमसीडी मुख्यालय स्थित निगम सचिव कार्यालय में आम आदमी पार्टी से स्थायी समिति अध्यक्ष पद के लिए वार्ड-१०५ वेस्ट जोन से प्रवीण कुमार राजपूत और उपाध्यक्ष पद के लिए वार्ड-२१८ शाहदरा नॉर्थ जोन से मोहिनी जीनवाल ने नामांकन दाखिल किया। यह चुनाव १२ जून को आयोजित किया जाएगा और परिणाम भी उसी दिन घोषित किए जाएंगे। स्थायी समिति चुनाव में १८ सदस्य होते हैं १२ जोनो से एक-एक और निगम सदन से ६ सदस्य चुने जाते हैं।

# मुख्यमंत्री को मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी मिली है। दिल्ली पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात गाजियाबाद पुलिस की पीसीआर पर एक शख्स ने फोन किया और दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बताया किया कि बीती रात गाजियाबाद पुलिस से ये जानकारी उत्तर पश्चिम जिला पुलिस को मिली थी।

फिलहाल, धमकी मिलने के बाद गाजियाबाद और दिल्ली पुलिस आरोपी की तलाश कर रही हैं। रेखा गुप्ता दिल्ली की शाल. ीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहीं। ५० वर्षीय रेखा का जन्म हरियाणा के जींद जिले में स्थित नंदगढ़ गांव में १९७४ में हुआ था। उनके पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी पद पर थे। १९७६ में रेखा का परिवार दिल्ली में शिफ्ट हो गया था। तब उनकी उम्र महज दो साल थी। इसके बाद रेखा की प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक दिल्ली में हुई। रेखा गुप्ता का मूल निवास हरियाणा के जींद जिले से हैं, लेकिन वे मात्र दो वर्ष की आयु में दिल्ली आ गई थीं और तभी से यहीं रह रही हैं। उनकी पूरी शिक्षा दिल्ली में ही हुई है।

## कोयला घोटाला मामले में पूर्व कोयला सचिव समेत दो अन्य भी बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक कोर्ट ने झारखंड में महुआगढ़ी कोयला ब्लॉक के आवंटन से जुड़े एक मामले में आरोपियों को बरी कर दिया है।कोर्ट ने पूर्व कोयला सचिव एच सी गुप्ता, पूर्व संयुक्त सचिव (कोयला) के एस क्रोफा और तत्कालीन निदेशक के सी समारिया को बरी कर दिया।

# वन मंत्री ने पेड़ों की कटाई व रख रखाव पर जारी किए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण एवं वन मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के निर्देशानुसार पर्यावरण विभाग ने दिल्ली प्रिज्वेशन ऑफ ट्री एक्ट (डीपीटीए), १९९४ की धारा ३३ के तहत वृक्ष अधिकारियों को धारा ८ के क्रियान्वयन के संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि धारा ८ के अनुसार बिना वृक्ष अधिकारी की अनुमति किसी भी पेड़ को काटना, हटाना या नष्ट करना मना है। लेकिन आपातकालीन स्थिति में, जब पेड़ जान-माल या यातायात के लिए खतरा बनता है, तो आरडब्लूए, जमीन मालिक एजेंसी, व्यक्ति या जिम्मेदार एजेंसी बिना अनुमति के कार्रवाई कर सकते हैं, बशर्ते २४ घंटे के भीतर इस कार्रवाई की रिपोर्ट वृक्ष अधिकारी को दें। इस प्रक्रिया में स्पष्टता लाने के लिए, दिल्ली सरकार के वन और वन्यजीव विभाग ने एक गाइडलाइन जारी किया है जिसमें ऐसी सामान्य स्थितियों को बताया गया है जहाँ पेड़ों की तुरंत छंटाई या कटाई जरूरी हो सकती है। जैसे कि सड़क, पुल, नालियां या सीवर लाइन बंद करना; भवन या धरोहर संरचनाओं को नुकसान पहुंचाना; मेट्रो या रेलवे संरचनाओं में बाधा उत्पन्न करना; या सूखे, मृत या झुके हुए पेड़ जो गिरने का खतरा रखते हों।

ऐसी स्थिति में, संबंधित एजेंसी, व्यक्ति या आवासीय सोसायटी तुरंत आवश्यक कार्रवाई कर सकती है, लेकिन उसे २४ घंटे के भीतर कम से कम तीन अलग-अलग कोणों से फोटो, भू-स्थान कार्रवाई का कारण और कार्रवाई के बाद की तस्वीरें डीपीटीए के ई फॉरेस्ट पोर्टल पर अपलोड कर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा।

## बेल्जियम के डिप्लोमेट ने लगाए थे नेतन्याहू के वांटेड वाले पोस्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चाणक्यपुरी इलाके में इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ वांटेड वाले पोस्टर बेल्जियम के डिप्लोमेट ने लगाए थे। दिल्ली पुलिस ने पोस्टर लगाने वाले डिप्लोमेट को पकड़ लिया, हालांकि राजदूत होने की वजह से न ही पूछताछ की और न ही उन्हें हिरासत में लिया गया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में केंद्रीय गृहमंत्रालय और विदेश मंत्रालय को रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस्राइल प्रधानमंत्री के वांटेड होने के पोस्टर लगाने की घटना २६ मई की है। इसका पता तब चला जब चाणक्यपुरी थाने के पुलिसकर्मियों ने मालचा मार्ग पर बिजली के खंभों पर ये पोस्टर देखें। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि आरोपी बेल्जियम एंबेसी से आया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार डिप्लोमेंट ने ये नहीं बताया कि उसने प्रधानमंत्री के विवादित पोस्टर क्यों लगाए है। उसने ये कहा कि वह यूरोपीय देशों से हमदर्दी रखता है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि फुटेज में नीली शर्ट और काली पतलून पहने एक शख्स सुबह करीब ५.३० बजे साइकिल से आया और उसने ही बिजली के खंभे पर पोस्टर लगाए।

## राज्य में दिव्यांगों के लिए कई सुविधाएं विकसित हो रही: रविन्द्र इन्द्राज सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने नरेला में मानसिक रूप से दिव्यांगों के लिए तैयार हो रहे भवन का पीडब्ल्यूडी और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि कैम्पस दिव्यांगों के लिए आवश्यक सुविधाओं के अनुरूप तैयार हो रहा है। इसके तैयार होने पर रोहिणी के आशा होम्स जैसे जिन शेल्टर होम्स में क्षमता से अधिक दिव्यांग रह रहे हैं, उन्हें यहाँ शिफ्ट किया जा सकेगा।

नरेला में नर्सिंग कॉलेज हॉस्टल बिल्डिंग, प्राथमिक शहरी स्वास्थ्य केंद्र परिसर में दिव्यांगों के लिए तैयार हो रहे भवन में २२० दिव्यांगों के रहने की सुविधा होगी। यह सुविधा तीन महीने के अंदर शुरू हो जाएगी।

समाज कल्याण मंत्री ने निर्देश दिए कि कैम्पस डिसएबल्ड फ्रेंडली हो, कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा करें, परिसर के बाहर अतिक्रमण न हो और एंबुलेन्स की आवाजाही में कोई समस्या न आए। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि राज्य में दिव्यांगों के लिए कई सुविधाएं विकसित हो रही हैं। मामूरपुर और दल्लूपुरा में भवन तैयार होने के बाद दिव्यांगों के लिए सुविधा, सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के विकल्प बढ़ेंगे।

## स्कूलों, कॉलेजों को सशक्त बनाने को लॉन्च किया 'इंडियाऐड'

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** इंडिया ऐड देश भर में स्कूलों, कॉलेजों और ऐडटेक प्लेटफॉर्म्स को सशक्तबनाने के लिए बिना ब्याज के देगा स्कूल फीस के लिए ऋण भारत में शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करने वाले एनबीएफसी ऑक्सिलो फिनसर्व ने 'इंडियाऐड' के लॉन्च की घोषणा की है, जो स्कूल एवं ट्यूशन फीस के लिए ब्याज रहित ऋण की सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। इस बारे में ऑक्सिलो फिनसर्व के चीफ बिजनेस ऑफिसर घरेलू ऋण आनंद सुब्रमण्यम ने कहा कि 'हम सीधे स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग सेंटरों एवं ऐडटेक संस्थानों के साथ जुड़कर उन्हें ऐसे ऋण समाधान उपलब्ध करा रहे हैं, जो छात्रों और प्रशासकों दोनों के लिए फायदेमंद हैं।

# आयुष्मान योजना के दायरे में दिल्ली के बड़े अस्पताल शामिल नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के दायरे में दिल्ली के बड़े अस्पताल शामिल नहीं हुए। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में करीब ६० अस्पताल इस योजना के तहत सुविधा दे रहे हैं। इनमें ज्यादातर छोटे व मध्यम स्तर के अस्पताल या नर्सिंग होम शामिल हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, राजधानी में एक हजार से अधिक निजी अस्पताल व नर्सिंग होम पंजीकृत हैं। इनमें से अधिकतर अस्पताल व नर्सिंग होम योजना में शामिल होने से बच रहे हैं। निजी अस्पतालों का दावा है कि योजना के तहत इलाज के बदले किए जा रहे भुगतान का शुल्क काफी कम है। इसके अलावा शुल्क का भुगतान लंबे समय तक नहीं हो पा रहा। समय पर भुगतान न होना और पर्याप्त खर्च न देना इस योजना के लिए बड़ी समस्या बन रहा है। इस योजना के तहत सर्जरी सहित अन्य के लिए जो शुल्क तय किया गया है। उससे मध्यम स्तर के अस्पताल का खर्च नहीं निकल पाता। ऐसे में कोई भी अस्पताल नुकसान के साथ योजना में शामिल होने के पक्ष में नहीं है।हालांकि दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह का दावा है कि इस योजना के तहत दिल्ली के फाइव स्टार अस्पतालों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी। नेशनल मेडिकल फोरम और दिल्ली अस्पताल फोरम के अध्यक्ष डॉ. प्रेम अग्रवाल का कहना है कि यह योजना काफी अच्छी है, लेकिन इसके शुल्क और भुगतान को लेकर सरकार को विचार करना चाहिए।

निजी अस्पताल इस योजना में शामिल होने के पक्ष में हैं, लेकिन सरकार को निजी अस्पताल का सहयोग करना चाहिए। नियमों में सुधार करना चाहिए। उनका दावा है कि सरकारी तंत्र ने नियमों का बंधन लगाकर दिल्ली के निजी अस्पतालों से आठ हजार बिस्तर घटा दिए गए हैं। जबकि योजना को प्रभावी बनाने के लिए बिस्तर बढ़ाने की जरूरत है। दिल्ली की जनसंख्या को देखते हुए निजी और सरकारी अस्पतालों में एक लाख बिस्तर की जरूरत है।


शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं






फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# बाइक चोरी करने वाले चार गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना फेज-1 पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी करने वाले चार बदमाशों को पकड़ा है। इनके कब्जे से 26 बाइक और एक ऑटो बरामद किया गया। इन चारों ने अब तक 100 से ज्यादा दो पहिया वाहन चोरी किए। गैंग का सरगना कुंदन उर्फ कुबेर है।

इस पर 28 से मुकदमे है। इसके अलावा राहुल , अमित और संकल्प शामिल है। इन सभी अलग-अलग 20 से ज्यादा मुकदमे है। इन चारों को ए-16 सेक्टर-6 से गिरफ्तार किया गया।

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि कुन्दन उर्फ कुबेर गैंग का सरगना है। ये नोएडा , दिल्ली , गाजियाबाद, मेरठ और आसपास के शहरों में भीड़ भाड़ वाले इलाकों में खड़ी बाइक की रेकी करते थे। इसके बाद मास्टर चाबी से उसका लॉक खोलकर चोरी करते। अगर लॉक नहीं खुलता तो ये ऑटो से उस बाइक को टोह कर ले जाते है। करीब छह से सात दिनों तक उसको अपने सेफ स्थान पर रखते। इसके बाद सस्ते दामों पर एनसीआर के ही अन्य जिलों में बेच देते है। एक बाइक 5 हजार ये 10 हजार में बेचते है।

**ऑटो से करते रेकी:** ये चारों ऑटो से रेकी करते है। ताकि किसी को भी शक न हो। इसमें कुंदन ऑटो चलाता है। बाकी तीन साथी पीछे बैठते है। ये होटल , भीड़ भाड़ वाले में इलाकों में जाते। यहां बाइक को टारगेट करने के बाद महज 10 मिनट में या तो लॉक खोलकर चोरी करते ये उसे ऑटो में लाद लेते थे। इसके बाद उसे सेफ जगह ले जाते थे।

**16 बाइक नोएडा से की चोरी:** इनके पास से बरामद की गई 26 बाइ. कों में 16 बाइक नोएडा से चोरी की गई। इसके अलावा बाकी बाइक अन्य शहरों से चोरी की गई। इन चारों का डेटा अन्य जनपद भेजा जा रहा है। ताकि वहां से इनके बारे में जानकारी मिल सके।

## मायचा के लीजबैक के प्रकरणों पर हुई सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** किसानों के लीज बैक के प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से सुनवाई जारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी गिरीश कुमार झा, ओएसडी जितेंद्र गौतम और ओएसडी राम नयन सिंह ने शुक्रवार को मायचा के 26 प्रकरणों पर सुनवाई की। किसानों से साक्ष्य भी प्राप्त किए। ओएसडी भूलेख गिरीश कुमार झा ने बताया कि किसानों की मांग पर लीज बैक के प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की आबादी व्यवस्थापन के लिए बनी समिति द्वारा सुनवाई की जा रही है। सुनवाई 24 मार्च से शुरू हुई है। तय शेड्यूल के अनुसार ग्रामवार सुनवाई की जा रही है।

# बिहार में मां-बेटी का हत्यारोपी नोएडा से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बिहार के रोहतास जिले के नोखा में सास और उसकी दो बेटियों पर बलकटी से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को नोएडा में फेज-2 पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया।

इस हमले में महिला और उसकी एक बेटी की मौत हो गई थी। एक गंभीर रूप से घायल हालत में अस्पताल में भर्ती है। आरोपी की गिरफ्तारी हाल में ही पुलिस की ओर चलाए गए डोर टू डोर वेरिफिकेशन कैंपेन के चलते हो पाई। नयागांव से गिरफ्तार होने के बाद बिहार के नोखा थाने की पुलिस आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर साथ लेकर गई हैं।



जानकारी के अनुसार 29 मई को बिहार के रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र में सरस्वती उनकी दो बेटी रूपाली और अमृता पर हमला हुआ था। जिसमें सरस्वती और रूपाली की मौत हो गई थी।

इस हत्या का आरोप उनके दामाद नाजिम हुसैन उर्फ रवि चौधरी पर था। आरोपी वारदात के बाद नोएडा में आकर छिप गया। यही उसका घर है। इसी के आधार पर बिहार से पुलिस टीम उसे तलाशते हुए नोएडा के फेज-2 थाने पहुंची थी।

**प्रॉपर्टी का है विवाद:** जानक. ारी के अनुसार इस मामले में बिहार पुलिस आरोपी से पूछताछ करेगी, लेकिन प्राथमिक जांच के बाद सामने आया है। नाजिम की सास की 8 बेटी और एक बेटा था। बेटा 4 साल की उम्र में संदिग्ध हालत में लापता हो गया जोकि अभी तक नहीं मिला।

नाजिम की सास की कुछ प्रॉपर्टी के अधिग्रहण के बाद उसका मुआवजा आना था। वह उस जमीन को उसके नाम पर करने का दबाव बना रहा था, ऐसा नहीं करने पर विवाद के बाद उसने उसे बलकटी से सास और उसकी दो बेटियों पर हमला कर दिया, जिसमें दो की मौत हो गई।

# नोएडा में 32 नए कोरोना पॉजिटिव केस

■ 190 **सक्रिय मामले तीन अस्पताल में भर्ती**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में शुक्रवार को 32 कोरोना के नए मामले सामने आए। अब कुल 190 सक्रिय मामले है। इसमें से तीन मरीज भर्ती है। वहीं बाकी का होम आइसोलेशन में इलाज किया जा रहा है। इसमें 79 मेल है और 111 फीमेल है। गुरुवार को एक बच्ची की मौत कोरोना से हुई है। बच्ची दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल में इलाज चल रहा था। बच्ची को निमोनिया भी हो गया था।

अब तक सात मरीज ठीक हो चुके हैं। वहीं, जैसे-जैसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है, स्वास्थ्य विभाग ने जांच का दायरा बढ़ाने पर भी काम शुरू कर रहा है। प्राथमिक और साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी कोविड जांच शुरू करने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को किट उपलब्ध हो गई हैं। अभी सिर्फ जिला अस्पताल में कोविड की जांच हो रही है।

**लखनऊ से मांगी जानकारी:** डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि लखनऊ से जिले में मौजूदा स्वास्थ्य सुविधाओं की सूची मांगी गई है। स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध ऑक्सीजन कांसन्ट्रेट, नेबुलाइजर, दवाओं का स्टॉक, बेड आदि की जानकारी भेज दी गई है। इस समय भगेल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 75 ऑक्सीजन कंसंट्रेशन उपलब्ध हैं, जिन्हें जरूरत पड़ने पर अन्य केंद्रों पर भेजा जाएगा। ऑक्सीजन प्लांट्स का निरीक्षण किया गया है और सभी सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं।

**10 बेड का आइसोलेशन वार्ड बना:** नोएडा के जिला अस्पताल में 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड भी बना दिया गया है। 10 बेड का आइसीयू भी कार्यरत है। निजी अस्पतालों से भी संपर्क किया जा रहा है। इमरजेंसी में अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

## 60 मीटर रोड से 130 मीटर रोड को जोड़ने के लिए 80 मीटर रोड का निर्माण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने के लिए 80 मीटर चौड़ी रोड का निर्माण शुरू करा दिया है। रोड की जमीन को लेकर विवाद के चलते यह रोड नहीं बन पा रही थी, लेकिन प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की पहल पर किसानों से वार्ता के जरिए इस अवरोध को खत्म कर रोड का निर्माण शुरू करा दिया गया है। इस रोड के बनने से सेक्टर-3 के पास 60 मीटर रोड से नॉलेज पार्क-5 के पास 130 मीटर रोड पर आना-जाना आसान हो जाएगा। 60 मीटर रोड पर ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा। समय और ईंधन की भी बचत होगी।

सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ग्रेनो वेस्ट में ट्रैफिक जाम को खत्म करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अंडरपास, यूटर्न और सड़कों का चौड़ीकरण करा रहा है। इसके साथ ही प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वर्क सर्कल तीन ने 60 मीटर रोड और 130 मीटर रोड को जोड़ने के लिए 80 मीटर रोड का निर्माण शुरू करा दिया है। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने वाली 60 मीटर रोड पर ट्रैफिक का दबाव अधिक है। इसे कम करने के लिए सेक्टर-3 के पास 60 मीटर रोड से नॉलेज पार्क-5 के पास 130 मीटर रोड तक 80 मीटर चौड़ी रोड का निर्माण किया जा रहा है। इसकी लंबाई लगभग 2200 मीटर है। इसे बनाने में करीब 10 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मानसूनी बारिश शुरू होने से पहले इसे पूरा करने का लक्ष्य है। इस रोड के बन जाने से ग्रेटर नोएडा व ग्रेनो वेस्ट के बीच सफर करने वालों को बड़ी राहत मिल जाएगी।

## एक नजर

### नए नोएडा के लिए मुआवजा दर तय करने की बैठक अगले हफ्ते होगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नए नोएडा के गांवों के लिए मुआवजा दर तय करने की बैठक अगले सप्ताह होगी। इसमें नोएडा प्राधिकरण और बुलंदशहर जिला प्रशासन के अधिकारियों के बीच मुआवजा दर पर चर्चा होगी। नोएडा प्राधिकरण, जिला प्रशासन गौतमबुद्ध नगर और जिला प्रशासन बुलंदशहर के अफसर मुआवजा दर करने के लिए बीते तीन महीने से जल्द बैठक होने की बात कह रहे हैं, लेकिन अब तक बैठक नहीं हो पाई। मुआवजा दर तय नहीं होने की वजह से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो पा रही है। अब प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि अगले सप्ताह बैठक होगी। इसके लिए बुलंदशहर के जिला प्रशासन के अधिकारियों से बैठक की तारीख तय करने को लेकर बातचीत चल रही है। उम्मीद है कि बैठक में मुआवजा दर तय करने को लेकर कुछ बात आगे बढ़ेगी।

### पुलिसकर्मियों ने मांगी 50 लाख की रंगदारी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। रबूपुरा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 5-6 पुलिसकर्मियों के खिलाफ रंगदारी मांगने का केस दर्ज किया है।

मुरादगढ़ी गांव के भूप सिंह ने बताया कि 16 मई 2024 को बिना नंबर प्लेट की स्कोर्पियो से उतरे 5 हथियारबंद लोगों ने उन पर हमला किया। भूप सिंह अपनी जान बचाने के लिए घर में भाग गए।

हमलावर भी उनके पीछे घर में घुस आए। इस दौरान भूप सिंह घायल हो गए। उन्होंने घर का दरवाजा बंद कर लिया। हमलावर दरवाजा खुलवाने की कोशिश करते रहे। जब दरवाजा नहीं खुला तो गालियां देकर धमकी देते हुए चले गए। भूप सिंह के अनुसार, इससे पहले कई दिनों से एक व्यक्ति खुद को एसटीएफ का कर्मी बताकर फोन पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा था। वही व्यक्ति अपने पुलिसकर्मी साथियों के साथ उनका अपहरण करने आया था। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी पीड़ित के पास मौजूद है।

पीड़ित ने रबूपुरा पुलिस और जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की। कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया। करीब एक साल बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### नोएडा प्राधिकरण स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता का करेगा आयोजन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण द्वारा शहर को स्वच्छ बनाये जाने के लिए निरन्तर अथक प्रयास किये जा रहे है। जिसमें शहरवासियों का योगदान भी प्राप्त हो रहा है। प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक वर्ष आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग किया जाता है।

प्राय: संज्ञानित होता है कि शहर के आम जनमानस एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा शहर में भंडारा / जलपान / प्याऊ इत्यादि का सार्वजनिक स्थलों/मुख्य मार्गो पर आयोजन किया जाता है। जिसमें अधिकांश रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग किया जाता है तथा साथ ही डस्टबिन इत्यादि के प्रबन्ध के बिना भंडारा/जलपान/प्याऊ का आयोजन किया जाता है। जिस कारण गंदगी तो फैलती ही है साथ ही पर्यावरण को भी अत्यधिक हानि पहुँचती है। अत: उक्त के दृष्टिगत भंडारा/जलपान/प्याऊ इत्यादि के आयोजन में प्लास्टिक सामग्री का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित किया जाता है। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि नोएडा क्षेत्र में किसी भी प्रकार भंडारा/ जलपान / प्याऊ के आयोजन से पूर्व प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग, कमांड कन्ट्रोल सैन्टर बिल्डिंग, सैक्टर - 94 से अनुमति प्राप्त करनी होगी। तदोपरान्त ही किसी भी प्रकार के भंडारा / जलपान / प्याऊ का आयोजन किया जायें ।

### गलगोटिया यूनिवर्सिटी के छात्र पर हमला सिर में आए 14 टांके, चार छात्रों पर केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे बी फार्मा के एक छात्र पर उसके ही साथी छात्रों ने जानलेवा हमला कर दिया। शुक्रवार शाम छात्र यूनिवर्सिटी से पढ़ाई के बाद अपने फ्लैट लौट रहा था। तभी यह घटना हुई। छात्र के सिर में गंभीर चोट लगी है। सिर में 14 टांके आए है।

पीड़ित छात्र स्पर्श मूल रूप से गोरखपुर का निवासी है। छात्र ने पुलिस को बताया कि यूनिवर्सिटी के चार छात्रों ने उस पर अचानक हमला किया। हमलावरों ने लोहे के पंच और लात-घूंसों से उसे बुरी तरह पीटा। हमले में स्पर्श के सिर में गंभीर चोट आई है। उसे 14 टांके लगाए गए हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि यह हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया है। पीड़ित की तहरीर पर मामले में चार छात्र विशाल, शानू, नवदीश व एक अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दनकौर कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। हमला करने वाले छात्रों की तलाश जारी है।

## महामाया फ्लाईओवर से डीएनडी लूप तक होगा चौड़ीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडाएक्सप्रेस-वे पर राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल एवं ग्रीन गार्डन के सामने महामाया फ्लाईओवर से डीएनडी लूप तक लगने वाले जाम की समस्या से जनमानस को मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से उक्त दूरी में मार्ग का चौड़ीकरण किया जाना प्रस्तावित है। इस सम्बन्ध में एक्सप्रेस-वे पर सेक्टर-95 स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल एवं ग्रीन गार्डन का रखरखाव कर रही संस्था उ०प्र० शासन की स्मारकों, संग्रहालयों, संस्थाओं, पार्कों व उपवनों आदि की प्रबन्धन, सुरक्षा एवं अनुरक्षण समिति से उक्त पार्क के सामने चौड़ीकरण कार्य करने की अनापत्ति प्राप्त करने के लिए दिनांक 26.09.2024 को प्राधिकरण द्वारा उक्त समिति को पत्र प्रेषित किया गया था, जिसके क्रम में समिति द्वारा उनके पत्रांक 280 / प्र०प्र० / अना० / एक्सप्रेस-वे / 2025 दिनांक 05.06. 2025 के माध्यम से अनापत्ति प्रदान कर दी गई है।

बता दें कि प्राधिकरण द्वारा उक्त मार्ग के चौड़ीकरण के लिए पूर्व में स्टडी करायी गई थी, जिसमें कन्सलटेन्ट द्वारा सैक्टर-95 पार्क के सामने लम्बाई 600 मी0 में पूर्व में निर्मित 1.0 मी0 रोड साइड पटरी +1.4 मी0 चौड़ा छोटा फुटपाथ एवं रेलिंग + 3.1 मी0 चौड़ा पेव्ड टाईल सर्फेस को हटाकर कुल 5.5 मी0 चौड़ी सर्विस लेन बनाये जाने का सुझाव दिया गया है, जो कि त्वंक ब्वतपकवतूल पकजी 45.00उ. के अन्तर्गत आता है तथा उक्त सभी को हटाये जाने से उक्त मार्ग पर वर्तमान में लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या का निराकरण हो सकेगा।

## मॉल में सुरक्षाकर्मी बने हैवान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अल्फा दो स्थित आईथम गैलेरिया मॉल में सुरक्षाकर्मियों की गुंडई का मामला सामने आया है। पॉश मॉल में तीन सुरक्षाकर्मियों ने एक युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। इससे संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। बीटा दो कोतवाली पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए तीनों सुरक्षार्मियों को धर दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अर्जुन सिंह निवासी अलीगढ़, प्रिंस निवासी दादरी व विकास निवासी बागपत के रूप में हुई है। तीनों बतौर सुरक्षाकर्मी मॉल में तैनात थे। पुलिस जांच में पता चला है कि शराब में नशे में धुत एक युवक मॉल में घूमने के लिए पहुंचा था। उसने सुरक्षाकर्मियों को गाली दे दी। बात बढ़ गई और सुरक्षाकर्मियों ने युवक को पीट दिया। इसका वीडियो मॉल में मौजूद लोगों ने मोबाइल से बनाकर वायरल कर दिया।

# स्ट्रक्चरल ऑडिट के टेंडर में आवेदन करने का समय एक सप्ताह बढ़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** स्ट्रक्चरल ऑडिट करने के लिए पैनल में निजी एजेंसियों को शामिल किया जाना है। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण की तरफ से जारी की गई आरएफपी-रिक्वेस्ट फॉर प्रपा. ेजल-आवेदन करने की समय-सीमा एक सप्ताह बढ़ा दी गई है। ऐसे में अब 13 जून को आरएफपी खोली जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि सोसाइटियों का स्ट्रक्चरल ऑडिट करने के लिए प्राधिकरण के पैनल में अभी तक सात सरकारी संस्थान शामिल हैं। ऑडिट प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कुछ महीने पहले निजी एजेंसियों को भी शामिल करने का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में पिछले महीने आरएफपी जारी कर एजेंसियों से आवेदन मांगे गए थे।

टेंडर में आवेदन करने का समय 5 जून तक रखा गया था। अधिकारियों ने बताया कि अब प्राइवेट एजेंसियां 12 जून तक आवे. दन कर सकती हैं। इसके बाद अगले दिन आरएफपी खोली जाएगी। इस तकनीकी बिड में जो एजेंसियां सफल होंगी, बाद में उनकी फाइनेनशियल बिड खोल जाएगी। प्राइवेट एजेंसी का यह होगा काम अधिकारियों ने बताया कि किसी सोसाइटी की एओए या बिल्डर की तरफ से स्ट्रक्चरल ऑडिट की मांग आने पर चयनित निजी एजेंसी वहां जाकर जांच करेंगी। संबंधित सोसाइटी का स्ट्रक्चरल ऑडिट करने के बाद एजेंसी बताएगी कि छोटी मरम्मत से काम चल जाएगा या बड़े स्तर पर काम कराना होगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद ऑडिट रिपोर्ट पर प्राधिकरण स्तर पर गठित समिति चर्चा करेगी। समिति तय करेगी कि संबंधित सोसाइटी में मरम्म्त का किस स्तर पर काम कराया जाए। अगर समिति मरम्मत कराने की अधिक जरुरत समझती हैं तो पैनल में शामिल निजी या सरकारी किसी एजेंसी से संबंधित एओए को मिलवाकर काम कराया जाएगा। स्ट्रक्चर ऑडिट कराने के एओए या बिल्डर, जिससे भी आवेदन आया होगा, उसी को स्ट्रक्चरल ऑडिट का खर्चा वहन करना होगा।

# ग्रेनो के आठ गांवों स्मार्ट विलेज के रूप में संवारा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले मायचा और घरबरा समेत आठ गांवों को स्मार्ट विलेज के रूप में संवारा गया। यहां विकास कार्यों पर 70 करोड़ रुपये खर्च किए गए। वहीं, 15 और गांवों को संवारने का काम चल रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम विकास योजना के अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्र के गांवों का संपूर्ण विकास कर उन्हें स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। चरणबद्ध तरीके से गांवों में सेक्टरों की तर्ज पर समान सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम ने बताया कि अब खैरपुर गुर्जर गांव को स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित करने का काम शुरू किया गया है। प्रथम चरण में सीवर, पेयजल पाइप लाइन और गांव की सभी गलियों में सीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बारात घर की मरम्मत और चारदीवारी के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इन कार्यों के होने से गांव की स्थिति में सुधार होगा। जगह-जगह पर हो रहे जलभराव से निजात मिल जाएगी। अधिकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांवों में बाकी बचे विकास कार्यों को भी जल्द कराया जाएगा। इस संबंध में अधिकारियों के निर्देश पर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके अलावा ग्राम विकास योजना के अंतर्गत स्कूल, अस्पताल आदि की व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त किया जा रहा है।

यह गांव विकसित किए ग्राम विकास के अंतर्गत अब तक मायचा, घरबरा, घंघोला, लडपुरा, तिलपता करनवास, सादुल्लापुर, कैलाशपुर और जलपुरा गांव को लगभग 69.09 करोड़ रुपये की लागत से सेक्टरों की तर्ज पर स्मार्ट विलेज के रूप में विक. सित किया गया है। हालांकि, इसके बाद भी लोगों की शिकायत रहती है कि गांवों में नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं हो रही।

> ग्राम विकास योजना के अंतर्गत प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले गांवों में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है। सड़क, सीवर, पेयजल पाइप, जल निकासी की व्यवस्था के अलावा स्कूलों का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। खेल मैदान भी विकसित किए जा रहे हैं।
>
> **सुनील कुमार सिंह, एसीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

यहां चल रहा विकास कार्य अधिकारी के मुताबिक प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के 15 गांवों को 45. 15 करोड़ रुपये की लागत से स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित जाने का कार्य किया जा रहा है। अगले एक साल में इसे पूरा कर लिया जाएगा।

## प्रधान का निर्माणाधीन दो मंजिला मकान गिरा, तीन लोग आए चपेट में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के समीप निर्माणाधीन दो मंजिला मकान गिर गया। बताया गया है कि शटरिंग गिरने से हादसा हुआ। आज मकान का लेंटर पड़ रहा था। तभी शटरिंग गिरी और तीन लोग मलबे के नीचे दब गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके पर पुलिस टीम मौजूद है। निर्माणाधीन मकान गिरने की घटना मुकीमपुर शिवारा में हुई। गांव के प्रधान मकान भूरा सिंह मकान का निर्माण करवा रहे थे।



पुलिस जांच में पता चला है कि निर्माणाधीन मकान की शटरिंग श्रमिक अमन, सिराजुद्दीन व अजरुद्दीन खोल रहे थे। तीनों नगला जहानु गांव के रहने वाले है। शटरिंग खोलकर तीनों उसने ट्रैक्टर ट्राली में लाद रहे थे। तभी अचानक मकान गिर गया। तीनों लोग बाहर की साइड थे जिससे उन्हें हल्की-फुल्की चोटें आई। तीनों का प्राथमिक उपचार अस्पताल में कराया गया। यदि तीनों बाहर की साइड न होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। जेवर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि जो दो लोग मलबे के नीचे दबे थे उनको बाहर निकाल लिया गया है। शटरिंग गिरने से हादसा हुआ है। दोनों व्यक्ति की हालत ठीक है। मामले में कोई हताहत नहीं हुआ है। एक व्यक्ति के निजी मकान का निर्माण हो रहा था इसी दौरान हादसा हुआ है।

# ईद-उल-अजहा आज, चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ईद उल अजहा (बकरीद) के अवसर पर शहर से लेकर देहात में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है। ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। जिसके लिए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर गौतमबुद्ध कमिश्नरेट में छह हजार से अधिक पुलिसकर्मी ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। जिले में सात से नौ जून तक धारा 163 भी लागू कर दी है। गौतमबुद्ध नगर के अपर पुलिस आयुक्त सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में ईद के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार किया गया है।

कमिश्नरेट के तीनों जोन के सभी डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी और थाना-चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में भम्रणशील रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा थानों की फोर्स के साथ-साथ अतिरिक्त पुलिस बल भी लगाया गया है। अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को उनकी ड्यूटी के बारे में जानकारी दी गई है। मिश्रित आबादी वाले इलाकों को लेकर क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) बनाई गई है। साथ ही चार कंपनी पीएसी को भी तैनात किया गया है। इस दौरान पुलिस अधिकारी भी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे। स्थानीय पुलिस को छोटी से छोटी सूचनाओं पर भी जल्द पहुंचने और उस पर गंभीरता से कार्रवाई करने के कहा गया है। कमिश्नरेट में सौ से अधिक स्थानों पर होगी नमाज अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि कमिश्नरेट में करीब सौ से अधिक स्थानों पर मुख्य रुप से नमाज होनी है। इन स्थान पर 15 क्यूआरटी के साथ चार कंपनी पीएसी को तैनात किया गया है। साथ ही रोजमर्रा पुलिस बल के अतिरिक्त पुलिस ऑफिस और लाइन से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। इसके साथ ऑफिस में तैनात डीसीपी और एडीसीपी स्तर के आठ अधिकारियों को भी ईद के लिए क्षेत्र में उतारा गया है। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करने के दिए निर्देश उन्होंने बताया कि इस दौरान लोगों को किसी प्रकार की नई परंपरा को नहीं शुरू करने के लिए कहा गया है। साथ ही इस दौरान प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं करने के लिए कहा गया है। इसका उल्लंघन करने पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। साथ ही ईदगाह और मस्जिद के अंदर नमाज पढ़ने के निर्देश दिए गए हैं। 30 से अधिक शांति समिति की हुई बैठक पुलिस अधिकारियों के द्वारा कमिश्नरेट के तीनों जोन में 30 से अधिक शांति समिति की बैठक आयोजित की हैं। इनमें संभ्रांत लोगों और धर्मगुरुओं से शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की गई है। उनसे सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की गई है। साथ ही उनसे कहा है कि अफवाह फैलाने वालों और शांतिव्यवस्था में खलल डालने वाले से सख्ती से निपटा जाएगा। जिले में नौ जून तक धारा 163 लागू ईद और अलग-अलग संगठनों की ओर से आयोजित धरना-प्रदर्शन को देखते हुए कमिश्नरेट में तीन दिन के लिए धारा बीएनएस की धारा 163 (पूर्व में सीआरपीसी की धारा 144) लागू कर दी है। इसका प्रभाव सात जून से नौ जून तक रहेगा। इस दौरान जिले में धरना-प्रदर्शन पर पाबंदी लगाई गई है। प्रशासन की अनुमति से ही कोई कार्यक्रम या जुलूस का आयोजन हो सकेगा।



## ग्रेटर नोएडा के युवा वेटलिफ्टर ने रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ढाकवाला गांव के युवा वेटलिफ्टर कुनाल नागर ने दिल्ली में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। गुरुवार को आयोजित वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में उन्होंने अंडर-17 वर्ग में 252.5 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

इस उपलब्धि के लिए शुक्रवार को किसान एकता संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओमबीर नागर समसपुर ने कुनाल के घर जाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। ओमबीर नागर ने कहा कि कुनाल जैसी प्रतिभाएं क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने जोर दिया कि ऐसी प्रतिभाओं को नियमित रूप से प्रोत्साहित करना चाहिए।

कुनाल ने अपनी जीत पर कहा कि वह भविष्य में भी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# उधार दिए पैसे मांगने पर की थी प्रेमिका की हत्या

## प्रेमी ने हत्या कर सूटकेस में बहाया था प्रेमिका का शव, पुलिस ने किया खुलासा

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस व जनपदीय स्वाट टीम ने थाना क्षेत्र के सिखेडा बम्बे में सूटकेस में मिले एक अज्ञात महिला के शव की घटना का खुलासा करते हुए हत्यारोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्यारोपी के कब्ज़े से मृतका नीलेश का सामान एक बैंक पास बुक, एक चैक, एक केवाईसी फार्म, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, दो मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। पुलिस के मुताबिक हत्यारोपी प्रेमी सतेन्द्र ने अवैध सम्बन्धों के शक एवं उधार लिये रुपये ना दे पाने के कारण चुन्नी से गला घोटकर नीलेश की हत्या कर दी थी और लाश को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से सूटकेस में भरकर नहर में फेंक दिया था। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि 30 मई को थाना पिलखुवा क्षेत्र के सिखेडा बम्बे में सूटकेस में एक अज्ञात महिला का शव मिला था। सूचना पर तत्काल पुलिस अधिक. ारी, फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था और महिला के शव की शिनाख्त कर महिला की हत्या का खुलासा करने के लिए टीमों का गठन किया गया था। शुक्रवार को थाना पिलखुवा पुलिस और जनपदीय स्वाट टीम ने महिला की




हत्या की घटना का खुलासा करते हुए हत्यारोपी प्रेमी सतेन्द्र यादव पुत्र जगरूप को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में हत्यारोपी सतेन्द्र यादव ने बताया कि मृतका और मैं आपस में प्यार करते थे। मैने नीलेश से 5.25 लाख रुपये उधार लिये थे। जिनसे मैने कार खरीद ली थी तथा वह उधार दिये रुपये में से 2 लाख रूपये मांग रही थी। मेरे पास उस वक्त पैसे नहीं थे मैंने उससे पैसे वापस करने के लिये कुछ समय मांगा लेकिन वह मुझ पर उसी समय पैसे देने का दबाव बना रही थी जिस कारण गुस्से में आकर चुन्नी से उसका गला घोंट दिया जिससे मौके पर नीलेश की मौत हो गयी। हत्या आरोपी ने बताया कि उसने अपनी प्रेमिका की लाश को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से पिलखुवा थाना क्षेत्र के सिखेड़ा बम्बे के पास कार की डिग्गी से महिला के शव को निक. ालकर रजवाहे मे फेंक दिया था। शुक्रवार को पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए हत्या आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी कुंवर ज्ञानंजय ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु 25 हज़ार रुपये का नगद ईनाम देकर सम्मानित किया।

# साइबर सेल ने वापस कराए ठगी के 60 हज़ार रुपये

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** थाना हाफ़िज़पुर की साइबर सेल की टीम ने फोन पे के माध्यम से फ्रॉड कर निकाली गई 60 हजार रुपये की धनराशि को समय रहते पीड़ित के खाते में वापस कराई है। जालसज़ो द्वारा ठगी की गई धनराशि पाकर पीड़ित का चेहरा खिल उठा। पीड़ित ने ठगों द्वारा ठगी की गई धन. राशि पाकर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

थाना हाफिजपुर के गांव चितौली निवासी पीड़ित अनिल सिरोही पुत्र गजेन्द्र सिंह ने कोतवाली पुलिस की साइबल सेल शाखा में ऑनलाइन शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि जालसज़ो ने फोन पे के माध्यम से 60 हजार रुपये का फ्रॉड उसके साथ हो गया है। जिस पर थाना पुलिस की टीम ने समय से कार्रवाई करते हुए फ्रॉड की गई 60



हजार रुपये की संपूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई गई है। पीड़ित ने ठगों द्वारा ठगी की गई धनराशि पाकर पुलिस का आभार व्यक्त किया। साइबर सेल की टीम ने लोगों से अपील की है कि खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरन्त 1930 पर कॉल करें। किसी अनजान से अपने बैंक खाता संख्या, ओटीपी, पिन व सीवीवी नम्बर की जानकारी साझा न करें।

# अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलटा ऑटो, तीन घायल

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के बछलोता अल्लीपुर भट्टा मार्ग के पास तेज रफ्तार एक अक्नौ अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को ऑटो से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती करवाया। मिली जानकारी के अनुसार दादरी निवासी प्रदीप अपने दो बच्चों के साथ ऑटो में सवार होकर अपनी ससुराल, सोरल अल्लीपुर जा रहे थे। जैसे ही ऑटो बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के बछलोता अल्लीपुर भट्टा मार्ग के पंहुचा। तभी अचानक ऑटो अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। हादसे में प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के दौरान उनका एक



कान भी कट गया। इस दौरान प्रदीप के दो बच्चे प्रतीक और हिमांशु भी घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना बाबूगढ़ पुलिस को दी जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने थाने लोगों की मदद से सभी को ऑटो से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां प्रदीप की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ के एक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के बेहतर प्रबंध और यातायात नियमों के सख्त पालन की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं रोकी जा सकें।

# चोरी की मोटर साइकिल बरामद होने के मामले में न्यायालय ने दोषी को सुनाई सज़ा, लगाया जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** पुलिस द्वारा चोरी की मोटर साइकिल बरामद होने के मामले में एक दोषी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड से भी दंडित किया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2003 में आरोपी मनोज उर्फ गोला से चोरी का मोटर साइकिल बरामद होने के सम्बन्ध में आरोपी के खिलाफ थाना सिम्भावली पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए हापुड़ पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में शुक्रवार को न्यायालय द्वारा साक्ष्यों और गवाहो के आधार पर मनोज उर्फ गोला पुत्र रविन्द्र निवासी ग्राम लुहारी थाना बहादुरगढ जनपद हापुड़ को दोषी मानते हुए जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गयी अवधि 1 वर्ष 3 माह 14 दिवस व 2 हज़ार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। वही दूसरी और, हापुड़ पुलिस द्वारा अवैध चाकू रखने के मामले में एक आरोपी ललित को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।अवैध चाकू रखने क संबंध में आरोपी के खिलाफ बहादुरगढ़ थाने पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था।

## एक नजर

### विश्व ब्राह्मण संघ के पूर्व प्रधान के निधन पर किया शोक व्यक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** विश्व ब्राहमण संघ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन रविकांत शर्मा एवं उपधायक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने विश्व ब्राहमण संघ जिला हापुड़ के संरक्षक एवं पूर्व प्रधान ग्राम देवली गढ़मुक्तेश्वर, पंडित जगदीश शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पंडित जगदीश शर्मा ब्राहमण समाज के एक मजबूत स्तम्भ थे। उनके निधन से परिवार जनों एवं ब्राहमण समाज की अपूर्णय क्षति हुई है।

उन्होंने कहा कि विश्व ब्राहमण संघ ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करता है। औस दौरान पंडित गोपाल शर्मा उपधायक्ष, पंडित हरीदन शर्मा उपधायक्ष विश्व ब्राहमण संघ, पंडित संजय शर्मा जिला महासचिव, पंडित ग्रीशचंद शर्मा जिला सचिव, पंडित दुष्यंत शर्मा जिला सचिव, पंडित सुनील शर्मा जिला मीडिया प्रभारी, सचिन आदि ब्राहमण पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पति पर लगाया मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव बागड़पुर निवासी मीना ने बताया कि शुक्रवार को वह घर पर चाय बना रही थी। उसने पति को चाय पीने के लिए कहा तो आरोपी पति ने मारपीट कर घायल कर दिया। उसके बाद आरोपी ने उसको घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जेठ पर लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने बताया कि उसका निकाह जनपद बुलंदशहर के गांव निवासी युवक से हुआ था। निकाह के बाद से ससुराल पक्ष के लोग उसका उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता ने बताया कि उसके जेठ ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने मायके वालों से शिकायत की तो आरोपियों ने उसको घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**गढ़मुक्तेश्वर।** सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि बृहस्पतिवार रात को सिंभावली पुलि स क्षेत्र में गश्त कर रही थी। जैसे ही पुलिस क्षेत्र के गांव पीरनगर के जंगल में पहुंची तो एक संदिग्ध को पुलिस ने घूमते हुए पकड़ लिया। पकड़ा गया आरोपी गांव हाईकोर्ट निवासी धर्मवीर सिंह है। आरा. ेपी के पास से पुलिस ने 21 पव्वे बरामद किए है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि उसकी चचेरी बहन बृहस्पतिवार को घर के बाहर खेल रही थी। तभी गांव निवासी युवक वहां और उसकी बहन को अपने घर के लिए खींचने लगा। पीड़िता के शोर मचाए जाने पर आरोपी ने उसकी बहन के साथ पिटाई की। इस दौरान चचेरा भाई ने विरोध किया तो आरा. ेपी ने उसके साथ भी पिटाई की। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिसा ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महिला पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**गढ़मुक्तेश्वर।** सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि सिंभावली के गांव निवासी महिला का पति दो दिन पूर्व घर से बाहर गया था। घर पर वह अकेली थी। इसी बात का ायदा उठाकर आरोपी उसके घर में घुस गया। वहां आरोपी ने महिला के साथ अभद्रता का प्रयास किया। आरोपी ने उसके गर्दन पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हमले में महिला घायल होकर गिर गई। इसके बाद आरोपी महिला को पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया है।

# महिला पर धारदार हथियार से हमला करने वाला गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने महिला पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है।

थाना सिंभावली प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि गुरुवार को गांव भगवानपुर निवासी जितेंद्र कुमार द्वारा थाने पर शिकायती पत्र देते हुए बताया गया था कि गांव में ही रहने वाला ज्ञानदीप उर्फ़ पोखर पुरानी रंजिश के चलते उसके घर में घुस गया और उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की नीयत से उसकी पत्नी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें उसकी



पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में मुक. दमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने महिला पर घर में घुसकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी ज्ञानदीप पुत्र ऐशवीर निवासी ग्राम भगवानपुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड को गांव धनपुरा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई में जुट गई है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घरों पर लगे पार्टी के झंडे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** शहर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को एक विशेष अभियान की शुरुआत की। इस दौरान शहराध्यक्ष और कोऑर्डिनेटर्स ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी के झंडे लगाए। साथ ही पार्टी की नीतियों से लोगों अवगत कराया।

शुक्रवार को पार्टी की नीतियों से लोगों अवगत कराते हुए शहराध्यक्ष और कोऑर्डिनेटर्स लोकेश चौधरी ने कहा कि झंडा लगाने का मुख्य उद्देश्य पार्टी की एकता और संगठन को मजबूत करना है। पुरुषोत्तम नगर ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों के निवासियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने लोगों से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। शहराध्यक्ष



इरफान अहमद ने कहा कि पार्टी अपने सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करेगी। कार्यक्रम में सरदार जौहरी सिंह, नोएडा कोऑर्डिनेटर नरेश भाटी, एजाज अहमद, जलज तेवतिया, यशपाल दिल्लौर, देवेन्द्र जाटव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाई-बहन ने जेईई व जामिया में टॉप कर किया गांव का नाम रोशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर तहसील क्षेत्र के गांव वेट के मेधावी भाई-बहन ताल्हा चौधरी और रिजा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों ने न केवल उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि गांव के बच्चों को कैरियर मार्गदर्शन देने का संकल्प भी लिया है। ताल्हा चौधरी ने JEE एडवांस परीक्षा क्वालीफाई कर अपने दादा स्वर्गीय मोहम्मद इलियास प्रधान के शिक्षा के प्रति सपनों को साकार किया। उनकी बहन रिजा ने जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय से बीएससी एयरोनॉटिक्स में प्रथम रैंक हासिल कर गोल्ड मेडल के लिए चयनित हुई और KET परीक्षा 2024 भी पास की। दोनों ने नई



दिल्ली के हमदर्द पब्लिक स्कूल से कक्षा 12 में टॉप किया था। स्वर्गीय मोहम्मद इलियास, जो गांव में जमींदारी से जुड़े थे, जीवनभर बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करते रहे। उनके पुत्र तैयब चौधरी ने पिता के सपनों को आगे बढ़ाने के लिए अपने बच्चों को दिल्ली में पढ़ाई के लिए भेजा। अब ताल्हा और रिजा अपने पिता के सहयोग से वेट गांव में नि:शुल्क लाइब्रेरी और कैरियर काउंसलिंग क्लास शुरू करने की योजना बना रहे हैं, ताकि ग्रामीण छात्र-छात्राओं को उचित मार्गदर्शन मिल सके। इस पहल को गांव के प्रबुद्धजनों, जिसमें मंजूर खान, अमानुल्लाह खान, समद खान, मुजीब चौधरी, ताहिर चौधरी, प्रधानाचार्य आलोक शुक्ला, पूर्व प्रधानाचार्य प्रणीता दीक्षित और शिक्षक नेता देवदत्त शर्मा ने समर्थन दिया है। लाइब्रेरी और काउंसलिंग क्लास शुरू करने की योजना पर काम शुरू हो चुका है। क्षेत्रवासियों में ताल्हा और रिजा की उपलब्धियों पर गर्व और उत्साह है। उनकी सफलता ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा बन रही है।

# दूध के ट्रक में लगी, टला बड़ा हादसा

शाह टाइम्स संवाददाता

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव सेहल चौराहे पर दूध की खाली गाड़ी में वेल्डिंग करने के दौरान आग लग गई। आग लगने से गाड़ी बुरी तरह से नष्ट हो गई। आस पास के लोगों ने जैसे तैसे कर आग पर काबू पाया।

शुक्रवार को एक व्यक्ति अपनी दूध की खाली गाड़ी को लेकर सेहल चौराहा स्थित वेल्डिंग करने वाले की दुकान पर पहुंच और वेल्डिंग कराने लगा। वेल्डिंग करने के दौरान गाड़ी में अचानक आग लग गई। आग लगते देखकर काम करने वाले वहां से भाग खड़े हुए और शोर मचा दिया। इस दौरान आस पास में काम करने वाले लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग ने भयंकर रुप धारण कर लिया। आग लगने से गाड़ी बुरी तरह से जल गई।



# शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

शाह टाइम्स संवाददाता

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के एक मोहल्ला निवासी युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि अब आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला निवासी युवती ने बतााया कि उसको पड़ोसी युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। उसके बाद आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो भी बना ली। पीड़िता ने बताया कि आरोपी के शारीरिक संबंध बनाने से वह तीन बार गर्भवती हो गई जिससे आरोपी ने उसका गर्भपात करा दिया। पीड़िता ने जब आरोपी से शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया और अब शादी करने से मना कर रहा है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वही दूसरी और,किसानों ने बिजली दफ्तर का घेराव कर सोमवार को किया था अनिश्चितकालीन धरना शुरू। जहाँ पर गुरुवार को पांचवें दिन भी जारी रहा धरना जिसकी अध्यक्षता महिपाल सिंह उर्फ गुजराल ने की और संचालन श्यामसुंदर त्यागी ने किया।

भाकियू टिकैत की टीम व किसान और मजदूर की समस्याओं के साथ हो रहे भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर बिजली दफ्तर में जमकर नारेबाजी की है। किसानों ने बिजली दफ्तर पर जमकर नारेबाजी करते हुए ऊर्जा निगम के एससी से वार्ता करने की मांग पर अड़े रहे। जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा की विधुत विभाग के अवर अभियंता और भर्ष्ट लाइन मेन को जब तक सिंभावली बिजली दफ्तर से हटाया नही जाएगा तभ तक किसानों का अनिश्चित कालीन धरना जारी रहेगा। मेरठ मंडल के उपाध्यक्ष शब्बू चौधरी, जिला संरक्षक पीके वर्मा,गढ़ तहसील प्रभारी सुदेश पाल समेत का कहना है कि विद्युत विभाग द्वारा अवर अभियंता और लाइनमैन को अगर नहीं हटाया गया तो भारतीय किसान यूनियन टिकैत नेशनल हाइवे पर चक्का जाम कर बड़े स्तर पर आंदोलन की रणिनीति बनाई जाएगी।

# जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में फेयरवेल पार्टी का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस हापुड़ में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी 2025 का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामयी वातावरण में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल, सचिव डा. रोहन सिंघल, महानिद. शक प्रो. डा. सुभाष गौतम, प्राचार्य डा. धीरज सैनी एवं सभी कार्यक्रम प्रमुखों ने सहभागिता की।

फेयरवेल पार्टी का उद्देश्य संस्थान में अध्ययनरत सीनियर विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक सफर की समाप्ति पर शुभकामनाएं देना तथा जूनियर्स द्वारा अपने




सीनियर्स के प्रति सम्मान और स्नेह प्रकट करना रहा। महानिदेशक डॉ. सुभाष गौतम ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए एक स्मृति बनकर रहेगा, बल्कि यह उनके भावी जीवन के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगा। डा. आयुष सिंघल ने अपने संबोधन में कहा कि फेयरवेल केवल एक विदाई नहीं, बल्कि छात्रों के उज्जवल भविष्य की ओर पहला कदम है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र जीवन के हर क्षेत्र में नयी ऊँचाइयाँ छूने को तैयार हैं। सचिव डा. रोहन सिंघल ने छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास में योगदान देना है। फेयरवेल जैसे कार्यक्रमों से छात्रों में आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता की भावना विकसित होती है। फेयरवेल पार्टी में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत की, जिसमें नृत्य, गायन, हास्य नाटक, फैशन शो एवं प्रेरणादायक भाषण शामिल थे। मंच पर प्रस्तुत एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों ने सभी को भावविभोर कर दिया। निर्णायक मंडल में फार्मेसी हेड धनन्जय तोमर, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड तन्वी गौड़, एवं प्राध्यापिका कोमल ने निष्पक्ष निर्णय देने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम की रूपरेखा से लेकर संचालन तक सभी विभागों के प्रमुखों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। सांस्कृतिक क्लब की अध्यक्ष पारुल चौहान ने सभी व्यवस्थाओं की निगरानी की। कार्यक्रम का सफल संचालन तान्या शर्मा B-Com और खुशी सिंह BBA द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। संस्थान द्वारा सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के लिए भोजन एवं विदाई उपहार की विशेष व्यवस्था की गई। प्राचार्य डा. धीरज सैनी ने कार्यक्रम के समापन पर सभी का आभार व्यक्त किया।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

## गांव वापस लौटते समय पांची-बागपत मार्ग पर नाले के समीप हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पांची-बागपत मार्ग पर नाले के समीप खट्टा प्रहलादपुर के 48 वर्षीय बाईक सवार की ट्रेक्टर ट्राली की टक्कर लगने से मौकें पर ही मौत हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खट्टा प्रहलादपुर निवासी 48 वर्षीय राजसिंह पुत्र रामबीर बृहस्पतिवार देर शाम पांची गांव मे किसी काम से बाईक द्वारा आया था जब वह वापस अपने गांव लौट रहा था तो पांची-बागपत मार्ग पर नाले के समीप बागपत की और से आ रहे



मृतक का फाइल फोटो

भूसा भरे एक ट्रेक्टर ट्राली से उसकी टक्कर हो गयी जिसमें बाईक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। राहगीरों की सूचना पर खट्टा प्रहलादपुर के ग्रामीण वहा पहुंचे और मृतक की पहचान की सूचना



मिलते ही परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गये। वही सूचना पाकर चांदीनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मजदूरी कर परिवार का लालन पोषण करता था। मृतक के तीन बच्चें है। उधर थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है अभी तहरीर नही आयी है। तहरीर आने पर उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# गली बनवाने को लेकर कॉलोनीवासियों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के आजाद नगर गली नंबर 7 गोरखनाथ मंदिर वाली गली के लोगों ने नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस कॉलोनी की गलियां कच्ची पड़ी हुई है। गलियों में कीचड़ जल भराव पेयजल विद्युत कनेक्शन की दिक्कत बनी हुई है। गली के लोगों ने कॉलोनी का विकास करने की मांग की है। वार्ड नंबर 3 का सभासद यहां पर विकास कार्य नहीं कर रहा हैं। प्रदर्शन करने वाले लोगों का कहना है कि नगर पालिका चुनाव में हमारे वोट का जमकर इस्तेमाल किया गया। कॉलोनी के लोगों ने सभासद को चुनकर नगर पालिका में भेजा मगर यह कॉलोनी विकास की बाट देख रही है। इस गली का विकास कब होगा मोहल्ले



के लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से पेयजल संकट विद्युत संकट आपूर्ति कच्ची गलियों का निर्माण मूलभूत सुविधाएं दिए जाने की मांग नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष से की है। प्रदर्शन करने वालों में श्रमिक एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा नीरज कुमार प्रमिला देवी मिथलेश देवी सुनीता देवी तेजपाल सिंह सुमित चौधरी दीपक चौधरी सतीश चौधरी कविता देवी पप्पू विमला देवी संतोष देवी राखी देवी सुषमा देवी रमेश चौधरी आदि मौजूद रहे। सभी लोगों ने वार्ड नंबर 3 आजाद नगर की समस्या का समाधान किए जाने की मांग की।

# एसपी ने परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एसपी सूरज कुमार राय ने परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। साथ ही जवानों को शारिरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ भी लगवाई गई। शुक्रवार को एसपी सूरज कुमार राय ने परेड की सलामी ली। परेड में शामिल जवानों में अनुशासन बनाए रखने के लिए ड्रिल कराई गई। साथ ही जवानों को शारिरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ भी लगवाई गई। इसके पश्चात पुलिस लाइन बागपत स्थित परिवहन शाखा, डायल-112, फायर सर्विस, आरटीसी क्लास रूम, आरटीसी जवान बैरक आदि का निरीक्षण किया।



उन्होंने संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने दी परिवार सहित आत्मदाह की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छपरौली थाना क्षेत्र में छह वर्षीय बच्चे के साथ कुकुर्म करने के मामले एक आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज न करने का आरोप। पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई और दूसरे आरोपी पर कार्रवाई करने की मांग की है। छपरौली थाना क्षेत्र के एक युवक के मुताबिक उसका छह वर्षीय बेटे के साथ दो युवकों ने कुकर्म किया था। घटना का पता चलने पर उन्होंने छपरौली थाना पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। छपरौली थाना पुलिस ने एक आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

जबकि दूसरे आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज नही किया गया। बताया गया कि दोनों युवकों ने ही बेटे के साथ कुकर्म किया है। आरोप है कि इस मामले में छपरौली थाना प्रभारी भी सुनने को तैयार नहीं है। पीड़ित परिजनों ने एसपी दफ्तर पहुंचकर दूसरे आरा. पी युवक के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर कानूनी कराने की मांग की है।

पीड़ित पिता का कहना है कि अगर आरोपी के विरूद्ध कोई कार्रवाई नही की जाती है तो पीड़ित पूरा परिवार सहित एसपी कार्यालय पर ही आत्मदाह कर लेंगे।

## एक नजर

# महिला से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चांदीनगर क्षैंत्र के एक गांव की महिला समीप के ही कस्बें में खरीदारी करने जा रही थी तभी उसके गांव के युवक ने उसे बाईक पर बैठा लिया और खेत मे ले जाकर दुष्कर्म किया था। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है।

क्षैंत्र के एक गांव की महिला दो दिन पहले समीप के ही कस्बें मे खरीदारी करने पैदल घर से निकली थी थोड़ी दूर चलने के बाद एक युवक ने उसे लिफ्ट दे बाईक पर बैठा लिया था और समीप में खेतो मे ले जाकर महिला के साथ दुष्कर्म किया था और प हो गया था। पीड़ित महिला ने घर पहुंच परिजनों को जानकारी दी थी और थाना चांदीनगर पहुंच आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी थी पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा कायम किया था। वही आरोपी युवक को पकड़ लिया गया है जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है।

# नाबालिग बेटी की बरामदगी की मांग को लेकर एसपी से मिले पीड़ित पिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नाबालिग बेटी की बरामदगी की मांग को लेकर पिता ने एसपी दफ्तर पहुंचकर एसपी से गुहार लगाई।

शुक्रवार को करीब साढे 12 बजे दोघट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक के मुताबिक गत 22 मई को एक युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर ले गया था। उन्होंने दोघट थाना पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस कार्रवाई के दौरान पता चला कि उपरोक्त घटना में एक ओर युवक का हाथ है। अगर युवक से पूछताछ की जाए तो नाबालिक बेटी को बरामद कर लिया जाएगा। उसके बाद दोघट थाना पुलिस ने युवक से पूछताछ की। उसी दौरान उसके मोबाइल में तमंचा के साथ उसकी फोटो मिली। बताया गया कि दोघट पुलिस ने बीस हजार रुपये लेकर आरोपित युवक को छोड़ दिया। आरोप हैं कि घटना को 15 दिन बीत जाने के बाद भी नाबालिक बेटी को दोघट थाना पुलिस बरामद नहीं कर पाई है। उन्होंने एसपी दफ्तर पहुंचकर एसपी से गुहार लगाई।

# संदेश यात्रा में पहुंचने वाले लोगों का फूलों से किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के लुहारी गांव से प्रथम बेगमपुर संदेश यात्रा गुरु समन दास महाराज के आश्रम शुक्रताल तक 10 जून को पहुंचेगी प्रथम बेगमपुर संदेश यात्रा मुख्य अतिथि चौधरी मांगेराम लुहारी एवं चौधरी नंदलाल बाबू ने हरी झंडी दिखाकर इस संदेश यात्रा को रवाना किया है। इस मौके पर नीरज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा.पंकज कुमार गुरु रविदास हॉस्टल के मीडिया प्रभारी डा.सत्येंद्र कुमार चौधरी चमन सिंह कंडेरा शुभम भारती प्रदीप कुमार सागर प्रधान मनोज कुमार सुरेश पाल बॉबी प्रकाश ने लुहारी गांव की प्रथम बेगमपुर संदेश यात्रा में भाग लिया। इस संदेश यात्रा में पहुंचने वाले लोगों का गांव के सम्मानित लोगों ने फुलों की मालाओं से स्वागत किया है। संदेश यात्रा लुहारी गांव से चलकर गुरु समन दास महाराज शुक्रताल गुरु गद्दी दरबार तक पहुंचेगी जिसका प्रत्येक जनपद में समाज के लोगों द्वारा स्वागत किया जाएगा।

# ईद-उल-अजहा पर ईदगाह की साफ-सफाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईद-उल-अजहा के मौकें पर ईदगाह और कस्बें में साफ सफाई करायच गयी। वही कुर्बानी के बाद कचरो को दनानें के लिए गढढो की व्यवस्था की गयी है। रटौल में ईद-उल-अजहा के मौकें पर कस्बें और ईदगाह पर सफाई अभियान चलाया गया। वही ईद पर कुर्बानी के बाद करें को दनानें के लिए अलग अलग स्थानों पर गढढो की व्यवस्था की गयी कस्बें के वार्डो में सफाई कर्मचारीयो को नियुक्त किया गया है।

# मोदी सरकार के 11वर्ष पूरे होने पर 9 से 21 जून तक अभियान चलाएगी भाजपा

**बागपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा ने जिलेभर में 9 जून से 21 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाने जा रही है। इसकी रूपरेखा तय करने के लिए 7 मई शनिवार को भाजपा कार्यालय पर जिला कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी डा.चन्द्रमोहन के साथ जनप्रतिनिधि, पार्टी के पदाधिकारी शामिल होंगे। इस संबंध में शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के द्वारा अभियान के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम के जिला संयोजक अनिल तोमर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर जिले भर में 9 से 21 जून तक



विशेष अभियान चलाएगी। अभियान को मोदी सरकार के 11 साल, संकल्प से सिद्धि तक नाम दिया गया है। इस अभियान के दौरान मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7मई को जिला कार्यशाला पर जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला आयोजित होगी, जिसमें सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। इस दौरान चमरावल रोड़ पर विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ मां के नाम पर पार्टी कार्यकर्ताओ ने फलदार पेड़ भी लगायें।

# बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण मनाने की मुस्लिम धर्म गुरुओं से की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर की फुस वाली मस्जिद में मुस्लिम समाज द्वारा जुम्मे की नमाज अदा की गई। जुम्मे की नमाज अदा करने के बाद मस्जिद से बाहर निकले नमाजी और मुस्लिम धर्म गुरुओं से जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने मुस्लिम धर्म गुरुओं से कहा कि शनिवार को बकरीद का त्यौहार है इसे एक दूसरे के साथ खुश होकर मोहब्बत के साथ मनाया जाए और अमन और शांति का पैगाम दें कुर्बानी ऐसी जगह पर करें जहां पर किसी को तकलीफ ना हो।

इस अवसर पर शहर इमाम मुफ्ती खालिद काशमी ने कहा कि सभी मुस्लिम समाज के लोग कुर्बानी को खुले में ना करें और अपने देश के लिए अपने शहर के लिए अमन चैन की दुआएं करने का काम करें। जैसे



हम परंपराओं के साथ तो पहले से ही त्योहार मनाते आ रहे हैं ऐसी ही खुशियों के साथ आपस में मिल जुल कर बकरा ईद के त्यौहार को हर्ष उल्लास के साथ मनाएं। इस मौके पर अमरचंद वर्मा, एसडीएम मनीष कुमार यादव, तहसीलदार राजेश कुमार, नायब तहसीलदार अतुल रघुवंशी, कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल, शहर के हाजी जमीरूद्दीन अब्बासी मौलाना अब्दुल सत्तार अकबर चौधरी मौलना इसराइल अब्दुल हसन हारून अली आतिफ एडवोकेट शराफत अली जावेद अली जाहिद कासमी के अलावा शहर के मुस्लिम धर्म गुरु मुस्लिम समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने जंगल में घायल हिरण की जान बचा दिखाई इंसानियत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** तुगाना गांव के पास स्थित जंगल में गुरुवार देर साम एक घायल हिरण पर ग्रामीणों की नजर जैसे ही खून से लथपथ हिरण पर पड़ी तो उस और लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पहले तो हिरण को देखकर लोग हैरान रह गए, लेकिन फिर जो हुआ वह इस क्षेत्र की इंसा. नियत और जनजागरूकता का उदाहरण बन गया।

गांव के ही कुछ युवक जब सड़क पर घूम रहे थे तभी उन्होंने एक हिरण को छटपटाते हुए देखा। पास जाकर देखा तो उसके शरीर से खून बह रहा था और वह दर्द से कराह रहा था। यह दृश्य देख गांव के कई लोग मौके पर पहुंच गए। हिरण भयभीत था और बार-बार भागने की कोशिश कर रहा था। ग्रामीणों ने बड़ी सावधानी और मानवीयता के साथ हिरण को पकड़ने का प्रयास किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वे उसे नियंत्रित करने में सफल रहे। हिरण की हालत देख ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस सेवा डायल 112 को सूचना दी। कुछ ही समय में पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और उन्होंने वन विभाग को सूचना दी। पुलिस द्वारा दिखाई गई तत्परता से यह साबित हो गया कि प्रशासन भी अब वन्य जीवों के मामले को गंभीरता से लेने लगा है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल हिरण की स्थिति का जायजा लिया। जांच में सामने आया कि हिरण को आवारा कुत्तों ने नोंचकर घायल किया था। उसके शरीर पर पंजों और दांतों के कई गहरे घाव मिले। वन विभाग की टीम ने हिरण को प्राथमिक चिकित्सा दी और फिर उसे सुरक्षित तरीके से वाहन में डालकर उपचार के लिए वन्य जीव संरक्षण केंद्र भेजा। वन अधिकारी ने बताया कि हिरण की हालत गंभीर तो थी लेकिन समय रहते ग्रामीणों और पुलिस की सहायता से उसकी जान बच गई। उन्होंने यह भी कहा कि घायल हिरण को इलाज के बाद फिर से प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा। यह घटना न सिर्फ एक हिरण की जान बचाने की कहानी है, बल्कि यह समाज में बढ़ती वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक भी है। ग्रामीणों ने यह साबित कर दिया कि जंगल और उसमें रहने वाले जीव भी हमारे पर्यावरण का हिस्सा हैं और उनकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। घटना के बाद तुगाना गांव में दिनभर यही चर्चा होती रही। बच्चे और बुजुर्ग सभी इस बहादुरी भरे प्रयास की सराहना करते नजर आए। ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि तुगाना गांव के जंगल क्षेत्र में रात के समय कुत्तों की गति. विधि बढ़ जाती है, जिससे वन्य जीवों को खतरा है। उन्होंने वहां निगरानी कैमरे लगाने और वन विभाग की गश्त बढ़ाने की मांग की है। यह घटना एक बार फिर यह दिखाती है कि यदि आम नागरिक, प्रशासन और वन विभाग मिलकर काम करें, तो न केवल मानव जीवन बल्कि वन्य जीवों की रक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। तुगाना के ग्रामीणों ने जो उदाहरण पेश किया है, वह पूरे जनपद के लिए एक प्रेरणा है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बकरीद पर्व को लेकर नगर में किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को डीएम-एसपी ने बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु कोतवाली बागपत क्षेत्र के अंतर्गत ईदगाह एवं नमाज स्थल का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित



अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में शहर मेंफ्लैग मार्च भी किया गया, जिससे आमजन में सुरक्षा का विश्वास बना रहे एवं शांति एवं सौहार्द का वातावरण सुनिश्चित हो। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे त्योहार को आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें।

# आर्य वीरों को ड्रोन तकनीक के विषय में दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के द्वारा चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल में चल रहे आवासीय संस्कार शोधक शिविर के तीसरे दिन आर्य वीरों को ड्रोन तकनीक के विषय में जानकारी दी गई। सभा मंत्री रवि शास्त्री ने कहा ड्रोन भविष्य के लिए प्रयोग होने वाली एक विशेष तकनीक है, जिसके द्वारा मानव जीवन को और सरल किया जा सकेगा एवं समय की बचत की जा सकेगी। ड्रोन के द्वारा किसान आधु. निक तरीके से खेती कर सकेंगे और अच्छी उपज ले सकेंगे। भविष्य में वस्तुओं के डिलीवरी सिस्टम में भी ड्रोन का प्रयोग होने की संभावना है। सुरक्षा व्यवस्था में भी ड्रोन का प्रयोग किया जाता है। आने वाले समय में ड्रोन का महत्व व्यावसायिक रूप से भी बढ़ेगा। भविष्य में लड़ाकू विमान का स्थान भी ड्रोन के लेने की संभावना है। जो अभी पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में साबित हो गया है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र नकूल व पुत्रवधू रीना से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सतपाल सिंह पुत्र रूपचंद निवासी म. नं.7/266 नेहरू रोड़ नहरी की पटरी माल गोदाम कस्बा बडौत थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

# विश्व हिंदू महासंघ के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे सत्यपाल सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** विश्व हिंदू महासंघ (शिक्षक/बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ) के राष्ट्रीय महामंत्री व मीडिया प्रभारी एड.गजेंद्र सिंह कुन्डु ने जानकारी दी कि 8 जून 2025 को विश्व हिंदू महासंघ के तत्वाधान में एक विराट वैचारिक महायज्ञ (धन्यवाद दिवस) और विभूति सम्मान समारोह का आयोजन आशीर्वाद गार्डन बागपत में संपन्न होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार और कुलाधिपति गुरुकुल कांगड़ी विश्व. विद्यालय डा.सत्यपाल सिंह होंगे, जिसके लिए आज एड गजेंद्र सिंह कुंडू, कैप्टन संजय तोमर, सूबेदार श्रीपाल ढाका ने विश्व हिंदू महासंघ की ओर से डा.सत्यपाल सिंह को निमंत्रण देकर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रि किया जिस पर पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार डा.



सत्यपाल सिंह द्वारा कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति प्रदान की। कार्यक्रम में आध्यात्मिक वैचारिक मंथन , उत्तर प्रदेश के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यो- सुशासन और जनपद बागपत के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री डस.सत्यपाल सिंह के विकास कार्यो के लिए कृतज्ञ भाव से धन्यवाद और समाज के विभिन्न वर्गो से सम्बंधित विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

# कृषि को विकसित बनानें का लिया संकल्प, ड्रोन स्प्रे करने की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** कृषि संकल्प अभियान के तहत सरफाबाद गांव में शिविर लगा किसानों को जानकारी दी गयी जिसमें पहुंचे दर्जा प्राप्त राज्य कृषि मंत्री अनुसंधान संस्थान लखनऊ कैप्टन विकास गुप्ता ने कहा की प्रधानमंत्री विसानों को विकसित करनें का संकल्प ले चुके जिससे किसानों की आय को बढाया जाये।

कृषि संकल्प अभियान के तहत सरफाबाद गांव में एक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शिर. कत करने पहुंचे दर्जा प्राप्त कृषि राज्य मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने किसानों की समस्या को सुना और उन्हें समस्याओ के समाधान का आश्वासन भी दिया। वही उन्होंने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री देश के किसानों को विकसित करना चाहते



है जिससे किसानों की समस्या सुनने के लिए जगह जगह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा जिसमे किसानों को आय बढानें फसलों की समस्या सुनने समाधान करानें और किसानों की आय बढानें के लिए किसानों से चर्चा की जा रही है। शि. विर में कृषि वैज्ञानिक डाक्टर अनन्त कुमार ने किसानों को फसल से सम्बन्धित जानकारी दी। वही राज्यमंत्री को खेतो में ड्रोन उड़ाकर स्प्रे कर के दिखाया। इस मौकें पर कृषि वैज्ञानिक हेमलता, अनिल चौधरी, सनोज पंवार, सचिन, मैनपाल, सजीव आदि मौजूद रहे।

# छात्रा का सिर कटा शव मिला

## पुलिस को शक: प्रेम-प्रसंग में परिवार के लोगों ने की है हत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनपद में दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। परतापुर में कक्षा 12 की छात्रा की सिर कटी लाश मिली है। दरअसल, बहादरपुर गांव के रजवाहे में गुरुवार को सिर कटी लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी।

मृतका की सलवार की जेब में मिले कागज पर मोबाइल नंबर लिखा था। यह उसके दोस्त का था। एक किशोर ने शव की पहचान दौराला के दादरी गांव निवासी आस्था उर्फ तनिष्का (17) के रूप में की गई हैं। पुलिस ने छात्रा की मां, भाई, दो मामा व ममेरे भाई को हत्या करने के शक में हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक छात्रा का एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसके विरोध में परिजनों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस युवती का सिर बरामद करने का प्रयास कर रही है। हत्या किसने, क्यों और कहां की, पुलिस इसकी जांच कर रही है। दादरी निवासी रमेश कुमार की बेटी आस्था बुधवार से लापता थी। रमेश सीआरपीएफ में जवान हैं और उनकी पोस्टिंग छत्तीसगढ़ में है। परिवार के लोगों ने आस्था के लापता होने की जानकारी पुलिस को नहीं दी। गुरुवार सुबह उसकी सिर कटी लाश रजवाहे में मिली तो लोगों की भीड़ जुट गई।

## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने शहीद जवान की पत्नी को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहीद सैनिकों के 13 आश्रितों जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालयों में अलग-अलग जनपदों में कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति प्रदान की है शुक्रवार को ब्रिगेडियर अतुल कुमार, निदेशक सैनिक कल्याण के द्वारा ऑनलाईन वेबीनार के माध्यम से कैप्टन राकेश शुक्ला, ने माला पत्नी शहीद सिपाही नितिन कुमार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। सिपाही नितिन कुमार पूर्वी सिक्किम में ऑपरेशन स्नो लेपर्ड में ड्यूटी करते समय प्राकृतिक आपदा के दौरान ग्लेशियर झील के फटने के दौरान चार अक्टूबर 2023 को शहीद हो गये थे।

# अधिग्रहण होने वाली भूमि का सर्किल रेट न बढ़ाना, भूस्वामियों के अधिकारों का हनन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास प्राधिकरण की इंटीग्रेटेड न्यू टाउनशिप योजना के अंतर्गत आने वाले गांव में प्रस्तावित सर्किल रेट सूची में कायस्थ गांवडी, मोहिउद्दीनपुर, इकला व छज्जुपुर में भी वृद्धि किए जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव भाटी व सामाजिक कार्यकर्ता सुदीप जैन ने प्रभावित किसानों के साथ मंडलायुक्त मेरठ से उनके कार्यालय पर मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला प्रशासन ने प्रस्तावित सार्किल रेट 2025-26 में उन-उन गांव में वृद्धि नहीं की जहां जहां मेरठ विकास प्राधिकरण या आवास विकास को अपनी योजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण करना है। जिला अध्यक्ष कांग्रेस गौरव भाटी ने कहा कि भू स्वामियों को उचित मुआवजा दिलाने के जननायक राहुल गांधी के प्रयासों से तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा किसान हित में अधिनियम लाया गया था। परंतु किसान और भू स्वामी विरोधी भाजपा सरकार अधिनियम की धज्जियां उड़ाकर किसानों का शोषण कर रही है। सामाजिक कार्यकर्ता सुदीप जैन ने कहा कि अधिनियम में बाजारी मूल्य को आधार मानकर मुआवजा की धनराशि गणना करने का नियम है। और मेरठ का बाजारी मूल्य किस कदर बढ़ रहा है वो प्राधिकरण की योजनाओं में चार गुना तक की दर से नीलामी स्वयं बयां कर रही है। और यहां बाजारी मूल्य को दरकिनार करते हुए सर्किल रेट से गणना की जा रही है और उसमें बढ़ोतरी न करना भू स्वामियों के साथ बहुत बड़ा छल है और उनके अधिकारों का हनन है। सुदीप जैन ने कहा कि साफतौर पर अधिनियम का उल्लंघन है क्योंकि अधिनियम में भूमि अधिग्रहण से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा वहां के प्रचलित दर के अनुसार भूमि दर में अद्यतन की बात कही गयी है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर डाक्टरों ने लगाए 100 से अधिक पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भीषण गर्मी से धरती को राहत पहुंचाने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर फोगसी मास ट्री प्लांटेशन ड्राइव के तहत मेरठ में अच्छी पहल करते हुए 100 से अधिक पौधों का रोपण मेरठ फोगसी के द्वारा नीलकमल अस्पताल के प्रांगण से प्रारंभ करके जगह-जगह किया गया। प्रदूषण से स्त्री रोगों व सांस संबंधित रोगों के अधिक होने का खतरा हो जाता है, ऐसे में फोगसी मेरठ द्वारा यह एक उत्तम प्रयास है। इस ट्री प्लांटेशन ड्राइव को फोगसी प्रेसिडेंट डॉ. सुनीता तन्दुलवादकर, सेक्रेटरी डॉ. सुवर्णा खादिलकर, वाईस प्रेसिडेंट डॉ. वर्षा बस्ते और चेयरपर्सन डॉ. बृजबाला तिवारी द्वारा सम्पूर्ण भारत में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मेरठ फोगसी पैट्रन डॉ. उषा शर्मा, प्रेसिडेंट डॉ. भारती महेश्वरी, सेक्रेटरी डॉ. प्रियंका गर्ग, डॉ. अंजू रस्तोगी, डॉ. रचना चौधरी, जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. ईशा खनूजा, डॉ. मधुलिका आदि का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।



# बहसूमा में छबील लगाकर पिलाया शरबत

## भूखे को रोटी व प्यासे को पानी देने से भगवान होते हैं खुश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के मुख्य मार्ग एवं बटावली मार्ग पर बढ़ती गर्मी को देखते हुए समाजसेवियों ने छबील लगाकर रहागिरों को ठंडा शुद्ध शरबत पिलाया। जिसमें राहगीरों ने शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस अवसर पर समाजसेवी डाक्टर पवन गोयल ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर में बटावली मार्ग पर स्थित बढ़ती गर्मी को देखते हुए ठंडा शुद्ध शरबत पिलाया।

जिसमें रहागिरो ने शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। वहीं दूसरी और मेरठ पौड़ी मार्ग पर समाजसेवी सुमित चहल के नेतृत्व में छबील लगाकर ठंडा शरबत पिलाया। इस अवसर पर सुमित चहल ने बताया कि प्यासे को पानी पिलाना, भूखे को खाना खिलाना और निर्धन असहाय लोगों को कपड़े देना सबसे बड़े सवाब का काम है। इससे इंद्र देवता खुश होते हैं, और खुश होकर रिमझिम वर्षा भी कर देते हैं। मानव सेवा करना सबसे बड़ा धर्म होता है। हर मनुष्य को ऐसी सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर अमन गोयल, मोहन उपाध्याय, इमरान सैफी, फैसल, जीशान, मंजूर, आर्यन, सिद्धार्थ, नीरज, राजकुमार शर्मा, अजय कुमार, अमरीश, विनित, मास्टर बंटी, संदीप चौधरी, पवन लाम्बा, विकास लाम्बा, दीपक, राहुल, प्रियांशु, परविंदर, सोनिया आदि का सहयोग रहा।



# फर्जी मुकदमें में फंसाकर अनुचित लाभ मांगने के आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** चार पिता-पुत्रों को साजिशन झूठे मुकदमे में फंसाकर अनुचित लाभ लेने के मामले में महिला समेत पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि दो आरोपी अभी फरार हैं। इंस्पेक्टर बृजेश पांडेय ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि एसआई सन्सरपाल ने किठौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अमीरजहां पत्नी अब्दुल जब्बार निवासी कमालपुर मेडिकल, इनामुलहक पुत्र अख्तर निवासी बोहड़पुर मवाना, सलमान पुत्र जाकिर निवासी कायस्थ बड्ढा किठौर, नोफिल पुत्र मकबूल निवासी लोहियानगर, उदय पुत्र राजीव निवासी मुबारिकपुर तिगई खतौली मुजफ्फरनगर, महताब पुत्र नामालूम और कर्नल पुत्र नामालूम द्वारा साजिश के तहत अमीरजहां से एक फर्जी मुकदमा जुबैर अहमद पुत्र जैनुद्दीन निवासी कमालपुर थाना मेडिकल और उसके बेटों फैसल, अब्दुल्ला और मुहम्मद अहमद के विरुद्ध दर्ज कराया गया। जिसमें उदय प्रताप आदि ने अमीर जहां पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से गोली चलाई। जिसमें अमीरजहां बाल-बाल बच गई। बताया कि उक्त फर्जी मुकदमें के दबाव में षड्यंत्रकारी जुबैर और उसके बेटों से अनुचित लाभ की मांग कर रहे थे। जिस पर पुलिस ने उदय, सलमान, नोफिल, अमीरजहां और इनामुलहक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि महताब और कर्नल अभी फरार हैं। बताया कि सलमान और नोफिल पर तीन-तीन व पकड़े गए अन्य आरोपियों पर एक-एक मुकदमा दर्ज है।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान ने पिलाया ठंडा जल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को निर्जला एकादशी पर दौराला चौराहे पर ठंडा मीठा जल पिलाया गया। दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, मनोज अहलावत, रवि पूनिया, संगम अहलावत, राजेंद्र सिंह, प्रशांत अहलावत साथ रहे। मनिंदर विहान ने बताया कि खुश रहने के लिए मन की संतुष्टि जरूरी है।

# प्रेमिका को घर में देख भड़की पत्नी

## थाने पहुंचकर पति व प्रेमिका पर लगाए गंभीर आरोप, जांच में जुटी पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में पति अपनी पत्नी की गैर मौजूदगी में प्रेमिका को घर ले आया और प्रेमिका को घर बुलाकर उसके साथ गुलछर्रे उड़ा रहा था पत्नी ने दोनों को रंगो हाथ पकड़ा, हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद थाना पहुंचकर पत्नी ने दोनों के खिलाफ तहरीर दी है।

गुरुवार रात को अचानक पत्नी अपने घर पहुंच गई पत्नी ने प्रेमिका को अपने घर में पकड़ लिया। इस दौरान आरोपी पति और उसकी प्रेमिका ने पत्नी से मारपीट कर दी। प्रेमिका ने महिला को दौड़ा-दौड़ा कर पीट दिया। किसी तरह पीड़ित महिला अपनी जान बचाकर थाने पहुंची और पुलिस को मामले की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर पुलिस ने आरोपी पति और उसकी प्रेमिका की तलाश की लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले दोनों फरार हो चुके थे। थाना बहसूमा क्षेत्र के रामराज की रहने वाली पिंकी की शादी थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के पदमपुरा के रहने वाले राजकुमार के साथ 18 साल पहले हुई थी। महिला के पति राजकुमार के कई सालों से मनीष नाम की महिला से अवैध संबंध चल रहे है। बृहस्पतिवार को महिला पिंकी अपने पति को घर पर अकेला छोड़कर अपनी बहन से मिलने चली गई थी। देर रात जब पिंकी अपने घर पहुंची तो घर में उसका पति अपनी प्रेमिका के साथ गुलछर्रे उड़ा रहा था।

पिंकी ने दोनों को पकड़ दिया जिसके बाद वहां हाई वोल्टेज ड्रामा हो गया आरोप है कि इस दौरान आरोपित पति और उसकी प्रेमिका ने पिंकी की हत्या का प्रयास कर दिया किसी तरह की आरोपियों के चंगुल से छुटी और दौड़ती हुई थाने पहुंची उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले पति और उसकी प्रेमिका फरार हो चुके थे। फिलहाल महिला ने दोनों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कुराली गांव में भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को जानी थाना क्षेत्र ग्राम कुराली में सिंह कुटी मंदिर में दशहरे के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में दुर दुर से आये संत गण व सैकड़ो की संख्या में पहुंचकर सभी भक्तो ने गुरुजी का आशीर्वाद व प्रसाद ग्रहण किया। जिसमें मुख्य अतिथि आश्रम के मेहनत प्रहलाद दास जी महाराज एवं अन्य संत गण रामकिशन शर्मा, मांगेराम शर्मा, संतोष दीवान जी, मास्टर धर्मपाल, भुमेश शर्मा, भूतपूर्व दुश्यंत प्रधान, प्रदीप चौहान आदि भक्तो ने प्रसाद ग्रहण कर गुरु जी का आशीर्वाद लिया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इस भंडारे में बड़े-बड़े संत आते हैं और पहुंचकर भंडारे की शोभा बढ़ाते हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि राशन कार्ड का शत-प्रतिशत डिजीटलाईजेशन कार्य पूर्ण हो चुका है। राशन कार्ड का सत्यापन करने वाले अधिकारियो के संबंध में जानकारी देते हुये उन्होंने बताया कि राशन का वितरण ई-पॉस मशीन द्वारा कराया जा रहा है जिससे घटतौली में कमी आई है। उन्होंने अंत्योदय कार्डधारको की संख्या, मार्जिन मनी, दुकान अवस्थापना, मॉडल शॉप आदि के संबंध में डीएम को विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस अवसर पर सीडीओ सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार मौजूद रहे।

# ट्रक ने कैंटर में मारी टक्कर दोनों वाहन क्षतिग्रस्त, हादसा टला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के सतीश होटल के सामने एक लकड़ी से भरे ट्रक ने स्क्रैप से भरे कैंटर में अनियंत्रित होकर पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। हादसे में नीम का पेड़ ही टूट गया और खंबे पर लगे सीसीटीवी फुटेज तथा बिजली के तार टूट गये। बताते चले कि नगर के समीप स्थित सतीश होटल के सामने एक लकड़ी से भरे ट्रक ने स्टेरिंग फेल हो जाने के कारण ट्रक को स्क्रैप से भरी कैंटर में जोरदार टक्कर मार दी जोरदार टक्कर लगने से सामने खड़ा नीम पेड़ टूटकर नीचे गिर गया। तथा होटल पर लगे सीसीटीवी फुटेज एवं बिजली के तार टूट कर नीचे गिर गए। लेकिन चालक बाल बाल बच गए कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ बाद में दूसरे ट्रक लगाकर ट्रक वाले ने लकड़ी भरवाई तथा कैंटर का स्क्रैप दूसरी गाड़ी में भरवारा। किसी भी पक्ष ने थाने पर कोई तहरीर नहीं दी थी।

# कार्डियोलॉजी ओपीडी सेवाएं हुई शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मैक्स मेड सेंटर, मेरठ में विशेष कार्डियोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। यह ओपीडी सेवाएं कार्डियोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. आनंद पांडे और कार्डियोलॉजी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. सजल गुप्ता की उपस्थिति में शुरू की गईं। दोनों विशेषज्ञ हर महीने के पहले और तीसरे शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मरीजों को परामर्श देंगे। लॉन्च के अवसर पर डॉ. आनंद पांडे ने कहा, इन ओपीडी सेवाओं के माध्यम से हमारा उद्देश्य हृदय रोगों की शीघ्र पहचान के महत्व को उजागर करना है, जो इलाज के परिणामों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रारंभिक लक्षणों को लोग अक्सर तब तक नजरअंदाज करते हैं जब तक वे गंभीर परेशानी में न बदल जाएं। कोरोनरी आर्टरी डिजीज सीएडी के प्रारंभिक संकेतों में सीने में दर्द आदि है।

# सपा नेता मुखिया गुर्जर समेत पांच पर कब्रिस्तान की जमीन कब्जाने का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के किठौर तिराहे पर कब्रिस्तान की जमीन के विवाद में मुस्लिम पक्ष ने एक व्यक्ति के नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है वहीं दूसरे पक्ष ने इसे एक तरफा कार्रवाई बताया है।

नगर के किठौर तिराहे पर एक कीमती जमीन को लेकर जमीन मालिक व कब्रिस्तान की जमीन पर विवाद बना हुआ है उक्त जमीन खसरा नंबर 1464 जिसका रकबा 1620 मीटर रामकुमार व नागेंद्र के नाम था जिसमें नागेंद्र ने अपना हिस्सा 810 मी. मुखिया गुर्जर को बेच दिया था जबकि खसरा नंबर 1468 में 510 मीटर में कब्रिस्तान दर्ज है। मुखिया गुर्जर अपनी जमीन को बेचना चाहता है। इसके लिए उसने राजस्व टीम से जमीन की पैमाइश की मांग की थी। मुस्लिम समाज ने भी एसडीएम से जमीन की पैमाइश की मांग की थी। वहीं पांच दिन पूर्व तहसील से टीम ने आकर जमीन की पैमाइश भी की थी।

मुखिया गुर्जर ने उक्त जमीन का मिट्टी से भराव करते हुए कब्जा करना चाह रहा था इसे लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध किया। अब इस मामले में मुस्लिम पक्ष के इरशाद ने मुखिया गुर्जर व पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

# बाबा साहब के नाम पर बनी धर्मशाला में प्रधान बना रहा है दुकान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गांव मवी थाना दौराला में बाबा साहेब के नाम पर बनी धर्मशाला में गांव के प्रधान किरण पाल अवैध रुप से दुकान बनवा रहा था। गांव वालों ने विरोध किया तो ग्राम प्रधान किरण पाल ने तानाशाही दिखाते हुए ग्रामीणों को धमकाया और कहा कि दुकान यही बनेगी। इस प्रकरण की जानकारी जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र सूद को लगी तो वह डीएम से मिले और प्रधान पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान महानगर अध्यक्ष गौतम भैय्या, जिला महासचिव शैलेन्द्र सिंह, जिला कोर कमेटी सदस्य अचल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत कर्मचारी नहीं मना पाएंगे ईद

## आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का नहीं मिला छह महीने से रुका हुआ वेतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** नगर पंचायत लावड़ में वर्षो से कार्यरत आउटसोर्सिंग दस कर्मचारियों पर शुक्रवार उस वक्त मायूसी छा गई। जब छह माह से रुका वेतन उन्हें नही मिला। वेतन मिलने की आस में आउटसोर्सिंग कर्मचारी अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार के पास कार्यालय पहुंचे और उन्होंने ईद होने का हवाला देते हुए अपने छह माह के वेतन के भुगतान करने की मांग रखी। तभी अधिशासी अधिकारी ने पिछले छह माह से रुके वेतन को देने से इंकार कर दिया। जिसे सुनकर सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारी मायूसी हो गए।

कर्मचारियों ने गुहार लगाते हुए कहा कि सहाब कल ईद का त्योहार है हमारे छोटे छोटे बच्चे है और हम कर्जदार भी हो चुके हैं हम ईद का त्यौहार भी नहीं मना पाएंगे। कर्मचारियों ने बताया कि इसके बाद भी ईओ ने साफ मना कर दिया। आपको बता दें कि कुछ माह पूर्व चेयरपर्सन ने कर्मचारियों का सत्यापन किया था और जो कर्मचारी सत्यापन पर नही आ सके उनका वेतन रोक दिया गया था। जिसके बाद ईओ व चेयर पर्सन में आपसी मतभेद के चलते कर्मचारियों का पुन: सत्यापन नही हो सका। जिस पर कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों व अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस उ.प्र. संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चावरिया से शियाकत की थी। जिस पर पुन: कर्मचारियों का सत्यापन किया गया ओर संगठन व अधिकारियों को लिखित आश्वासन ईओ व चेयर पर्सन लावड़ के द्वारा दिया गया। जिसमें कुछ सभासद भी मौजूद रहे। लेकिन अभी भी ईओ वेतन देने से इंकार कर रहे हैं जबकि चेयर पर्सन ने आउटसोर्सिंग एंजेसी व ईओ को वेतन देने के लिए आदेशित किया हुआ है और चेयर पर्सन द्वारा सभी कर्मचारियों को पूर्व में लगभग बीस बीस हजार रुपए उधार दे भी दिये थे। इस पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चावरिया ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को वेतन न दिया जाना बहुत ही दुखद है और यह दर्शाता है अधिशासी अधिकारी लावड़ निरंकुश व कर्मचारी विरोधी मानसिकता के अधिकारी हैं जो कर्मचारीयों का खुला शोषण कर रहे हैं। जिनकी बराबर शिकायत मिल रही है कि वह जातिगत भेद भाव रखते हुए सफाई कर्मचारियों को भी जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित करते हैं। शीध्र ही इनकी शिकायत उच्चाधिकारियों, आयोगों व सरकार से की जायेगी। इस अवसर पर नदीम, अरशद, बिलाल, रिजवान, राशिद, शोएब, मनोज, गोपाल, गोरव, अर्जुन आदि आउटसोर्सिंग कर्मचारी मौजूद रहे।

वहीं अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि बीते सप्ताह चेयर पर्सन द्वारा कर्मचारियों का सत्यापन किया गया है कर्मचारी डयूटी पर है इसलिए एक माह होते ही उनका वेतन दे दिया जाएगा। त्यौहार का हवाला देकर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। मैने आज तक कभी भी किसी को अपशब्द नहीं बोले हैं ये आरोप निराधार हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**मनोज कुमार**

# चोरों ने 60 हजार के तीन बकरों पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरी में एक व्यक्ति के ईद से एक दिन पूर्व तीन बकरे चोरी हो गए पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्राम खजूरी निवासी अब्दुल कलाम उर्फ भूरे ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि एक सप्ताह पूर्व ही 60हजार रुपए में तीन बकरे खरीद कर लाया था जिनकी ईद पर कुर्बानी होनी थी गुरुवार रात अज्ञात चोर बकरों को दीवार फांदकर चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह देखा तो बकरे गायब थे। पीड़ित ने कंट्रोल रूम को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरो को चेक किया जिसमें कुछ युवक बकरों को ले जा रहे थे पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने सतत् संसाधन प्रबंध अभियान थीम पर की पर्यावरण माह की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 'सतत् संसाधन प्रबंध अभियान' थीम पर आधारित पर्यावरण माह 2025 की शुरुआत की है। यह पहल टोयोटा पर्यावरण चुनौती 2050 के व्यापक लक्ष्यों और 'टोयोटा ग्लोबल विजन 2050' को साकार करने के लिए जागरूकता बढ़ाने की वैश्विक थीम के अनुरूप है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कार्यकारी उपाध्यक्ष और निदेशक (विनिर्माण) बी पद्मनाभ ने कहा, इस अभियान का उद्देश्य कंपनी और इसकी मूल्य श्रृंखला में स्थिरता की संस्कृति को मजबूत करना है। इस वर्ष के फोकस का एक प्रमुख तत्व 'जीरो-बेस थिंकिंग' को अपनाना है। यह एक ऐसी रणनीति है जिसमें सभी संसाधनों का जमीनी स्तर से पुनर्मूल्यांकन करना और केवल उन्हीं को बनाए रखना शामिल है जो वास्तविक मूल्य में योगदान करते हैं। इस तरह, दीर्घकालिक स्थायी दक्षता को बढ़ावा मिलता है जो रिफ्यूज, रीसाइकिल सर्कुलरइकनॉमी, रीयूज और रिडयूस (4आर) के माध्यम से पूरा होता है।



# बारूद के ढेर पर दुनिया

निसंदेह इस समय दुनिया बारूद के ढेर पर बैठी है। रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन वर्ष से अधिक हो गए हैं, तो वहीं इजरायल और हमास संघर्ष भी अब दूसरे वर्ष की ओर बढ़ रहा है। लाखों लोग इससे बुरी तरह प्रभावित हो चुके हैं। युद्ध को रोकने की तमाम कोशिशें नाकाम होती दिखाई दे रही हैं। सच्चाई यही है कि युद्ध को रोकने लिए कोई गंभीर प्रयास होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। बड़ी ताकतें युद्ध को रोकने के लिए कितनी गंभीर हैं, यह बुधवार को हुए सुरक्षा परिषद में इजरायल-हमास के बीच संघर्ष विराम को लेकर लाए गए प्रस्ताव को लेकर अमेरिका के वीटो से पता चल जाता है। इस प्रस्ताव का 14 सदस्यों ने समर्थन किया था। एक अमेरिकी ही था जिसने इस प्रस्ताव का न सिर्फ विरोध किया बल्कि अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल किया। इस प्रस्ताव को दस गैर स्थायी सदस्यों ने पेश किया था जिसमें पाक भी शामिल है और जो अमेरिका ने कारण बताया वह भी हास्यास्पद ही कहा जाएगा। संयुक्त राष्ट्र में कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत डोरोथी शिया ने इस पूरी प्रक्रिया पर कहा कि हम ऐसे किसी भी उपाय का समर्थन नहीं करेंगे जो हमास की निंदा करने में विफल हो। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव जमीनी हकीकत को दर्शाने वाले युद्ध विराम तक पहुंचने के कूटनीतिक प्रस्ताव को कमजोर करेगा और हमास को बढ़ावा देगा। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने ट्विटर अकाउंट पर अमेरिका और डोनाल्ड ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया और कहा कि दुनिया को दिखा दिया गया कि अमेरिका व इजरायल के बीच में कोई फर्क नहीं है और यह हमास के आतंकवादियों को नष्ट करने का एकमात्र तरीका है। जाहिर है जब बड़ी ताकतों का यह रवैया रहेगा, तो फिर युद्ध किस तरह रुकेंगे और जो लोगों के जानमाल की तबाही हो रही है उस पर कोई रोक नहीं लगेगी। इन दोनों युद्ध ने यह भी बता दिया है कि दुनिया की बड़ी ताकतों को किसी की तबाही व मरने-जीने से कोई फर्क नहीं पड़ता। वह हर हाल में युद्ध को हवा देना चाहते हैं, जिससे हथियारों का कारोबार फल-फूल सके। मतलब वह आपदा में पूरा अवसर देख रहे हैं और हथियार लॉबी मोटा मुनाफा कमा रही है। कोई भी समझ सकता है कि ऐसे में अगर भारत पाक के बीच छोटे स्तर पर सैन्य संघर्ष अगर बड़ा रूप ले लेता तो स्थिति कितनी भयावह हो सकती थी। इस संघर्ष में भारत ने जहां पाक को पूरी तरह सबक सिखाया, वहीं युद्ध को फैलने से भी रोका। जैसाकि कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा भी कि भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन वह आतंकवाद को भी नहीं सहेगा। भारत ने दोनों काम किए। पाक को उसकी औकात बताई और अपनी कूटनीति के जरिये युद्ध को व्यापक स्तर पर फैलने भी नहीं दिया, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह सबकुछ पाक पर निर्भर है। भारत ने साफ कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अस्थाई रूप से रोका गया, यदि पाक किसी तरह की हिमाकत करता है तो भारत फिर से कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है।

## मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है



एक तरफ गांधी की सोच है, तो दूसरी तरफ सावरकर और गोडसे की सोच, ये लड़ाई आज की नहीं, हजारों साल पुरानी है, संविधान में जो बातें लिखी गई हैं, वह बुद्ध के विचारों से निकली हैं,यही सोच है, जिसे आरएसएस खत्म करना चाहता है, इसलिए डरने की जरूरत नहीं है, हमें मिलकर संविधान और सच्चाई की रक्षा करनी है और बिहारियों के बिना संविधान को बचाया नहीं जा सकता, मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है, मैं आरएसएस से लड़ता हूं और यह बात गहराई से कह रहा हूं कि जैसे ही थोड़ा दबाव पड़ता है, ये लोग तुरंत चिट्ठी लिखने लगते हैं ट्रम्प ने 11 बार कहा कि उन्होंने मोदी जी से सरेंडर करवा लिया, मोदी जी इसका खंडन भी नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि वो सच्चाई है।

**-राहुल गांधी**
**नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती






योगेश कुमार गोयल

खाद्य सुरक्षा को एक मानवाधिकार माना गया है, जिसके तहत सभी को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का उपभोग करने का अधिकार है। इसी के साथ खाद्य जनित बीमारियों के बोझ को कम करके खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना भी अनिवार्य माना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दूषित खानपान के कारण 200 से अधिक बीमारियां होती हैं और दुनियाभर में प्रतिवर्ष 10 में से 1 व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार पड़ता है।प्रतिवर्ष वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी अथवा रासायनिक पदार्थों से दूषित भोजन खाने से करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं और लाखों लोग विभिन्न खाद्य जनित बीमारियों के शिकार होकर मर जाते हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन के कारण गरीबी से ग्रस्त तबके में बीमारियां होने का खतरा ज्यादा होता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की स्थापना की गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह दिन सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सुरक्षित भोजन तक पहुंच की कमी, गरीबी और संघर्ष शामिल हैं। इस दिवस की स्थापना का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर करना था। यह वैश्विक दिवस यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि मनुष्यों द्वारा खाया जाने वाला भोजन सुरक्षित है। लोगों के लिए यह जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है कि कौनसे खाद्य पदार्थ सुरक्षित हैं और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं क्योंकि हमारा भोजन ही सुरक्षित नहीं होगा तो हमारा स्वास्थ्य कैसे अच्छा रहेगा? संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसम्बर 2018 को 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित करने और सुरक्षित भोजन के बहुत सारे लाभों पर प्रकाश डालने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की दो एजेंसियों खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 7 जून को खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा। 7 जून 2019 पहला खाद्य सुरक्षा दिवस खाद्य सुरक्षा, सभी का व्यवसाय विषय के साथ मनाया गया था। 3 अगस्त 2020 को विश्व स्वास्थ्य सभा ने खाद्य सुरक्षा मुद्दों और दुनिया में आवश्यक कार्रवाइयों के बारे में एक प्रस्ताव पारित किया और हर साल 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित कर दिया गया। प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ मनाए जाने वाले इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य वैश्विक, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर खाद्य जनित बीमारियों को रोकना तथा खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना है। 2021 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस स्वस्थ कल के लिए आज सुरक्षित भोजन विषय के साथ, 2022 में सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य, 2023 में खाद्य मानक जीवन बचाते हैं और 2024 में खाद्य सुरक्षा-अप्रत्याशित के लिए तैयार रहें विषय के साथ मनाया गया था। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 का विषय है खाद्य सुरक्षारू क्रियाशील विज्ञान। यह विषय सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने में वैज्ञानिक ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वैज्ञानिक साक्ष्य खाद्य सुरक्षा में प्रगति को आगे बढ़ाते हैं, विशेषज्ञ सलाह से लेकर निगरानी और वैश्विक सहयोग तक। यह विषय वैज्ञानिक ज्ञान को व्यवहार में लाने के महत्व को भी रेखांकित करते हुए इस बात पर जोर देता है कि भोजन तभी सुरक्षित हो सकता है, जब मार्गदर्शन और सलाह को अमल में लाया जाए। असुरक्षित भोजन कई निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के विकास को भी बाधित करता है, जिससे श्रमिकों की विकलांगता, बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता में करीब 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर की हानि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक खाद्य सुरक्षा को जलवायु संकट भी प्रभावित करता है और बढ़ता तापमान सुरक्षित खाद्य उत्पादन के लिए बड़ा खतरा बन रहा है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि खाद्य सुरक्षा घटनाओं का प्रबंधन करने के लिए तैयार रहने के लिए नीति निर्माताओं, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, किसानों और खाद्य व्यवसाय संचालकों के समर्पित प्रयासों की आवश्यकता है और उपभोक्ता भी इसमें सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। खाद्य सुरक्षा का अर्थ है खाद्य पदार्थों में सुरक्षित, स्वीकार्य स्तर के खतरों का अभाव, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि खाद्य सुरक्षा हमारे समग्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए सबसे महत्वपूर्ण है तथा सुरक्षित भोजन का सेवन अच्छे स्वास्थ्य की सबसे महत्वपूर्ण गारंटी है। हमारे शरीर को सेहतमंद बनाए रखने में खानपान का रोल सबसे अहम होता है लेकिन लोगों की खानपान की बदलती आदतों और जरूरतों को देखते हुए अब बहुत सारी चीजों को बनाने और उगाने का तरीका भी बदल चुका है, जिनमें अब तरह-तरह के रसायन भी मिलाए जा रहे हैं। ऐसे में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने का उद्देश्य प्रत्एक व्यक्ति को पौष्टिक और संतुलित भोजन प्रदान करना है, साथ ही खानपान से होने वाले खतरों को रोकना, मिलावटी चीजों का पता लगाना और इनके बारे में लोगों को जागरूक कर उन्हें सेहत के प्रति जागरूक बनाना है। असुरक्षित खाद्य पदार्थ विभिन्न बीमारियों का कारण बनते हैं और अन्य खराब स्वास्थ्य स्थितियों में योगदान करते हैं, जिसमें बिगड़ा हुआ विकास, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी, संक्रामक अथवा गैर-संक्रामक रोग और मानसिक बीमारियां शामिल हैं। वैसे खाद्य जनित खतरे रासायनिक अथवा भौतिक प्रकृति के हो सकते हैं और प्रायः साधारण आंखों से दिखाई नहीं देते। दरअसल हमारे भोजन को उगाने, संसाधित करने, संग्रहीत करने, वितरित करने और तैयार करने के लिए कई लोग मिलकर काम करते हैं और इस प्रक्रिया में कई ऐसे चरण होते हैं, जहां हमारा भोजन असुरक्षित हो सकता है। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की शुरुआत का उद्देश्य यही रहा कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारा भोजन खाने के लिए सुरक्षित है। इसीलिए जब खेत में भोजन उगाया जाता है, तब से लेकर जब तक यह हमारी थाली तक पहुंचता है, हमें पूरी तरह सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि दूषित भोजन के सेवन से खाद्य जनित बीमारियां होने की संभावना बहुत बढ़ जाती हैं, लेकिन चूंकि भोजन को हम तक पहुंचाने में कई लोग शामिल होते हैं, इसलिए इसे सुरक्षित रखना हमेशा इतना आसान नहीं होता। इसीलिए डब्ल्यूएचओ, एफएओ और खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) जैसे संगठन हमारे भोजन को सुरक्षित रखने के लिए कुछ नियम बनाते हैं। बहरहाल, विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस न केवल अच्छे और स्वच्छ भोजन की आदतों की वकालत करता है बल्कि उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा के बारे में शिक्षित करने और उन्हें खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए सावधानी बरतने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर प्रदान करता है। यह दिवस हमें भोजन को हम तक पहुंचाने में इस्तेमाल किए जाने वाले सुरक्षा उपायों पर अतिरिक्त ध्यान देने के लिए प्रेरित करता है, जिसका अर्थ है सभी के लिए बेहतर और स्वस्थ भोजन। दुनियाभर में जितने ज्यादा से ज्यादा लोग खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरूक होंगे, तभी हम अपने भोजन को सुरक्षित रखने के लिए बेहतर कदम उठा सकेंगे और खराब खाने से पनपने वाले खतरे को पहचान और समझ सकेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मिसाइल डिफेंस रडार से बंद होंगी पाक की गीदड़ भभकियां

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों और तकनीक की ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन में भारत ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक विफल करने के लिए अपने स्वयं के मिसाइल सिस्टम, रडार और एंटी-ड्रोन हथियारों का इस्तेमाल किया। याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अब पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियों या ब्लैकमेल को महत्व नहीं देगा।**



अक्षत श्रोत्री

भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देने वाले एक बड़े विकास में, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन DRDO ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है जो दुश्मन की परमाणु मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, भारत ने स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस BMD प्रणाली विकसित की है। ऐसे में ना सिर्फ पाकिस्तान की बलैकमेलिंग बंद होगी बल्कि भारत दुनिया में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होगा। यह नई तकनीक मिसाइलों को जमीन पर पहुंचने से पहले ही बेअसर कर देगी, चाहे वे बाहर हों या वायुमंडल के भीतर। अगर किसी परमाणु मिसाइल को समय रहते रोक दिया जाए, तो इससे विकिरण या परमाणु विस्फोट का खतरा खत्म हो जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों और तकनीक की ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन में भारत ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक विफल करने के लिए अपने स्वयं के मिसाइल सिस्टम, रडार और एंटी-ड्रोन हथियारों का इस्तेमाल किया। याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अब पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियों या ब्लैकमेल को महत्व नहीं देगा। बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम एक बहुस्तरीय रक्षा तंत्र है जिसमें दो मुख्य घटक होते हैं। पहला स्तर पृथ्वी एयर डिफेंस PAD है। यह मिसाइल 50-80 किलोमीटर की ऊंचाई पर दुश्मन की मिसाइलों को नष्ट कर सकती है। दूसरा उन्नत वायु रक्षा AAD है। यह मिसाइल 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर दुश्मन की मिसाइलों को रोककर नष्ट कर सकती है। उन्नत रक्षा क्षमता: बीएमडी प्रणाली भारत की रक्षा स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करती है। निवारण- यह दुश्मन को हमला करने से पहले दो बार सोचने पर मजबूर करता है। राष्ट्रीय सुरक्षा- बीएमडी प्रणाली देश की सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता को बढ़ाती है। लक्ष्य का पता लगाना- रडार और अन्य सेंसर दुश्मन की आने वाली मिसाइलों का पता लगाते हैं। लक्ष्य ट्रैकिंग और जानकारी- मिशन कंट्रोल सेंटर लक्ष्य की जानकारी प्राप्त करता है और इंटरसेप्टर मिसाइल लॉन्च करने के लिए तैयार होता है। इंटरसेप्टर मिसाइल लॉन्च-इंटरसेप्टर मिसाइल को लक्ष्य की ओर लॉन्च किया जाता है। लक्ष्य विनाश- इंटरसेप्टर मिसाइल आने वाले खतरे को बेअसर कर देती है। देश की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस BMD प्रणाली के तहत स्वदेशी रूप से विकसित इंटरसेप्टर मिसाइल AD-1, 3,000 से 5,000 किलोमीटर की रेंज वाली दुश्मन की मिसाइलों को उनके टर्मिनल चरण (अंतिम चरण) में भी नष्ट करने में सक्षम है। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि यदि कोई बैलिस्टिक मिसाइल भारत की ओर बढ़ रही है, तो AD-1 उसे वायुमंडल में ही बेअसर कर सकता है -इससे पहले कि वह जमीन को छू सके।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नए चेहरे



ललित गर्ग

सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बंटोरने के लिए जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाए, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नए संकेत दे रही है, क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नए किरदार में नजर आए हैं। थरूर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई। विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं, लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं, क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था-मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा-जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं। 4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं यह सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और 'जी हुजूर' करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी। आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो दुष्प्रचार ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो कीचड़ स्नान कर रहा है। जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं। बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गए अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी- जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि हहमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैं। उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं। डीएमके सांसद का ए अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि कृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



# परमाणु हमला अब नामुमकिन, भारत की मिसाइल ढाल तैयार

**नई दिल्ली।** भारत की रक्षा ताकत अब और भी मजबूत हो गई है। डीआरडीओने अब ऐसी तकनीक बनाई है, जिससे दुश्मन की न्यूक्लियर मिसाइलों को हवा में ही नष्ट किया जा सकता है।

डिफेंस सूत्रों के मुताबिक भारत ने स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) प्रणाली तैयार की है। यह तकनीक मिसाइलों को धरती तक पहुंचने से पहले ही खत्म कर सकती है चाहे वो वायुमंडल के बाहर हों या अंदर। अगर न्यूक्लियर मिसाइल को पहले ही मार गिराया

**दुश्मन के मंसूबों को नाकाम करेगा बीएमडी सिस्टम, स्वदेशी तकनीक का कमाल**

जाए तो उससे रेडिएशन या परमाणु धमाके का खतरा नहीं रहता। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने अपने बनाए हथियारों और तकनीक की ताकत दिखाई। इस ऑपरेशन में भारत ने अपने ही बनाए मिसाइल सिस्टम, रडार, और ड्रोन-विरोधी हथियारों का इस्तेमाल किया और दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन अटैक को विफल कर दिया।

भारत कई मौकों पर कह चुका है कि वह अब पाकिस्तान के परमाणु हमले की धमकी के ब्लैकमेल को तवज्जो नहीं देगा क्योंकि डीआरडीओने इस तरह के हमलों से निपटने की व्यवस्था कर दी है।




अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com













